आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* ईदुल फितर
* मत्स्यावतार ”


# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 64 | उज्जैन, शनिवार 21 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## चेटीचंड पर चल समारोह को सीएम ने दिखाई झंडी

### कठिन समय में एक-दूसरे का सहारा बनना ही समाज की वास्तविक ताकत





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में शुक्रवार को भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव (चेटीचंड) के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टावर चौक से भगवा झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया और समाज को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान झूलेलाल जैसे गुरुजन समाज के लिए सदैव मार्गदर्शक रहे हैं और उनका आशीर्वाद सभी पर बना रहना चाहिए। उन्होंने नववर्ष के अवसर पर सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

### सामूहिक प्रयासों से ही प्रगति संभव

सीएम ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि खुशियों में मिलकर जश्न मनाना और कठिन समय में एक-दूसरे का सहारा बनना ही समाज की वास्तविक ताकत है। उन्होंने कहा कि समाज और देश के विकास में हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है और सामूहिक प्रयासों से ही प्रगति संभव है। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री जयाप्रदा, अभिनेता आफताब शिवदासानी और टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अभिनेता कुश शाह (गोली) भी मौजूद रहे। इसके अलावा सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## देश विदेश

### युद्ध स्वार्थी हितों का परिणाम भारत ही कराएगा खत्म : भागवत

**नागपुर।** ईरान-अमेरिका जंग पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया को शांति का संदेश दिया है। नागपुर में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि युद्ध केवल स्वार्थी हितों का परिणाम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर मोहन भागवत ने नसीहत दी कि दुनिया को संघर्ष की नहीं, बल्कि सद्भाव की जरूरत है। उन्होंने भी इस बात पर जोर दिया कि युद्ध केवल भारत ही खत्म करा सकता है। महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है और स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती है। कई देश कह रहे हैं कि केलल भारत ही चल रहे युद्ध को खत्म करा सकता है।

### राष्ट्रपति मुर्मू संत प्रेमानंद से मिलीं, हाथ जोड़कर प्रणाम किया

**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंदजी के वृंदावन आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हाथ जोड़कर संत को प्रणाम किया। संत प्रेमानंद ने राधे-राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला-चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी को जन्मदिन की भी बधाई दी। गुरुवार यानी 19 मार्च को उनका 56वां जन्मदिन था। दरअसल, राष्ट्रपति मुर्मू, यूपी के 3 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए थे। फिर शाम को मथुरा पहुंचीं। प्रेमानंदजी से मुलाकात के बाद बाबा नीम करौरी महाराज के आश्रम पहुंचेंगी।

### फिल्म धुरंधर 2 ने शाहरुख की फिल्म जवान का भी रिकॉर्ड तोड़ा



**पहले दिन 97 करोड़ कमाए**

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधरः द रिवेंज यानी धुरंधर 2 ने जवान का रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। ट्रेड एनालिस्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 97 करोड़ रुपए से अधिक का बिजनेस किया। इससे पहले 2023 में आई जवान ने पहले दिन 75 करोड़ रुपए कमाए थे। धुरंधर 2 ने पेड प्रीव्यू में 47 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। पेड प्रीव्यू और ओपनिंग डे को मिलाकर फिल्म की कुल कमाई 144 करोड़ रुपए पहुंच गई। ट्रेड पोर्टल सैकनिल्क के अनुसार, पहले वीकेंड के लिए 200 करोड़ रुपए की एडवांस बुकिंग दर्ज की गई है। आम तौर पर 40-50% सीटें एडवांस बुक होती हैं। ऐसे में अनुमान है कि गुरुवार से रविवार तक फिल्म का बिजनेस 500 करोड़ रुपए के पार जा सकता है। धुरंधरः द रिवेंज की अवधि 3 घंटे 49 मिनट है, जो इसे 21वीं सदी की दूसरी सबसे लंबी बॉलीवुड फिल्म बनाती है। इससे पहले 2003 में आई जेपी दत्ता की एलओसी कारगिल 4 घंटे 15 मिनट के साथ सबसे लंबी फिल्म है। फिल्म का इंटरनेशनल वर्जन 3 घंटे 55 मिनट का है। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन हैं। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म को जियो स्टूडियोज ने प्रेजेंट किया है और यह बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। गौरतलब है कि फिल्म धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था।

### सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

**नई दिल्ली।** सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

### जोमैटो से खाना मंगवाना महंगा हुआ, प्लेटफॉर्म फीस 19% बढ़ाई

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से खाना ऑर्डर करना अब महंगा हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार से ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म फीस में 19% बढ़ोतरी की है। यूजर्स को हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय अब 14.90 यानी 2.40 ज्यादा प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। जीएसटी जोड़ने के बाद यह राशि और बढ़ जाएगी। प्लेटफॉर्म फीस हर एक फूड ऑर्डर पर लागू होने वाला ऐडिशनल चार्ज हैं। ये जीएसटी, रेस्तरां चार्ज और डिलीवरी फीस से अलग है। बता दें कि जोमैटो प्लेटफॉर्म रोजाना 20 से 25 लाख ऑर्डर डिलीवर करता है। जोमैटो की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंपनी स्विगी अभी टैक्स समेत लगभग 14.99 प्लेटफॉर्म फीस वसूल रही है। आमतौर पर देखा गया है कि जब भी इन दोनों में से कोई एक कंपनी फीस बढ़ाती है, तो दूसरी कंपनी भी जल्द ही अपने दाम बढ़ा देती है।

मध्य प्रदेश घोटाला प्रदेश बनता जा रहा

## व्यापमं से लेकर महाकाल लोक तक घोटाला करने वाली भाजपा ने अब किया निवेश घोटाला

### निवेश घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराएं : कमल नाथ




दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भाजपा के राज में मध्य प्रदेश घोटाला प्रदेश बनता जा रहा है। व्यापम से लेकर महाकाल लोक तक घोटाला करने वाली भाजपा ने अब निवेश घोटाला कर दिखाया है।

विधानसभा में भाजपा सरकार ने लाखों करोड़ रुपये के आंकड़े पेश किए और दावा किया कि प्रदेश में 4.91 लाख करोड़ का निवेश हुआ है और बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां चल रही है। इस निवेश से हजारों लोगों को रोजगार मिला है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट बताती है कि जिन फैक्ट्रियों के आधार पर सरकार ने विधानसभा में निवेश के आंकड़े पेश किए हैं, वे फैक्ट्रियां हकीकत में संचालित ही नहीं है। जाहिर है कि प्रदेश सरकार निवेश और रोजगार दोनों के संबंध में भ्रामक आंकड़े विधानसभा में पेश कर रही है। इस घोटाले से पूरी दुनिया में मध्य प्रदेश की औद्योगिक निवेश की छवि खराब हो रही है और प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। मेरी सरकार से माँग कि जनता को भ्रमित करना बंद करें और निवेश घोटाले की उच्च स्तरीय जाँच कराएँ।

## सतना और मैहर न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से मचा हड़कम्प

### मेल में दावा किया गया कि, कोर्ट परिसर और जजों के दफ्तरों में 15 जहरीली गैस के बम लगाए गए हैं, जो दोपहर 1 बजे विस्फोट करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सतना

एमपी के सतना जिले के अंतर्गत आने वाले सतना और मैहर जिला न्यायालय में शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ये न्यायालय की आधिकारिक मेल आईडी पर एक धमकी भरा मेल रिसीव हुआ। ये मेल कोई ऐसी-वैसी धमकी से जुड़ा नहीं था, बल्कि इस मेल के जरिए जिला कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

जैसे ही ये ई- मेल जिला न्यायालय के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज धमकी भरा मेल मिलने से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। मेल में दावा किया गया कि, कोर्ट परिसर और जजों के दफ्तरों में 15 जहरीली गैस के बम लगाए गए हैं, जो दोपहर 1 बजे विस्फोट करेंगे। हालांकि, खबर लिखे जाने तक दी गई धमकी के अनुरूप किसी तरह की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में इसे महज एक




अफवाह माना जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तत्काल कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सूचना देकर बम निरोधक दस्ता तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही, सतना के अलावा मैहर, अमरपाटन समेत अन्य तहसील न्यायालयों की भी सघन जांच कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। वहीं, पुलिस और प्रशासन के आला अफसर कोर्ट परिसर पहुंच गए और संबंधित जांच दलों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सख्त

फिलहाल, किसी भी विस्फोटक सामग्री की अबतक पुष्टि नहीं हो सकी है। लेकिन एहतियात के तौर पर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और कोर्ट के आधिकारिक ई-मेल पर धमकी भरा मेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सर्चिंग अभियान

सतना न्यायालय परिसर में डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक टीम द्वारा बारीकी से तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। कोर्ट परिसर मे हर संदिग्ध वस्तु की जांच की जा रही है और पूरे परिसर को खाली कराकर सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है।

## प्रीमियम पेट्रोल 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकारी तेल कंपनियों ने 20 मार्च को स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 रुपए पहुंच गई है। सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। भारत पेट्रोलियम यानी बीपीसीएल प्रीमियम पेट्रोल को स्पीड नाम से बेचता है। वहीं हिंदुस्तान पेट्रोलियम यानी एचपीसीएल इसे पावर और इंडियन ऑइल यानी आईओसीएल एक्सपी95 के नाम से इसे बेचता है। ये सामान्य पेट्रोल के मुकाबले करीब 10-12 रुपए महंगा होता है।

## हिमाचल में भारी बारिश से जगह-जगह भूस्खलन

एजेंसी ▸▸ शिमला

हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और मध्यम व निचले इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ और साउथ पोर्टल पर ढाई फीट से ज्यादा फ्रेश स्नोफॉल हो चुका है। लाहौल स्पीति जिला का इससे शेष दुनिया से संपर्क कट गया है। रोहतांग दर्रा और शिंकुला दर्रा में तीन फीट, किन्नौर के कल्पा, आसरंग, रोपा वैली, सांगला, छितकुल में 3 से 5 इंच ताजा बर्फ गिर गई है। कुल्लू-मनाली में भारी बारिश के बाद जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। मनाली को जोड़ने वाले हाइवे को डोहलूनाला के पास फिर से खतरा हो गया है।

## मेरे अलावा कोई भी राज्यसभा जाएगा : पटवारी

### दिग्विजय को लेकर कहा- वो भी हो सकते हैं पर निर्णय पार्टी लेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने खुद को राज्यसभा की रेस से अलग कर लिया है। भोपाल में मालवा क्षेत्र के कथावाचक मोहित नागर को कांग्रेस की सदस्यता दिलाने के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान जीतू पटवारी ने राज्यसभा उम्मीदवार को लेकर कहा- कांग्रेस के अध्यक्ष का पद जिम्मेदारी का पद होता है।



काम के लिए 24 घंटे भी कम पड़ते हैं। इस तरह की जिम्मेदारी का ये पद है। तो मेरे अलावा कोई भी साथी होगा वो सौ प्रतिशत राज्यसभा जाएगा। मीडिया और बीजेपी चिंतित होते हैं दोनों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जीतू पटवारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या दिग्विजय सिंह राज्यसभा के उम्मीदवार हो सकते हैं तो उन्होंने कहा-बिल्कुल हो सकते हैं ये पार्टी निर्णय करेगी। बता दें कि एमपी में जून में खाली हो रही राज्यसभा की सीट को लेकर चिंतन और मंथन का दौर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधानसभा सदस्यता बरकरार रखी लेकिन राज्यसभा चुनाव में मतदान का अधिकार नहीं दिया।

## सरकार लगातार कर्ज ले रही, लेकिन सही ढंग से खर्च नहीं कर पा रही : उमंग सिंघार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश को सर्कस बना दिया है भाजपा ने, भाजपा के ट्राय एंड एरर का केंद्र बन गया है मध्यप्रदेश, मुख्यमंत्री और मंत्री रोज नए प्रयोग कर रहे हैं, और इसकी कीमत प्रदेश की जनता चुका रही है। हकीकत यह है कि सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है, लेकिन न तो बजट सही ढंग से खर्च कर पा रही है और न ही जमीन पर काम दिख रहा है। वित्तीय वर्ष खत्म होने में सिर्फ 15 दिन बाकी हैं और अब तक केवल 66.89% बजट ही खर्च हुआ है, जबकि 1.10 लाख करोड़ अब भी शेष है। हैरानी की बात यह है कि मार्च महीने में ही सरकार तीसरी बार 4100 करोड़ का नया कर्ज ले रही है। यानी सिर्फ मार्च में ही करीब 16,200 करोड़ का कर्ज उठा लिया गया—जबकि पहले से उपलब्ध बजट तक खर्च नहीं हो पा रहा!



**आंकड़ों में खेल देखिए-** कहीं विभाग 198% तक खर्च दिखा रहे हैं तो कई अहम विभाग 60–70% पर ही अटके हैं। यानी न योजना स्पष्ट, न प्राथमिकता तय—सिर्फ अव्यवस्था। **जमीनी सच्चाई इससे भी ज्यादा गंभीर है-** किसान आज भी फसल के दाम, खाद और मुआवजे के लिए भटक रहा है, स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, और आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

केला देवा मंदिर के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो पेड़ से टकराई

## पेड़ से टकराई बोलेरो, पिता-बेटे समेत 5 की मौत

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के आगरा में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। केला देवा मंदिर के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक ही परिवार के पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसा चित्राहाट थाना क्षेत्र में हुआ, जहां टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### सीएम ने जताया दुख

घटना की सूचना मिलते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लिया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से होने वाले खतरों की दर्दनाक याद दिला गया।

ईरान बोला- अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट को नुकसान पहुंचाया, हमले का वीडियो जारी किया

## नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- अभी मैं जिंदा हूं

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

जंग के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया। आईआरजीसी ने इस हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जेट को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है।

वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्वीकार किया कि एक एफ-35 जेट को ईरान के ऊपर मिशन के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को मिडिल-ईस्ट के किसी देश में उतारा गया है।



सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स के मुताबिक, विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है और पायलट सुरक्षित है। घटना की जांच जारी है। हालांकि अमेरिका ने सीधे तौर पर ईरानी हमले की पुष्टि नहीं की है।

### हमने 20 दिनों के युद्ध में सफलता हासिल की

रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार हो सकता है जब इस जंग के दौरान ईरान ने किसी अमेरिकी सैन्य विमान को निशाना बनाया हो। एफ-35 दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिना जाता है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से अधिक होती है। उधर, इजराइली पीएम नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि अभी मैं जिंदा हूं और ये जंग हम जीत रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमने 20 दिनों के युद्ध में सफलता हासिल की है।

## लंदन में 2 भारतीयों ने सड़क पर पान थूका, डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगा

एजेंसी ▸▸ बेंट सिटी

लंदन के ब्रेंट इलाके में सार्वजनिक जगह पर पान थूकने के मामले में भारतीय मूल के दो लोगों पर 1,391 पाउंड (करीब 1.45 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों लोगों को पहले मौके पर ही 100 पाउंड का जुर्माना भरने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं भरा। इसके बाद मामला कोर्ट पहुंच गया और जुर्माना कई गुना बढ़ गया। ब्रेंट सिटी काउंसिल ने पान थूकने के खिलाफ सख्त अभियान शुरू



किया हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि इससे सार्वजनिक जगहें गंदी होती हैं और सफाई पर काफी खर्च बढ़ जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, काउंसिल को हर साल करीब 30 हजार पाउंड (लगभग 30 लाख रुपये) सिर्फ पान के दाग साफ करने में खर्च करने पड़ते हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जाम से जीवन हराम...

महाआयोजन की तैयारी के तहत शहर में चौतरफा निर्माण कार्य अंजाम ले रहे हैं। तय है इनकी पूर्णता से पूर्व तक आवागमन प्रभावित होगा।आम जनजीवन पर इसका असर भी आयेगा और आवागमन में इससे समस्याएं भी बनेगी। यही सब अभी शहर में चल रहा है। आवागमन से जीवन हराम हो रहा है। आवागमन का संताप आमजन को सता रहा है। सबसे ज्यादा तो यह जाम के हाल के कारण हो रहा है। निमार्णों के चलते पहले से ही आवागमन में मार्ग सकरे हो गए हैं। एकांगी मार्ग को दोनों और से चलाया जाना मजबूरी है । इस पर भी व्यवसायिक वाहन चालक बनाम ई रिक्शा एवं मैजिक वालों का सवारी के लिए जाम लगाना कदापि न तो शहर हित में कहा जाएगा और न ही मानवीयता के पक्ष का। इसके साथ ही शहर में आए दिन जुलूस,जलसा प्रदर्शन भी कायम हैं। इनसे मार्गो पर बराबर जाम के हाल बन रहे हैं और आमजन जाम के संताप से त्रस्त होकर डीजल का धुंआ सडकों पर खडा होकर खाने को मजबूर है। महाआयोजन के निमार्णों को देखते हुए शहर में जुलूस,जलसा एवं प्रदर्शनों के लिए एक निश्चित मार्ग तय होना चाहिए। जिन मार्गो पर निमार्णों के कारण समस्या की स्थिति है उनके लिए तत्काल सूचना जारी कर वहां इस तरह के मामलों को लेकर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। निमार्णाधीन क्षेत्रों में मात्र सामान्य आवागमन के लिए और हल्के वाहनों को ही अनुमति होना चाहिए। भारी वाहनों के लिए ऐसे मार्गो को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। हाल यह हो रहे हैं कि निमार्णाधीन मार्गो पर जाम ऐसे लग रहे हैं जैसे शहर के मार्गो पर मेला लग रहा है और उससे उत्पन्न झमेला चल रहा है। जिम्मेदार इस हाल में आनंद और मौजमस्ती कर रहे हैं आमजन इससे उत्पन्न समस्या से त्रस्त है। उदाहरण के तौर पर फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज को ही ले लें। फ्रींगंज वाले ब्रिज के मुहाने के तिराहे पर हाल देखे जाएं। उसके उपरांत घंटाघर तिराहे पर हाल देखे जाएं। न तो यहां हमारी सफेद वर्दी है और न हीं एंबूलेंस की कोई सहायता। उपर से रोज इस मार्ग पर जुलूस,जलसा, प्रदर्शन और व्यवसायिक भारी वाहनों का आवागमन।खुसूर-फुसूर है कि शहर में आडिटोरियम एवं अन्य आयोजन स्थल अब कम पडने लगे हैं। आधे से ज्यादा आयोजन घंटाघर पर ही हो रहे हैं। आवागमन प्रभावित और संताप भरा होना तय है। इस पर आवागमन व्यवस्थित करने के लिए भी किसी को कोई चिंता नहीं । आमजन अपने आप थपेडे खाते-खाते निकल ही जाएगा।




### ट्रैंडिंग

एक ही महीने में होली, ईद, एग्जाम, वर्ल्ड वॉर, गैस की शॉर्टेज, पेट्रोल की शॉर्टेज, ठंडी, गर्मी, बारिश, एस्पिरेंट, धुरंधर, यूपीएससी रिजल्ट, सब आ गया...

अभी भी मार्च खत्म नहीं हुआ है...

## एक्ट्रेस जयाप्रदा ने किए बाबा महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री जयाप्रदा शुक्रवार को ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन के लिए महाकाल मंदिर पहुंचीं। जयाप्रदा इससे पहले भी कई बार भगवान महाकाल के दर्शन का लाभ लेने के लिए उज्जैन आ चुकी हैं। चेटीचंड के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा उज्जैन पहुंची थीं। कार्यक्रम के बाद वे महाकाल मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने पहले नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कर नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया।

### आरओ पानी के दाम बराबर बढाए जा रहे, शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों में 50 रू. टैंक

# फायदे के लिए ताक पर रखे कायदे ,मनमर्जी की वसूली

## सेल्फ में 25-30 की वसूली एवं घर पहुंच सेवा में 35-45 तक वसूल रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर में पेयजल की मांग बढने लगी है। इसे देखते हुए आरओ पानी वितरकों के दामों में भी अचानक बढ़ोतरी हो गई है। इस दाम वृद्धि से आम जन हलाकान है। आर ओ पानी के दाम बराबर बढाए जा रहे,शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों में घर पहुंच सेवा में 50 रू.टैंक तक वसूली हो रही है। वहीं सेल्फ में 25-30 की वसूली एवं सामान्य शहरी क्षेत्र की कालोनी में घर पहुंच सेवा में 35-45 तक वसूल रहे हैं।

गर्मी बढने के साथ ही ठंडे पानी की मांग बराबर बढना शुरू हो जाती है। इसके लिए आरओ पानी की मांग के साथ दाम भी बराबर बढ रहे हैं। पिछले एक साल में ही दामों में दुसरी बार बढोतरी की स्थिति सामने आ रही है। इसके तहत एक साल में 20 लीटर पानी की केन पर सेल्फ में 10 एवं घर पहुंच सेवा में करीब 20 रूपए की बढोतरी होना सामने आ रहा है। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आशीष बैरागी बताते हैं कि घर पहुंच सेवा में 25-35 रूपए तक तो ठीक है उससे ज्यादा की वसूली नाजायज और बेईमानी ही कही जाएगी। सेल्फ में अधिकतम 20-25 रूपए काफी हैं।



### अधिकांश घरों में आरओ पानी की बढ़ रही मांग

शहरी क्षेत्र में हाल यह हैं कि गर्मी बढने के साथ ही हर दुसरे घर में आर ओ पानी की मांग बन रही है।

कुछ ही समय पहले तक 20 लीटर की पानी की कैन 20 रुपए में आसानी से मिल रही थी। ठंडे एवं शुद्धता के मान को देखते हुए इसकी मांग बराबर बन रही है। नलों से आने वाले पानी को लेकर आमजन वैसे ही शंकित होने के कारण भी यह मांग बराबर बनी हुई है। हालत यह है कि कालोनी क्षेत्रों में तो हर दुसरे घर में आर ओ पानी के केन लेकर वाहन पहुंचते देखे जा सकते हैं।

### मांग के साथ दाम में बढोतरी

मांग को देखते हुए बराबर इसके दाम में बढोतरी हो रही है। सबसे खास तो यह है कि फायदे के लिए कायदे ताक पर रख दिए गए हैं ,मनमर्जी की वसूली की जा रही है,जबकि प्लांटों का संचालन में भी नियमों का पालन सही से नहीं हो रहा है। शहरी क्षेत्र में संचालित प्लांट में पीएचई का ही पानी स्टोरेज कर ठंडा कर वितरित किया जा रहा है और पीएचई को नाम मात्र का पैसा मिल रहा है। इसके अलावा प्लांट वाले बमुश्किल सालों में पीएचई से पानी की जांच ही करवा रहे हैं।एक साल पहले तक 15-20 रूपए में मिलने वाली 20 लीटर पानी की केन अब 25-35 रुपए तक पहुंच गई है। घर तक डिलीवरी लेने पर लोगों से 35 से 45 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। शहरी सीमा के क्षेत्रों में वितरण पर यह स्थिति 50 रूपए तक जा रही है। गर्मी आते ही लोगों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए पानी के प्लांट संचालको ने केन 'टंकी' के भाव बढ़ा दिए है। जबकि, लागत में कोई इजाफा नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि गर्मी शुरू होते ही आरो प्लांट संचालक रेट बढ़ा देते हैं। सर्दियों में कम कीमत पर मिलने वाला पानी अचानक महंगा हो जाता है। कहीं न कहीं पानी के नाम पर चल रही

### मुनाफाखोरी को भी नियंत्रित करने की जरुरत है

#### लागत कम, वसूली ज्यादा

जानकारों के अनुसार 20 लीटर आरओ केन पानी तैयार करने की लागत बहुत ज्यादा नहीं है। ऐसी स्थिति में पुरानी दर 15-20 रूपए दर पर्याप्त है । घर पहुंच सेवा के लिए इसमें परिवहन की दर के मान से बढाया जा सकता है लेकिन वर्तमान में जिस मान से केन की वसूली की जा रही है वह कदापि सही नहीं कही जा सकती है। आर ओ वाटर प्लांट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष बैरागी खूद इसे स्वीकार करते हैं। वे कहते हैं कि घर पहुंच सेवा में 25-35 रूपए परिवहन शुल्क के साथ अधिकतम राशि है। वैसे 30 रूपए वाजिब दाम है। सेल्फ में तो यह 20 रूपए काफी है। शहरी क्षेत्र के बाहर केन ले जाने पर भाडा आवश्यक होता है । भरी केन ले जाना और खाली केन लाने का भाडा ही करीब 2 हजार के लगभग होता है। इस स्थिति में दर करीब 35-40 रूपए प्रति केन के मान से बैठ जाती है। जो परिवार रोजाना 1-2 कैन पानी पर निर्भर हैं, उनके लिए यह बढ़ोतरी सीधे खर्च बढ़ाने वाली है। एक महीने में यह खर्च सैकड़ों रुपए तक पहुंच जाता है। आरओ वाटर की लागत कच्चा पानी व बिजली खर्च दो रुपए, फिल्टर-मेंटेनेंस एक रुपए, कैन उपयोग, धुलाई व लेबर तीन रुपए। सब मिलाकर केन की लागत सात से 10 रुपए पड़ती है। जबकि, 30 से 45 रुपए तक की वसूली शुरू कर दी गई है।

#### धडल्ले से खुल रहे प्लांट

एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री बैरागी बताते हैं कि अब तो धडल्ले से प्लांट खोले जा रहे हैं। पानी का पर्याप्त स्त्रोत हो न हो प्लांट चल रहा है। उनके अनुसार प्लांट में टीडीएस मशीन से पानी का स्तर पता चल जाता है। नल का पानी 300 टीडीएस तक उपयोगार्थ होता है। इसमें तो अधिकतम 200 टीडीएस भी नहीं होता । सैंकडा की स्थिति भी बहुत ही कम सामने आती है। ऐसे में जांच करवाने की बहुत ज्यादा आवश्यकता नहीं होती है।

#### 5 साल से एसोसिएशन भंग

श्री बैरागी बताते हैं कि कोरोन काल से पूर्व सत्र 2018-19 के दौरान उन्होंने संस्था से अपना त्याग पत्र दे दिया था। उसके बाद से संस्था भंग पडी हुई है। तत्कालीन समय में ही 40-45 सदस्य थे अब तो शहर में 400-500 के लगभग आर ओ प्लांट हो गए हैं। इसके साथ ही क्वाईन बाक्स भी चल रहे हैं।

## नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के 102 शिविर संपन्न

### आज देवनारायण मंदिर में शिविर का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ किए गए निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान के अंतर्गत 102 शिविर संपन्न हुए हैं। अभियान की इस श्रृंखला में शुक्रवार को दक्षिण विधानसभा के ग्राम चिंतामण जवासिया में शिविर संपन्न हुआ। आज शनिवार 21 मार्च को तराना विधानसभा के ग्राम परी स्थित देवनारायण मंदिर में शिविर आयोजित किया जाएगा।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रेरणा से मित्र समूह पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से संपूर्ण उज्जैन जिले में निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान ह्यदिल से कहो अपने मोहन जी है नह्र चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अभी तक 102 शिविर संपन्न हो चुके हैं। इन शिविरों में आयुष्मान हेतु अधिसूचित अशासकीय अस्पतालों के माध्यम से हजारों लोगों ने अपनी हृदय जांच करवाई एवं निःशुल्क परामर्श व उपचार का लाभ लिया है। अभियान के अंतर्गत अनेक नागरिकों ने निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा का लाभ भी लिया है।

खोईवाल ने बताया कि शिविरों की श्रृंखला में शुक्रवार 20 मार्च को दक्षिण विधानसभा के चिंतामण जवासिया में शिविर का आयोजन किया गया। आज 21 मार्च को तराना विधानसभा के ग्राम परी स्थित देवनारायण मंदिर में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविरों में इन अस्पतालों के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी एवं इको तक की जांच निःशुल्क की जाएगी।

## रविन्द्र सोनी पुनः राष्ट्रीय कार्यकारिणी में



**उज्जैन।** सराफा एसोसिएशन फ्रीगंज उज्जैन के अध्यक्ष को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद् के सेवा विभाग की अखिल भारतीय कार्यकारिणी में पुनः मनोनीत किया गया। ज्ञातव्य है कि, श्री रविन्द्र सोनी लगातार तीसरी बार इस दायित्व के लिए चुने गए।


### सीएम मोहन यादव ने नैवेद्य लोक का लोकार्पण किया, गायक विशाल मिश्रा ने दी प्रस्तुती


## गुड़ी पड़वा पर शिप्रा तट पर आतिशबाजी और ड्रोन शो

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में गुड़ी पड़वा के अवसर पर सुबह हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत का आगाज गुरुवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। सुबह रामघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और शिप्रा नदी में स्नान-पूजन कर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शाम को ड्रोन शो आतिशबाजी के बाद पार्श्वगायक विशाल मिश्रा ने प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य ड्रोन शो,लेजर शो और आकर्षक आतिशबाजी रही, जिसने शिप्रा तट के आकाश को रोशनी और रंगों से भर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ का विक्रम पंचांग 2083, संस्कृति संचालनालय का कला पंचांग, बिमल कृष्ण दास की 84 महादेव,रामस्वरूप दास की ओरछाधीश, वीर भारत न्यास के महर्षि अत्रि, महर्षि अंगिरा, धनवंतरी, महर्षि अगस्त्य, भरत मुनि के भारत निधि मोनोग्राफ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ की अष्टावक्र गीता, नारद गीता, ब्राह्मण गीता,गर्भ गीता,उत्तर गीता का विमोचन किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 का आयोजन आस्था,आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ 2028 के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से हो यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवारखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। वर्तमान के दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण है।

देर शाम मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नानाखेड़ा क्षेत्र में विकसित 36 दुकानों के कॉम्प्लेक्स 'नैवेद्य लोक' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों पर आइसक्रीम और गर्म दूध का आनंद भी लिया।

## नवनिर्मित तरण ताल 7 दिनों तक आमजन के लिए निशुल्क उपलब्ध



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा पुनर्निर्मित तरण ताल (स्विमिंग पूल) का भव्य लोकार्पण किया गया। अंतरराष्ट्रीय मानकों से सुसज्जित यह स्विमिंग पूल लगभग 8 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस अवसर पर उज्जैन की जनता के लिए 7 दिनों तक स्विमिंग पूल के निशुल्क उपयोग की घोषणा की गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तैराकी प्रतियोगिता के 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में पुरुष वर्ग में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवोहम तिवारी, द्वितीय स्थान आर्यन राजपूत (जो राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता भी रह चुके हैं) एवं तृतीय स्थान समर्थ गेहलोत ने प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

साथ ही महिला एवं पुरुष टीमों को अलग-अलग 51-51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## उज्जैन स्टेशन की प्लेटफार्म नंबर 8 की सुविधाओं का शीघ्र हो विस्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




मण्डल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (DRUCC) के सदस्य राजेश शर्मा ने उज्जैन रेलवे स्टेशन के नव प्रारंभ हुए प्लेटफॉर्म नम्बर 8 पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर रेल प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है उन्होंने यात्री हित में तत्काल आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने की माँग उठाई है।

श्री शर्मा ने बताया की प्लेटफॉर्म नंबर 8 का संचालन शुरू होने के बाद इसका महत्व तेजी से बढ़ा है।

इंदौर - मुम्बई, इंदौर - दौंड, इंदौर - बरेली जैसी कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अब इसी प्लेटफार्म से संचालित हो रही है जिससे यात्रियों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है इसके बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

उन्होंने कहा है कि प्लेटफॉर्म पर एक भी खान पान का स्टॉल अभी तक रेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही नागदा साइड वाले छोर पर शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से विशेष रूप से दिव्यांग, बुजुर्ग और महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

टिकट व्यवस्था के नाम पर यहां पर केवल एक टिकट खिड़की संचालित होने से यात्रियों की भीड़ लग जाती है।

अगर यहां पर रेल प्रशासन एक ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) स्थापित कर दे तो यात्रियों को त्वरित टिकट सुविधा का लाभ मिल सकता है।

गर्मी के मौसम को देखते हुए प्लेटफॉर्म पर ठंडे पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी जरूरी है वर्तमान में यहां इस प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है अतः प्लेटफार्म के दोनों छोर पर वाटर वेंडिंग मशीन लगाए जाने की शीघ्र आवश्यकता है ताकि यात्रियों को स्वच्छ और ठंडा पानी मिल सके।

# बैटरी संचालित वाहनों की चार्जिंग के दौरान रखें सावधानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विज्ञान व तकनीक सदैव विकास व नवप्रवर्तन की राह को अंगीकार करती रही है। पेट्रोल के घटते भंडार ने दुनिया को ईंधन के नए स्त्रोत के विषय पर सोचने को बाध्य किया और वैज्ञानिको ने बेटरी संचालित गाडियों का अविष्कार किया। वायु प्रदूषण की भीषण व गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए भी हर देश ने बेटरी संचालित वाहनों को प्रोत्साहित किया। हमारे देश मे भी बेटरी वाली गाडियों का प्रचलन बढा और जल्दी ही ये लोगों की पसंद बन गई किन्तु विगत दिनों चार्जिंग के दौरान कुछ दुर्घटनाएं हुईं जो सीधे सीधे सतर्क होने का संकेत देती प्रतीत हुईं आइए जानते हैं शहर के बेटरी व्यवसायी व विशेषज्ञ से कि क्या सावधानियां रखें कि ऐसी आगजनी की दुर्घटनाएं न हों और हम सुरक्षित रहें।

### ईवी चार्जिंग को ही दोष न दें

अभी हाल ही की इंदौर की हृदय विदारक घटना, जिसमें परिवार के कई सदस्य आग में चल बसे, और उसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि इ वी चार्जिंग से यह हादसा हुआ है।

दोस्तों यहां मैं आपको बताना चाहूंगा कि ,सामान्यतया सीधे-सीधे इ वी चार्जिंग पर ही शक जाता है कि गाड़ी में कोई खराबी होगी उसी की वजह से उसमें स्पार्क हुआ है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है ,आप सब जानते हैं हमारे यहां का डॉमेस्टिक इलेक्ट्रिक कनेक्शन होता है, उसमें सैंक्शन लोड होता है। अगर



सैंक्शन लोड 10 किलो वाट है और आप उस पर इ वी चार्ज करते हैं तो चूंकि इ वी का चार्जिंग लोड 15 किलो वाट से ऊपर जा सकता है और साथ ही दूसरे डोमेस्टिक अप्लायंस जैसे एअरकंडीशनर, गीजर, हीटर इत्यादि चल रहे होते हैं तो कुल मिलाकर घर का जो लोड है वह सैंक्शन लोड से बहुत ऊपर जा चुका होता है, और जो पुरानी वायरिंग है उसमे इतना भार सहन करने की क्षमता नहीं होती है और वह स्पार्क करके जल जाती है, और दुर्घटना घटित हो जाती है। अगर आप नई इ वी लेने का सोच रहे हैं तो उसके लिए सबसे पहले अपने घर का इलेक्ट्रिक लोड जो सैंक्शन है वह बढ़वाएं ,पश्चात पॉइंट घर के बाहर उस जगह लगे जो खुली हवा में हो तथा ज्वलनशील पदार्थ से दूर हो।घर में अग्निशामक यंत्र भी रखें। सावधानी रखें ,दुर्घटना टालें। देर तक बेटरी चार्जिंग पर न लगाएं, निर्धारित समय का ध्यान रखें और सुरक्षित रहें। कुछ लोग ई - रिक्शा की चार्जिंग बहुत कम क्षमता वाली डोमेस्टिक लाइन या एकल बत्ती कनेक्शन वाली लाइन से करते हैं जो बहुत खतरनाक है।

**-राजेश बागरोला, बेटरी विशेषज्ञ व संचालक उज्जैन मोटर्स, मक्सी रोड, उज्जैन**

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 21 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### गुड़ी पड़वा पर सूर्य को अर्घ्य देकर नव संवतसर का किया स्वागत

**उज्जैन।** गुरूवार को शिप्रा नदी स्थित दत्त अखाड़ा और रामघाट पर गुड़ी पड़वा नववर्ष पर सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि संत ज्ञानदास महाराज, विक्रम विश्व विद्यालय, के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, राम तिवारी निदेशक विक्रमादित्य शोध पीठ, राजेश कुशवाह कार्य परिषद सदस्य सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, प्रो. रमन सोलंकी, अर्जुन गौतम, पं. नारायण उपाध्याय, आचार्य वासुदेव पुरोहित, अनंत नारायण मीणा, पं. सुरेन्द्र चतुर्वेदी, पं. दिनेश रावल, श्रीमती पलक पटवर्धन, दिनेश दिग्गज आदि समाजजन भी उपस्थित थे । कार्यक्रम में मां शिप्रा का पूजन पंडित गौरव उपाध्याय के सानिध्य में अतिथियों से सम्पंन कराया गया।

### एलिवेटेड निर्माण में उपयोग होगी बस लेन की जगह

**इंदौर।** एबी रोड पर बीआरटीएस सिस्टम खत्म करने के साथ ही अधिकांश बस स्टैंड को भी तोड़ा जा चुका है, जो बचे हैं, वे अगले 10 दिन में टूट जाएंगे। इन सबके बावजूद आमजन की परेशानी कम नहीं हुई, क्योंकि 7.40 किमी के अहम हिस्से में बस लेन की जगह पर एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए निर्माण कंपनी द्वारा बैरिकेडिंग की जा रही है। ऐसे में करीब दो साल तक मिक्स लेन में ही सभी वाहन चलेंगे। बसें भी इसी लेन में चलने से अलग-अलग स्टॉप पर रुकेंगी भी। यही कारण है कि एलआईजी से नौलखा तक ट्रैफिक में फिलहाल ज्यादा राहत नहीं मिलेगी। एक्सपर्ट का कहना है कि इतने लंबे हिस्से को कंपनी को एक साथ नहीं लेना चाहिए। पहले चरण में एलआईजी से शिवाजी वाटिका तक काम होना है कि आगे की बैरिकेडिंग अभी न की जाए।

### सिंहस्थ-2016 का कचरा 10 साल तक एक जगह पड़ा रहा

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2016 के दौरान एमआर-5 पर पूरे सिंहस्थ क्षेत्र का कचरा डंप किया था, जो अब तक यानी 2026 तक वहीं पड़ा था। इससे क्षेत्र की करीब 15 कॉलोनी के लोग परेशान थे और कई बार इसमें आग लगने की वजह से परेशानी के साथ फायर ब्रिगेड को कई गैलन पानी खर्च कर बुझाना पड़ती थी। अब एक माह पूर्व ही यहां का कचरा पूरी तरह साफ कर दिया है। अब ऐसा न हो इसके लिए शहर में कचरा प्रबंधन को लेकर नगर निगम अपनी तैयारियां बढ़ा रही है। सिंहस्थ के दौरान शहर में अनुमान के मुताबिक 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए चार नए ट्रांसफर स्टेशन बनाने का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2026-27 में रखा है। इन नए ट्रांसफर स्टेशनों पर कचरा इकट्ठा कर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किया जाएगा और फिर गोंदिया स्थित प्रोसेसिंग प्लांट भेजा जाएगा।

### दो साल से 50 करोड़ की लागत से चल रहा था टर्मिनल का काम

**इंदौर।** एयरपोर्ट पर ओल्ड टर्मिनल बिल्डिंग (टी-1) से जल्द ही फ्लाइट संचालन शुरू होगा। 24 मार्च को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ऑनलाइन टर्मिनल-1 का उद्?घाटन करेंगे। इसके बाद सभी 16 एटीआर विमानों का संचालन ओल्ड टर्मिनल से होगा। हालांकि फ्लाइटों का संचालन ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) से सुरक्षा स्वीकृति मिलने के बाद ही शुरू होगा। इसके लिए दिल्ली से टीम भी इंस्पेक्शन के लिए इंदौर आई है। दो साल में करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से ओल्ड टर्मिनल बिल्डिंग को तैयार किया गया है। टर्मिनल-1 बिल्डिंग का उद्घाटन पहले अप्रैल में होने वाला था। नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु इंदौर आने वाले थे। हालांकि केरल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में होने वाले चुनावों के कारण अब इसका उद्घाटन मार्च में ही किया जा रहा है।

### पत्रकार सीमा मनीष शर्मा को तीन मंचों से मिला सम्मान

**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शहर की प्रख्यात पत्रकार,



लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सीमा मनीष शर्मा को उनकी उत्कृष्ट पत्रकारिता, सामाजिक सरोकारों एवं पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन अलग-अलग मंचों से सम्मानित किया गया। उन्हें इंदौर प्रेस क्लब द्वारा शक्ति सम्मान एवं निर्मला पाठक दिवास ऑफ इंदौर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जर्नलिस्ट मालवा फोरम की ओर से भी उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

श्रीमती शर्मा चेतन्य लोक की कॉर्पोरेट हेड, पत्रकार, सशक्त लेखिका एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने वर्ष 2018 से 2026 तक निरंतर पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए 3320 से अधिक लेखों का प्रकाशन किया है, जो उनके समर्पण और लेखन क्षमता को दशार्ता है। उनकी एक चर्चित पुस्तक समग्र मंथन का भी प्रकाशन हो चुका है, जिसमें ज्वलंत सामाजिक विषयों पर उनके विचारों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती शर्मा अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने एवं सकारात्मक बदलाव की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं।

# आदेश: जितनी राशि इकटठा हुई... उतनी जमा करवाओ

## भाजपा का आजीवन सहयोग निधि अभियान समाप्त, पार्टी ने जारी किया आदेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भाजपा पहली बार अपने आजीवन सहयोग निधि अभियान को जल्द खत्म करने जा रही है। सभी 62 संगठनात्मक जिलों में बनाए गए आजीवन पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यालय से जारी फरमान में कहा गया है कि जितनी राशि इकट्ठी हो गई है, उतनी राशि भोपाल स्थित कार्यालय में जमा करवाओ और अभियान बंद करो।

भाजपा द्वारा हर साल चलाए जाने वाले आजीवन सहयोग निधि अभियान को लेकर इस बार मध्यप्रदेश में ज्यादा प्रयास किए गए। हालांकि कुछ प्रदेशों में यह अभियान तो इस साल चलाया भी नहीं गया। इस अभियान की आखरी तारीख पहले 28 फरवरी तय की थी, लेकिन बाद में इसे 15 मार्च कर दिया गया। इंदौर जैसा शहर जहां आजीवन सहयोग निधि में बढ़-चढकर भाग लिया जाता है, इस बार उसका असर भी कम दिखाई दिया। हालांकि भाजपा के प्रदेश संगठन ने कल ही सभी 62 जिलों के प्रभारियों से कहा है कि वे 15 मार्च को इस अभियान को बंद कर दें, यानि 15 मार्च के पहले के जो चेक जमा हो चुके हैं, उसे ही प्रदेश कार्यालय में जमा करवा देवें।

इसके बाद अब आजीवन सहयोग निधि का काम समेटा जाने लगा है और स्थानीय नेता भी राहत की सांस ले रहे हैं। अभियान से जुड़े स्थानीय नेताओं का कहना है कि इसके बाद सभी मंडल और विधानसभा प्रभारियों से कहा जा रहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्र से मिली राशि की सूची बनाकर पार्टी कार्यालय को सौंप देवें। इस बार पार्टी ने नकद राशि इकट्ठा न कर चेक के माध्यम से राशि ली थी। कई विधानसभाओं ने अपने द्वारा घोषित राशि के चेक जमा कर दिए हैं तो कुछ के बाकी हैं। फरमान के बाद अब स्थानीय संगठन द्वारा अभियान को बंद करने की तैयारी की जा रही है। पार्टी ने कहा है कि जितने रसीद कट्टे बांटे जा चुके हैं उनका हिसाब दें और खाली कट्टे पार्टी कार्यालय में जल्द से जल्द जमा करवा देवें। इसके बाद दूसरे आयोजन भी आने वाले हैं, उस पर ध्यान दिया जाएं।

### पार्षदों सहित नीचे के कार्यकर्ताओं ने नहीं ली रुचि

इस बार अभियान उतने जोर-शोर से नहीं चल पाया, जैसा हर बार चलता है। अभियान को लेकर पार्षदों का रवैया उदासीन बना रहा। पार्षदों को एक लाख रुपए प्रत्येक वार्ड से देना थे, लेकिन उसमें कई पार्षदों ने रूचि नहीं दिखाई तो नीचे के कार्यकर्ताओं ने भी रूचि नहीं ली।


### कई चैक बाउंस, लेकिन सार्वजनिक नहीं किए

सूत्रों के अनुसार कई कार्यकताओं ने ऐसे चेक लाकर दे दिए जो बाउंस हो गए हैं। इसकी इंट्री अलग से की जा रही है, लेकिन उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। ऐसे चेक दोबारा मंगाए जा रहे हैं ताकि राशि इकट्ठा की जा सके। हर दिन 3 से 4 चेक बाउंस हो रहे हैं, ऐसे में भी राशि इकट्ठा नहीं हो पाना एक अनुशासन वाली पार्टी के कार्यकताओं पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अभियान को आगे नहीं बढ़ाने का कारण मार्च एडिंग भी रहा है। जो चेक से चंदा दे रहे हैं, उसकी इंट्री भी खातों में बताना पड़ती है। यानि यह पैसा एक नंबर में ही जमा करना पड़ रहा है। पहले नकद राशि ली जाती थी और उसकी रसीद दे दी जाती थी, लेकिन अब ऑडिट के चक्कर में चेक की इंट्री भी संभलकर की जाती है। कई ऐसे बड़े व्यापारी और उद्योगपति भी चेक नहीं दे पाए जो मार्च क्लोजिंग में लगे हुए हैं।

गर्मी में बदला इंदौर जू का मिजाज: शेर-भालू के लिए कूलर

# पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**





इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में गर्मी के साथ ही वन्य प्राणियों की देखभाल भी बढ़ गई है। वन्य प्राणियों को तेज गर्मी से बचाने के लिए उनके पिंजरों के पास कूलर लगाए गए है साथ ही पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए उनके खाने में भी बदलाव किया गया है। उन्हें स्ट्रेस से बचाने के लिए पानी में भी एंटी स्ट्रेस पाउडर मिलाकर दिया जा रहा है।

शहर में गर्मी का असर देखने को मिलने लगा है। एक तरफ जहां सूरज चढ़ते ही गर्मी का अहसास होने लगता है, वहीं दोपहर तक लोग भी गर्मी से बचाव में टोपी, गमछा डालकर रोड पर निकलने लगे है। तापमान बढ़ने के साथ ही इंदौर के चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी में राहत मिल सके।

चिडियाघर प्रभारी डॉ.उत्तम यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाव के लिए व्यवस्था की गई है। टाइगर, लॉयन और लेपर्ड के इन्क्लोजरों में वॉटर बॉडी, शेड ट्री और इनक्लोजर के अंदर पानी की व्यवस्था करना शुरू कर दिया है। जिससे यहां की ग्रीनरी मेनटेन रहती है। हरियाली रहने से जो ठंडा

### रात में चालू कर देते है कूलर

डॉ.यादव के मुताबिक रात में जब इन प्राणियों को पिंजरों में खाना खाने के लिए बंद किया जाता है, तो वहां भी कूलर लगा दिए है। लॉयन, लेपर्ड, टाइगर, भालू के पिंजरों में कूलर लगा दिए है, ताकि रात में भी उन्हें गर्मी का अहसास ना हो। ऐसे करीब 6 कूलर यहां पर लगा रखे है।

### खाने में दे रहे रसीले फल

इसके अलावा चिड़ियाघर में जो ओपन बर्ड हाउस है उन्हें भी तीन तरफ से ढक दिया है, ताकि उन्हें हिट स्ट्रोक ना हो सके। गर्मी से उन्हें राहत मिले। वन्य प्राणियों और पक्षियों के खाने में भी बदलाव किया है, जो शाकाहारी प्राणी है उनके लिए रसीले फल, जिसमें पानी का कंटेंट ज्यादा हो वो दे रहे है। इसके अलावा पानी में एंटी स्ट्रेस पाउडर डालते है, जिससे वे तनाव में ना आए।

### बर्ड हाउस में स्प्रिंकलर की व्यवस्था, शेड भी डाला

- चिड़ियाघर में बने बर्ड हाउस में भी स्प्रिंकलर लगा रखे है। दिन में दो से तीन बार पानी का छिड़काव किया जाता है, ताकि बर्ड हाउस में तापमान मेनटेन रहता है।
- गर्मी में हिट स्ट्रोक से भी उन्हें राहत मिल जाती है। बर्ड भी गर्मी में नहाना पसंद करते हैं, तो स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी भी उन्हें मिल जाता है। न्यू वल्ड मंकी के इनक्लोजरों के दोनों तरफ भी कूलर लगा दिए है, ताकि भी उन्हें गर्मी ना लगे, क्योंकि ये थोड़े सेनसेटिव एनिमल है।
- इसके अलावा जैसे सांभर को किचड़ में नहाना अच्छा लगता है गर्मी में। इसलिए उनके इनक्लोचर में जो वॉटर बॉडी बना रखी है जिसमें पानी भरते रहते है। जब भी उन्हें बॉडी का तापमान मेनटेन करना रहता है तो वे उसमें चले जाते है।
- स्नेक हाउस में भी किंग कोबरा, कॉमन सेंडबोआ, कोबरा, रेट स्नेक के लिए तापमान मेनटेन करने के लिए दिन में दो से तीन बार पानी का छिड़काव किया जाता है।
- हर इनक्लोजर में वॉटर बॉडी बना रखी है, स्नेक भी अपने बॉडी का तापमान मेनटेन करने के लिए इनमें चले जाते है। किंग कोबरा को गर्मी से ज्यादा दिक्कत होती है इसलिए यहां भी कूलर लगा रखा है।

# डीजल टैंक में धमाका, 3 घायल

### वेल्डिंग करते वक्त हुई घटना, 1 को किया रेफर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नागदा के स्टेट हाईवे नंबर 17 पर शुक्रवार दोपहर हादसा हो गया। गैरेज पर वेल्डिंग करते समय डीजल टैंक में धमाका हुआ। तीन युवक घायल हुए हैं एक को गंभीर चोट होने पर रेफर किया गया है।



नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि स्टेट हाईवे पर एमपी मोटर गैरेज है। जहां ट्रक संधारण कार्य के लिए पहुंचा था। जिसका डीजल टैंक निकालकर वेल्डिंग किया जा रहा था। इस दौरान अचानक टैंक में गैस बनने पर धमाका हो गया। गैरेज पर तीन लोग मौजूद थे जिसमें विजय नामक युवक गंभीर घायल हुआ है। वही दो अन्य युवकों में राकेश सक्सेना और राहुल के घायल होने की जानकारी सामने आई। धमाके के बाद गेराज की छत भी फट गई थी। डीजल टैंक में धमाका होने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। जिसमें से विजय को उज्जैन रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है। हादसे में घायल 2 अन्य की जानकारी जुटा जा रही है। जिनसे पूछताछ के बाद घटनाक्रम की स्पष्ट जानकारी सामने आ पाएगी। फिलहाल मामले की शिकायत दर्ज करने के लिए थाने पर भी कोई नहीं पहुंचा था।

प्रदेश स्तर पर एक और संभागीय स्तर पर अलग-अलग प्रचारक होंगे

# मालवा-महाकौशल-मध्यभारत प्रांत खत्म होंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है। इस बदलाव के तहत मध्य प्रदेश में अभी मौजूद मालवा, महाकौशल और मध्यभारत जैसे तीन प्रांतों को खत्म किया जाएगा और उनकी जगह करीब छह नए संभाग बनाए जाएंगे। संघ की हाल ही में हुई प्रतिनिधि सभा की बैठक में यह फैसला लिया गया। नए सिस्टम के तहत पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी एक प्रचारक और कार्यकारिणी संभालेगी, जबकि देशभर में करीब 80 नए संभाग गठित किए जाएंगे। इससे जिला और विभाग स्तर के कार्यकर्ता सीधे संभागीय प्रचारकों से जुड़ सकेंगे। संघ का मानना है कि इस बदलाव से संगठन में कामकाज तेज होगा, फैसले जल्दी लिए जा सकेंगे और युवा कार्यकताओं को ज्यादा जिम्मेदारी मिलेगी। इस बारे में इंदौर में मालवा प्रांत के संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री आज विस्तार से जानकारी देंगे।

### जल्द पूरे देश में लागू होगी व्यवस्था

मध्य प्रदेश में अब तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम तीन प्रांत- मालवा, महाकौशल और मध्यभारत में बंटा हुआ था। नई व्यवस्था में पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी एक ही प्रचारक संभालेगा, जबकि अलग-अलग संभागों में अलग प्रचारक नियुक्त किए जाएंगे। इस बदलाव से जिला और संभाग स्तर पर काम ज्यादा प्रभावी होगा। खासतौर पर युवा कार्यकताओं को अधिक मौके मिलेंगे और उन्हें सक्रिय करने में मदद मिलेगी। इससे संघ का नेटवर्क भी और मजबूत होगा। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, शताब्दी वर्ष को युवा संघर्ष और संघर्ष का युवा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। यह नई व्यवस्था उसी दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। संघ की यह नई व्यवस्था केवल मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इस जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा।

### विभाग प्रचारक अब संभाग प्रचारक होंगे

तीन प्रांतों की व्यवस्था खत्म होने के साथ ही प्रांतीय प्रचारक और उनकी कार्यकारिणी भी खत्म हो जाएगी। एक राज्य प्रचारक नियुक्त किया जाएगा, जो संगठन की जिम्मेदारी संभालेगा। नई व्यवस्था में हर संभाग में एक प्रचारक के साथ पूरी कार्यकारिणी बनाई जाएगी। एक संभागीय टीम में करीब 30 तक पदाधिकारी हो सकते हैं, जिससे कामकाज को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा। अभी जो जिम्मेदारी विभाग प्रचारकों के पास है, वह अब संभागीय प्रचारकों को दी जाएगी। यानी उनकी भूमिका सीधे तौर पर नए ढांचे में शामिल हो जाएगी। जो विभाग प्रचारक नई व्यवस्था में संभागीय प्रचारक की भूमिका में फिट नहीं बैठेंगे, उन्हें संगठन में दूसरी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

### सीएम डॉ. यादव ने स्व. नवलानी को दी श्रद्धांजलि दी

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंधी कॉलोनी स्थित सुनील नवलानी के निवास पहुंचकर उनके बड़े भाई स्व. सुरेश नवलानी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने बाबा श्री महाकाल से स्व. श्री नवलानी की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका- सीएम

# सिंहस्थ 2028 आध्यात्म, विकास और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 का आयोजन आध्यात्म, विकास और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ 2028 के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से हो यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि उज्जैन को नॉलेज हब बनाकर और इसका चहुंमुखी विकास कराया जा रहा है, जिससे उज्जैन विश्वपटल पर अनूठी पहचान के साथ स्थापित होगा। शुक्रवार को उज्जैन प्रवासल के दौरान मुख्यमंत्री ने यह बात कही।

यह कहना है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का। डॉ. यादव मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा उज्जैन में आयोजित इंफ्ल्यूएंसर्स मीट में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीब और वंचित तबके के लोगों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका है। सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर्स इसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हुए समाज को सही दिशा दिखा सकते हैं।

### सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर जानकारी साझा की

इस अवसर पर उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना, कान्ह क्लोज डक्ट, मार्गों का चौड़ीकरण, 6 लेन और 4 लेन मार्गों, एयरपोर्ट आदि विकास कार्यों के माध्यम से उज्जैन और आसपास के क्षेत्र का कायाकल्प भी किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ 2028 में क्राउड मैनेजमेंट, सुरक्षा व्यवस्था आदि तैयारियों को लेकर जानकारी साझा की।

### 15 प्रतिशत गेहूं की कटाई, स्ट्रॉ रीपर का कम हुआ उपयोग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जिले में इस बार नरवाई (गेहूं कटाई के बाद बचने वाले अवशेष या पराली) के प्रबंधन के लिए कृषि कल्याण विभाग और राजस्व के अफसरों ने लगातार बैठकें लीं। इसमें हार्वेस्टर मशीन संचालकों और किसानों को स्पष्ट रूप से समझाते हुए चेतावनी तक दी कि फसल कटाई में कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ रीपर का उपयोग करें। इससे भूसा निकलेगा और नरवाई खेतों में नहीं रहेगी। न ही जलाने की जरूरत पड़ेगी । बैठकों में इन कवायदों के बाद अफसरों के दावे हैं कि इस बार नरवाई नहीं जलेगी। इन तमाम प्रयास व दावों के बीच जिले में जिले में करीब 15 फीसदी गेहूं की कटाई हो चुकी है।



न्यूज-कॉलम



## युवा चेतन जाधव ने विधानसभा में रखा 'विकसित भारत बजट' पर विचार

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा भवन के मानसरोवर सभागार में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता' में बुरहानपुर के युवा चेतन जाधव ने 'विकसित भारत के लिए युवा बजट' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और आज का युवा देश की प्रगति का सबसे बड़ा स्तंभ है। चेतन जाधव ने शिक्षा, रोजगार और तकनीकी नवाचार में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया और कहा कि युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया बजट ही देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी केवल विचारों तक सीमित न रहकर व्यवहार में भी दिखनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को संविधान की मूल भावना को समझते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़ने का आह्वान किया। चेतन जाधव के मुद्दों की गहरी समझ और स्पष्ट वक्तव्य की सभी प्रतिभागियों और अधिकारियों ने सराहना की।

## अग्निवीर भर्ती में युवाओं के लिए एक अप्रैल तक होंगे आवेदन

**खरगोन।** अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर भर्ती रैली 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन जारी है। इच्छुक युवा 1 अप्रैल 026 तक भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।इंदौर संभाग आयुक्त सुदाम खाड़े और कलेक्टर भव्या मित्तल ने अधिक से अधिक युवाओं से समय रहते पंजीयन करने की अपील की है। जिला स्तर पर स्कूलों और ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा इस अवसर का लाभ लेकर सेना में भर्ती हो सकें।

## ऋण भुगतान की अंतिम तिथि 15 मई करने की मांग

**सनावद।** किसानों ने खरीफ फसल हेतु लिए गए ऋण भुगतान की तिथि 15 मई तक बढ़ाए जाने की मांग की है। किसानों द्वारा सेवा सहकारी समितियों से शून्य ब्याज दर पर लिए गए कृषि ऋण की वसूली की अंतिम तिथि प्रदेश शासन ने 28 मार्च निर्धारित की है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिख ऋण अदायगी तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 1 अप्रैल से प्रारंभ होना है। ऐसी स्थिति में कृषकों के लिए 28 मार्च तक ऋण का भुगतान करना अत्यंत कठिन है। निर्धारित तिथि 28 मार्च तक ऋण जमा नहीं होने की स्थिति में अतिरिक्त ब्याज का भार कृषकों पर पड़ेगा।इससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और अधिकांश किसान डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाएंगे। इसलिए कृषकों की वर्तमान समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए ऋण अदायगी की अंतिम तिथि 15 मई 2026 करने की मांग की है।

## सिंधी समाज ने भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाया

**सनावद।** सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल का



जन्मोत्सव उत्साह व भक्तिभाव से मनाया गया। जिसमें सिंधी व सिख समाज की महिलाओं ने गुरूद्वारे मे सुखमनी साहिब का पाठ व कीर्तन किया। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी समाज के वरिष्ठ हीरु देवाणी द्वारा गुरूद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सिंधी व सिक्ख समाज के साथ अन्य समाजजनों ने भी लंगर प्रसाद का लाभ लिया।

## गेहूं के खेत में लगी आग



**बड़वानी।** मोरतलाई ग्राम में श्री नंदू चोपड़ा के गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार यह आग बिजली के तार टूटकर गिरने के कारण लगी, जिससे खेत में खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ। आग लगने से गेहूं की फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे किसान को आर्थिक हानि उठानी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलने पर माननीय विधायक श्री श्याम बरडे , तहसीलदार श्री सुनील सिसोदिया एवं पटवारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## नव संवत वर्ष पर नीम मिश्री खिला, तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

**नीमच।** सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद शाखा नीमच के सदस्यों व महिला प्रकोष्ठ द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 2083 गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर गुरुवार को सुबह 8.15 से विजय टॉकीज चौराहे पर नागरिकों को कुमकुम तिलक लगाकर व नीम, मिश्री, मिठाई, काली मिर्च खिलाकर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माहेश्वरी समाज नीमच अध्यक्ष सत्यनारायण जागेटीया, विशिष्ट अतिथि रीजनल सचिव संपर्क प्रदीप चोपड़ा जावद, एवं सुनील सिहल, अशोक अग्रवाल, नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता, सचिव सतीश गोयल, कोषाध्यक्ष संदीप दरक, शाहिद पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे ।

## धार की बाघनी नदी में
# ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से बिल्डिंग मटेरियल व कूड़ा-करकट डाल रहे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

धार जिले के बाघ क्षेत्र की जीवनदायिनी और नर्मदा की सहायक बाघनी नदी में प्रदूषण हो रहा है। पिछले एक माह से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए नदी में बिल्डिंग मटेरियल और कूड़ा-करकट बेरोकटोक डाला जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने नदी के अस्तित्व पर मंडराते खतरे को लेकर भारी नाराजगी व्यक्त की है।



**पिछले वर्ष की सफाई पर फिरा पानी, नदी बनी नाला**

पर्यावरण मित्रों और वार्ड पंचों ने बताया कि पिछले वर्ष जनसहयोग से बाघनी नदी की वृहद स्तर पर साफ-सफाई की गई थी। अब दोबारा बड़े पैमाने पर निर्माण सामग्री और कचरा डाले जाने से नदी धीरे-धीरे नाले में तब्दील होती जा रही है।

जबरेश्वर शिवालय के पुजारी अनिल पुरी गोस्वामी सहित स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर चालक मनमानी कर रहे हैं और उन पर कोई रोक-टोक नहीं है।

**दोषियों को चिह्नित कर होगी कार्रवाई**

बाघनी नदी के संरक्षण को लेकर सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी नदी प्रदूषित करने वालों पर अर्थदंड लगाया गया था। सरपंच ने आश्वासन दिया है कि पंचायत की टीम जल्द ही मौका मुआयना कर दोषियों को चिह्नित करेगी।

अवैध रूप से कचरा फेंकने वालों पर जुमार्ना लगाया जाएगा, बल्कि उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी ।

**ट्रैक्टरों के प्रवेश मार्ग पर लगाए जाएंगे बैरिकेड्स**

नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए ग्राम पंचायत अब ठोस कदम उठाने की तैयारी में है। सरपंच ने बताया कि नदी तट तक जाने वाले उन कच्चे रास्तों को बैरिकेड्स लगाकर पूरी तरह बंद किया जाएगा, जिनका उपयोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों द्वारा कचरा डालने के लिए किया जा रहा है। इस मुहिम में पर्यावरण प्रेमी मदन काबरा, अरविंद जैन महेश राठौड़ , कविता जाजू , प्रदीप अगाल, विशाल नामदेव , तेज बहादुर ठाकुर सहित सभी जागरूक नागरिक जुटे हुए है ।

## राज्यसभा में उठा आदिवासी महिलाओं के शोषण और भूमि हस्तांतरण का मुद्दा

**बड़वानी।** राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आदिवासी महिलाओं के साथ कथित रूप से हो रही धोखाधड़ी, उनके शोषण तथा आदिवासी भूमि के अवैध हस्तांतरण के गंभीर मुद्दे को सदन में उठाया और केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कुछ गैर-आदिवासी व्यक्तियों द्वारा आदिवासी महिलाओं से विवाह के नाम पर छल किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं, जिनका उद्देश्य उनकी भूमि पर अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रण स्थापित करना है। उन्होंने उल्लेख किया कि विवाह के उपरांत संबंधित महिलाओं के नाम पर अत्यंत कम मूल्य पर भूमि क्रय की जाती है और बाद में विभिन्न परिस्थितियों में उस संपत्ति को पैतृक स्वरूप देकर उच्च मूल्य पर विक्रय किया जाता है। डॉ. सोलंकी ने इस प्रवृत्ति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि इससे न केवल आदिवासी महिलाओं का शोषण हो रहा है, बल्कि दीर्घकाल में आदिवासी समुदाय की भूमि गैर-आदिवासी तत्वों के हाथों में स्थानांतरित होने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लिए भूमि केवल आर्थिक संसाधन नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और जीवन पद्धति का आधार है।

## बाड़ी के पट खुलते ही लगे गणगौर माता के जय घोष
# महापर्व को लेकर चारों और नजर आया उत्साह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ हरसवाडा

निमाड़ की लोक आस्था के सबसे बड़े महापर्व को लेकर सोमवार को चारों और उत्साह नजर आया। हरसवाडा गांव में बोई गई मुख्य बाड़ि सुबह 6 बजे दर्शन के लिए खोली गई। बाड़ि में विराजित जवारे रूपी माता के दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भीड़ अधिक होने से बाड़ी के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। महिलाओं ने माता को वस्त्र, सुहाग सामग्री सहित अन्य वस्तुएं अर्पित कर मंगल कामना की। पूजा अर्चना का दौर दोपहर तक चलता रहा।एक सप्ताह पूर्व बाड़ी में माताजी की मुठ जवारे स्थापित किए गए थे।



चैत्र शुक्ल की दूज को ब्रह्म मुहुर्त में बाड़ियों को पट खुलते ही गणगौर माता के जयकारों से नगर गुंजायमान हो गया। सुबह से दोपहर तक पूजन का सिलसिला चलता रहा।श्रद्धालुओं ने यहां अपनी मन्नतें पूरी होने पर तुलादान भी किया। बाड़ि में माता के जवारों के पूजन के बाद दोपहर में माता के रथ बैठाने वाले मन्नतधारी परिवार ढोल ताशों के साथ आकर्षक रथों को लेकर बाड़ियों में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने घर में शक्ति स्वरूप मां जगदंबा साक्षात गणगौर का रेणुका गौरी के रूप में पाट बिठाया गया। शाम को गणगौर माता को पानी पिलाने के लिए रथों को घर आंगन में रखा गया, साथ ही झालरिया गाकर प्रसादी बांटी गई।

मंगलवार को मन्त्रतधारी जोड़े माता के रथ बौडाएंगे। दो से तीन दिनों तक यह पर्व मनाया जाएगा। इधर.....नगर के साथ गांव में गणगौर पर्व की धूम है। बच्चें फूलपाती का आयोजन कर रहे हैं। गुरुवार को भी बालिकाओं की टोलियां नजर आई। इस वर्ष भी पंडित जी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टोलियों में दूल्हा, दुल्हन बन कर आई बालिकाओं ने हर किसी का ध्यान खींचा।

## पर्दे पर दिखाएंगे किशोरावस्था के प्रेम व उसके कानूनी परिणामों की कड़वी सच्चाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

किशोरावस्था के प्रेम प्रसंग, कानूनी संघर्ष और अनचाहे गर्भधारण के बाद बिखरती जिंदगियों जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित एक नई फिल्म की शूटिंग जल्द ही मंडलेश्वर और महेश्वर में शुरू होने जा रही है। यह फिल्म केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज, युवाओं और न्याय व्यवस्था के सामने एक ऐसी सच्चाई प्रस्तुत करेगी जो अक्सर अदालतों के बाहर घटित होती है।

फिल्म के निर्माता-निर्देशक कार्तिक जोशी हैं, जो स्वयं मंडलेश्वर जिला न्यायालय में अधिवक्ता हैं। फिल्म का मूल कॉन्सेप्ट भी उन्हीं का है। उन्होंने इस कहानी को प्रेमी, प्रेमिका और उनके बच्चे की इन तीन जिंदगियों की भावनाओं तथा कानून की जटिलताओं के साथ बुना है। फिल्म की कहानी मुख्य रूप से इन्हीं तीन जीवनों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें किशोरावस्था में अज्ञानतावश लिए गए फैसलों के दूरगामी परिणामों को दिखाया गया है। कहानी में यह दशार्या जाएगा कि प्रेम संबंध के बाद लड़के पर दर्ज होने वाले गंभीर आपराधिक प्रकरण उसके भविष्य को किस तरह प्रभावित करते हैं। वहीं गर्भवती होने के बाद लड़की और उसके परिवार को समाज तथा कानून के बीच कैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। न्यायिक प्रक्रिया के दौरान मिलने वाली सजा के बाद इन तीनों जिंदगियों-लड़का, लड़की और बच्चा का जीवन किस दिशा में जाता है, यही फिल्म का मूल विषय है।

निमार्ता-निर्देशक जोशी के अनुसार यह फिल्म किसी एक घटना की कहानी नहीं है, बल्कि ऐसी हजारों वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है जो देशभर के न्यायालयों और जेलों में दर्ज हैं। उनका कहना है कि न्यायालय कानून के आधार पर निर्णय लेते हैं, भावनाओं के आधार पर नहीं। इसलिए यह आवश्यक है कि समाज उन परिस्थितियों को भी समझे जो अदालत के बाहर इन तीन जिंदगियों को प्रभावित करती हैं।

## बैकवाटर उतरते ही शुरू हुआ मां नर्मदा जागीदारपुरा घाट के निर्माण का विस्तार

**बड़वानी।** सरदार सरोवर बांध परियोजना का बैकवाटर कम होते ही राजघाट-कुकरा के टूप क्षेत्र में बने मां नर्मदा जागीरदारपुरा घाट का अब विस्तार शुरू हो गया हैं। गुड़ी पड़वा के अवसर पर नवीन घाट के निचले हिस्से में निर्मण कार्य की शुरूआत की गई। बता दें कि गत वर्ष जुलाई माह में यहां घाट निर्माण कार्य शुरू किया था, जो अब धार्मिक, प्राकृतिक और पर्यटन की दृष्टि से विशेष स्थान का रुप ले चुका हैं। मां नर्मदा जागीरदारपुरा घाट निर्माण समिति अध्यक्ष अजयसिंह ठाकुर ने बताया कि सरदार सरोवर बांध परियोजना के पूर्ण भरने पर कुकरा-राजघाट रोहिणी तीर्थ पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। ऐसे में बैकवाटर किनारे ही स्नान-पूजन करना पड़ता है। श्रद्धालुओं को नर्मदा किनारे ही स्नान, पूजन की सुविधा के मुद्देनजर जनसहयोग से जागीदारपुरा टूप क्षेत्र में नवीन घाट निर्माण काम शुरू कराया। गत वर्ष वषार्काल के बीच मात्र ३ माह में यह घाट का निर्माण किया गया। जिससे श्रद्धालुओं को मां नर्मदा किनारे स्वच्छ, सुंदर घाट की सुविधा मिलने लगी हैं। यहीं पर इस वर्ष नर्मदा जन्मोत्सव के आयोजन भी हुए। अब बैकवाटर में कमी होते ही नवीन घाट के निचले हिस्से में आगे की ओर निर्माण कार्य की शुरूआत की गई हैं। समिति अध्यक्ष ने नर्मदा भक्तों से आर्थिक रुप से जन सहयोग का आह्वान किया है।

## हिंदू नववर्ष को सदभावना दिवस के रुप में मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

सद्भावना मंच सदस्यों द्वारा मालीकुआं स्थित मंच कार्यालय में हिंदू नववर्ष को सेवा सहयोग एवं संकल्प के साथ सद्भावना के साथ मिठाई बांटकर मनाया गया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच संस्थापक प्रमोद जैन व्दारा उपस्थित सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मंच व्दारा आप सभी की उपस्थिति में हमेशा सद्भावना के कार्य किए गए और आज हम इसी संकल्प को ओर आगे बढायेगें। अतीत को भूलकर भविष्य को गले लगाने का मौका है। नए साल में आपको शांति, प्यार और हंसी खुशी की शुभकामनाएं। इस मौके पर अनेक मंच सदस्यों द्वारा कराओके पर हिंदू नव वर्ष का गीतों के माध्यम से स्वागत किया। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद पाल तोमर, ओम पिल्लै, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, सुनील चौरे, डॉ एमएम कुरेशी, अनूप शर्मा, देवेंद्र जैन, एनके दवे, गणेश भावसार, त्रिलोक चौधरी, रजत सोहनी, राधेश्याम शाक्य, मुरली कोडवानी, अर्जुन बुंदेला, आकांक्षा सिसोदिया, नदीम रायल, मनीष गुप्ता, दीपक चाकरे, अशोक पारवानी, कमल नागपाल, महेश मूलचंदानी, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि सहित अनेक मंच के सदस्य, गणमान्यजनों ने उपस्थित होकर एक दूसरे को गले मिलकर मिठाई खिलाते हुए बधाइयां दी गयी।



## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई महापुराण

**खंडवा।** शीतला माता मंदिर जसवाडी रोड एस एन कॉलेज के पीछे नव वर्ष में धूमधाम के साथ गायत्री मंदिर से कलश यात्रा निकल गई जिसमें बड़ी मात्रा में मातृशक्ति शामिल हुई घटस्थापना के बाद देवी भागवत कथा महा पुराण की महिमा सुनाते हुए पूज्य पंडित श्री राकेश तिवारी जी के द्वारा बताया गया देवी भागवत कथा श्रवण का महत्व बिछड़े हुआ परिजन लौट कर आ जाता है।

## गुड़ी पड़वा पर सूर्य अर्घ्य के साथ हुआ हिन्दू नववर्ष का स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा का पर्व शहर में श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। नववर्ष के स्वागत को लेकर शहरभर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा अनेक आयोजन किए गए। पिछले एक पखवाड़े से चल रही तैयारियों का उत्साह पर्व के दिन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के तत्वाधान में प्रातः 6 बजे शहर के प्रमुख स्थल घंटाघर उद्यान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूर्योदय के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और तांबे के पात्र से सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर नववर्ष का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं ने पुष्प, कुमकुम एवं अक्षत से विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।आयोजन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति केसरिया वस्त्र धारण कर शामिल हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय और आकर्षक बन गया। सामूहिक सूर्य वंदना के साथ नवसंवत्सर का अभिनंदन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि हिन्दू नववर्ष अनेक पौराणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। चैत्र शुक्ल पक्ष के साथ ही नवसंवत्सर का शुभारंभ हुआ, वहीं इसी दिन से चैत्र नवरात्रि का भी प्रारंभ हो गया है, जिसमें नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना की जाएगी। समिति संयोजक आशीष चटकेले ने बताया कि यह आयोजन इंदौर के राजवाड़ा की तर्ज पर प्रतिवर्ष किया जाता है। समिति ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में इस कार्यक्रम को और अधिक भव्य और व्यापक रूप दिया जाएगा। सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में आशीष चटकेले, भूपेंद्र सिंह चौहान, नागेश वालांजकर, सोमनाथ काले, सुनील जैन, संजय दुबे, रितेश चौहान, आदि उपस्थित थे।



## विश्व गौरैया दिवस पर घंटाघर चौक में जनजागरूकता कार्यक्रम

**खंडवा।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर खंडवा में पर्यावरण संरक्षण और पक्षियों के संरक्षण को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 20 मार्च को स्थानीय घंटाघर चौक पर सुबह 11 बजे से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य गौरैया जैसे लुप्तप्राय पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि गौरैया की घटती संख्या चिंता का विषय है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के साथ लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में आलोक नायक, विष्णु अग्रवाल (अधिवक्ता) एवं गणेश भावसार ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## विधायक पुत्र ने दो घायल युवाओं को अस्पताल पहुंचाया

**खंडवा।** खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे के पुत्र लकी तनवे ने सामाजिक दायित्वो का कर्तव्य एवं सेवा कार्य करते हुए दुर्घटना में घायल 2 अज्ञात लोगों को तत्काल अपनी गाड़ी में लेटाकर जिला अस्पताल ले जाकर तत्काल उनका उपचार करवाने में अपनी भूमिका अदा की। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बुधवार रात्रि में विधायक पुत्र लकी तनवे पवन धाम मंदिर से वापस लौट रहे थे, तब रास्ते में दुर्घटना में घायल दो युवक दिखे तो उन्होंने तत्काल अपनी स्वयं की गाड़ी में लेटा कर उन्हे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। इस अवसर पर लकी तनवे के साथ उनके मित्र और पूर्व पार्षद संदेश गुप्ता साथ थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस प्रकार की सेवा कार्य को पूर्ण कार्य माना गया है जिसमें हम किसी पीड़ित व्यक्ति की जान बचाने में सहयोगी बनते हैं। सुनील जैन ने बताया कि सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए राह-वीर योजना शुरू की गई है।

## एक अप्रैल से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी

**उज्जैन।** संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। यह खरीदी शासकीय कार्य दिवस में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी। सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपए अतिरिक्त बोनस देने का भी फैसला लिया है। प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। बताया जाता है कि इस बार उज्जैन जिले में 12 लाख 3 हजार 281 किसानों ने फसल बेचने के लिए पंजीयन करवाया है। इनके लिए 195 खरीदी केंद्र बनाए हैं। संभाग के अन्य जिलों में शाजापुर में 73878 किसानों ने, नीमच में 19445 ने, आगर-मालवा में 42446 ने, मंदसौर में 65195, देवास में 76442 ने और रतलाम में 45912 किसानों ने पंजीयन करवाए हैं।

## भादवामाता मंदिर में नवरात्रि पर घटस्थापना हुई

**नीमच** - जिले की तीर्थ महामाया भादवामाता जी जो कई रोगों से मुक्त करने वाली माता जी के नाम से भी जाना जाता है। भादवा माताजी के मंदिर पर चैत्र मास नवरात्रि महापर्व में शक्तिं की भक्तिं के दरबार में शुभ मुहूर्त में विधिवत रुप से विशेष-पूजाअर्चना के साथ महाआरती प्रारंभ होकर घटस्थापना की गई । इस अवसर पर विधायक दिल्ली से परिहार कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी और कर्मचारी और ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहेद्य भाड़ा माता संस्थान के मैनेजर अजय रन ने अन्य व्यवस्थाएं दी । इसके बाद माँ भादवा के मंदिर के ऊपर ध्वजा भी लगई गई । इस अवसर पर मौजूद थे जि.कलेक्टर हिमांशुचंद्रा,पुलिस एसपी. अंकित जायसवाल, विधायक दिलीपसिंह परिहार, एसडीएम संजीव साहू तहसीलदार-मृणालिनी तोमर जि.उपाध्यक्ष- अर्जुनसिंह सिसोदिया मंडल अध्यक्ष पूजा/अनिल शर्मा महेशगुजर सरपंच मिठूबाई/नवलकृष्ण सुरावत कारुलालजीपंडिया पटेल देवीलाल नागदा संस्था प्रबंधक अजय ऐरन मनीष दुबे पटवारी संयोग कुमार सचिव महेंद्र गुजर अन्य गणमान्य बंधुओं की भी उपस्थिति थी। इसी प्रकार से यहां आज से पूजा-अर्चना के साथ नवरात्रि में धार्मिक अनुष्ठान भी प्रारंभ हो गए दूरदराज से आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाए भी की गई है। यहां पर सभी श्रद्धालुओं को दर्शन करने की व्यवस्था बेरिगेट्स से कतारबद्ध होकर करना पड़ेगा। चैत्र नवरात्रि महापर्व पर सभी भक्त गणों ने माँभादवा के चौखट पर अपना शीश नवाकर माँभादवा से अपने सुखद जीवन व सुख सृमद्धि बनी रहे।

## मुख्यमंत्री का उज्जैन हेलीपैड आगमन पर जनप्रतिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया

**उज्जैर्न।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गुड़ी पड़वा चैत्र प्रतिपदा के पावन पर्व पर उज्जैन आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उज्जैन हेलीपैड आगमन पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल,विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर देवड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल,नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव,श्री संजय अग्रवाल,श्री रवि सोलंकी ने शाल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद,समाजसेवी उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### थ्रेशर मशीन में ग्रामीण का फंसा हाथ कटकर गिरा

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम गावडी में खेत पर चल रही थ्रेशर मशीन में ग्रामीण देवकरण पिता शंकरलाल 45 साल का हाथ फंस गया। मशीन की रफ्तार तेज होने पर हाथ कटकर गिर गया। देवकरण को लहूलुहान हालत में अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उज्जैन चरक अस्पताल रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि खून अधिक बहने से देवकरण की हालत गंभीर बनी हुई है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं की फसल काटने का काम चल रहा है। थ्रेशर मशीन से फसल निकाली जा रही है। जिसका पहला घातक परिणाम सामने आया है। हर साल फसल कटाई के दौरान इस तरह के हादसे सामने आते है। थोडी सी चूक और लापरवाही से जान के लिये मुसीबत बन जाती है।

### पुलिस को देख भागे जुआरी, चार को पकडा

**उज्जैन।** ग्राम सुन्दराबाद के जंगल में कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की खबर मिलने पर भाटपचलाना थाना पुलिस ने दबिश मारी। पुलिस को आता देख जुआरी भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर चार को हिरासत में ले लिया। एक भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने मौके से ताश पत्ती के साथ 36 सौ रूपये नगद बरामद किये। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी के अनुसार हिरासत में आये जुआरियों में किशन पिता धुलसिंह, जितेन्द्र पिता हुकुमसिंह ग्राम जलोदासंजर, भरत पिता भवंरलाल चौधरी, धारासिंह पिता फतेहसिंह मोंगिया निवासी ग्राम सुन्दराबाद है। मौके से फरार हुआ आरोपित महिपाल पिता शंभुसिंह ग्राम सुन्दराबाद होना सामने आया है। जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में जुआ एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले बिरलाग्राम थाना पुलिस ने ग्राम उमराना के जंगल में दबिश देकर चांद पिता अकबर, भवंरलाल पिता रामलाल, अरबाज पिता अय्यूब, हुसैन पिता मासूम निवासी ग्राम उमराना, बबलू उर्फ विकास पिता राजेन्द्र निवासी खाचरौद और आरिफ पिता मोहम्मद निवासी ग्राम खामरिया को पकड़ा था। जिनके पास से ताश पत्ती के साथ 10 हजार से अधिक की नगदी बरामद की गई थी।

### घायल ड्रायवर की 3 दिन बाद निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** ब्यावरा में तीन दिन पहले हुई दुर्घटना में घायल आयशर ड्रायवर को उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। जहां उपचार के दौरान गुरूवार-शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक ड्रायवर अनिल पिता तुलसीराम पंड्या 53 साल अंजुश्री कालोनी का रहने वाला था। 17 मार्च को आयशर लेकर राजगढ़ ब्यावरा से लौटते समय पीछे से आये ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिसके चलते अनिल की आयशर आगे चल रहे ट्राले से टकराई थी। जिसमें वह गंभीर घायल हुआ था। परिजन उसे ब्यावरा से उपचार के लिये उज्जैन ले आये थे। नानाखेड़ा थाना पुलिस मर्ग डायरी जांच के लिये ब्यावरा पुलिस को सौंपेगी।

### मासूम की अस्पताल से छुट्टी होने पर उत्तरप्रदेश लौटा परिवार

**उज्जैन।** उत्तरप्रदेश के गौंडा से आये गुप्ता परिवार की 5 वर्षीय मासूम स्वरा पिता राहुल गुप्ता को गुरूवार शाम महाकाल मंदिर परिसर में करंट लगा गया था। मासूम बालिका बेहोश हो गई थी। जिसे चरक अस्पताल में पीआईसीयू में भर्ती किया गया था। जहां उसे होश आ गया था, लेकिन स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी। चरक से डॉक्टरों ने इंदौर रैफर कर दिया था। महाकाल थाना प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने बताया कि बालिका को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां रातभर चले उपचार के बाद बालिका की हालत में सुधार आ गया। गुप्ता परिवार की शुक्रवार दोपहर उत्तरप्रदेश लौटने की ट्रेन थी। जिसके चलते डॉक्टरी परामर्श लेकर परिवार ने छुट्टी कराई और उत्तरप्रदेश लौट गया। परिवार ने मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### बाइक चालक ने घायल को पहुंचाया अस्पतल

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज के नीचे अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। युवक गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई, तभी बाइक से गुजर रहे धीरज गेहलोत निवासी किशनपुरा ने युवक को घायल हालत में देखा तो तत्काल अपनी बाइक पर बैठाकर उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार अस्पताल पहुंचाने वाले युवक की शिकायत पर सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। घायल का नाम राजू मीणा सामने आया है। जिसकी हालत में सुधार आने पर उसके बयान दर्ज किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 578-0 | 457-6 |
| मेन बाजार | 113-5 | 258-5 |
| कल्याण नाइट | 338-4 | 168-5 |
| मिलन डे | 379-9 | 269-7 |
| मिलन नाइट | 248-4 | 578-0 |
| मधुर डे | 589-2 | 480-2 |
| मधुर नाइट | 168-5 | 460-0 |
| शुभांक | 3 6 | 9 |

## आक्रोशित ग्रामीणों ने पत्थर-डंडे से फोडे कांच, चालक को पकड़ा...

# सायकल सवार 13 वर्षीय बालक पर चढ़ा डंपर का पहिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निर्माणाधीन मार्ग इंदौर सिक्स लेन पर शुक्रवार शाम सायकल सवार बालक पर डंपर का पहिया चढ़ गया। दुर्घटना में बालक की मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम देख ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। पत्थर-डंडे से डंपर के कांच फोड़ दिये गये। पुलिस ने घटनास्थल से चालक को पकड़ा है।

इंदौर-उज्जैन मार्ग को सिक्स लेन में तब्दील किया जा रहा है। मार्ग पर ब्रिज निर्माण से लेकर अन्य कार्य चल रहे है, मार्ग पर आवागमन भी जारी है। इसी बीच शुक्रवार शाम मार्ग के ग्राम आलमपुर उडाना में ह्दय विदारक सड़क दुर्घटना हो गई। सायकल से किराना दुकान की ओर जा रहे बालक पर पीछे से आया डंपर क्रमांक एमपी 11 एच 1285 ने बालक को टक्कर मार दी। बालक के गिरते ही पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। बालक की दबने से मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम देख ग्रामीणों का आक्रोश फूट पडा, उन्होने पत्थर-डंडे से डंपर के कांच



फोड़ दिये। चालक ने भागने का प्रयास किया जिसे पकड़ लिया गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही नानाखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। चालक को कस्टडी में लिया गया और डंपर को जप्त करने की कार्रवाई करने के साथ मृतक का बालक को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। बालक का नाम आदित्य पिता राजेश अग्रवाल 13 साल निवासी आमलपुर उडाना सामने आया। बताया जा रहा था कि मृतक बालक दादा-दादी और मां के साथ रहता है। उसकी एक बहन है। पिता काम धंधे के चलते गुजरात में रहते है। प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। शनिवार सुबह बालक का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। डंपर मार्ग निर्माण कार्य में लगा हुआ है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

### इधर भी दुर्घटना के बाद हुआ विवाद

शुक्रवार शाम नीलगंगा थाना क्षेत्र के हरिफाटक ब्रिज से इंदौररोड की ओर जाने वाले निर्माणाधीन मार्ग पर जेसीबी और स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। स्कूटी क्षतिग्रस्त होने पर युवको ने जेसीबी चालक के साथ मारपीट कर दी। कुछ देर बाद मामला शांत हुआ और स्कूटी में नुकसान की क्षतिपूर्ति देने की बात तय हुई। जेसीबी चालक ने ठेकेदार को बुलाया, ठेकेदार स्कार्पियों लेकर पहुंचा और स्कूटी सवार युवकों से चर्चा करने लगा। तभी दोबारा विवाद शुरू हो गया। युवकों ने स्कार्पियों के कांच फोड़ दिये। विवाद की जानकारी लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि कांच फोडने वाले 4 युवकों को पकडा गया है। जो हाटकेश्वर कालोनी और पंवासा के रहने वाले है। मामले में उनकी ओर से जेसीबी चालक पर टक्कर मारने का प्रकरण दर्ज किया गया। वही मार्ग निर्माण के ठेकेदार की शिकायत पर उसकी स्कार्पियों के कांच फोडने का केस दर्ज कर जांच में लिया गया।

### निर्माणाधीन सिक्स लेन पर रोज दुर्घटना

इंदौर-उज्जैन के बीच बन रहे सिक्स लेन पर आये दिन दुर्घटना होना सामने आया रहा है। निर्माण कार्यो में लगे वाहनों के साथ चार पहिया वाहनों से दो पहिया वाहनों की टक्कर हो रही है। मार्ग इंदौर-उज्जैन को जोडने वाला मुख्य मार्ग है। जिसके चलते आवागमन भी जारी है। इस मार्ग पर हर दिन जाम लगने की खबरे भी सामने आ रही है।

# ईद से पहले फ्लैग मार्च पर निकला पुलिस का काफिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुस्लिम समुदाय का पर्व ईद-उल-फितर आज मनाया जायेगा। इससे पहले शुक्रवार शाम कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस का काफिला फ्लैग मार्च पर निकला। अपील की गई कि त्यौहार शांति, सौहार्द्र के साथ मनाया जाये।

पवित्र रमजान के 30 दिन पूरे होने और शुक्रवार शाम चांद दिखाई देने पर मुस्लिम समुदाय आज ईद-उल-फितर का पर्व मनाने जा रहा है। इससे पहले देर शाम पुलिस ने कानून व्यवस्था को बनाये रखने और सुरक्षा की दृष्टि से शहर में फ्लैग मार्च किया। एसपी प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में एएसपी, सीएसपी, थाना प्रभारियों, पुलिस बल के साथ पुलिस वाहनों का काफिला शहर में फ्लैग मार्च पर निकला। इस दौरान चिन्हित संवेदनशील क्षेत्र और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण किया गया।

इस दौरान अधिकारियों द्वारा पुलिस की सक्रियता और उपस्थिति को सुनिश्चित किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान बलवा ड्रिल की गई। वायरलेस और अन्य संचार उपकरणों के माध्यम से समन्वित कार्रवाई का अभ्यास किया गया। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि त्यौहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द्र और शांति के साथ मनाये। किसी प्रकार की अफवाहों पर



ध्यान ना दे और सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित ना करे। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दें। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस ने ईद पर्व से पहले कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से मार्च किया।

### आज ईदगाह पर अता होगी मुख्य नमाज

मुस्लिम समुदाय के पर्व ईद-उल-फितर की मुख्य नमाज चिमनगंज थाना क्षेत्र के ईदगाह स्थित पर अता की जायेगी। सुबह शहरकाजी खलिकुर्रेहमान नमाज अता कराकर शहर और देश में अमन शांति की दुआ मांगेंगे। ईदगाह पर नमाज के बाद शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अता कराई जायेगी। ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी गुरूवार देर शाम से शुरू कर दी गई थी। वहीं शहर की अन्य मस्जिदों में शुक्रवार सुबह 6 बजे से पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

### संघ ने मनाया होली मिलन

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे आज दिनांक 20.03.2026. को वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन के पदाधिकारियों द्वारा उज्जैन संभाग कार्यालय पर हेमराज घावरी उज्जैन संभाग अध्यक्ष, रवि सीहोते जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे होली मिलन समारोह के आयोजन को भव्य रूप से मनाया गया।

पश्चिम रेलवे-रतलाम मण्डल
निविदा सूचना
M247GLRSG7BOGIE252633
DATE 19.03.2026
**कार्य का नाम:-** WAG-7 लोको की बोगी फ्रेम का रिपेयर/ओवरहोलिंग। स्थान: मु. का. प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय, **2. कार्य की अनुमानित लागत:-** Rs.1,25,76,907/-, **3. बयाना राशि:-** Rs. 2,51,600/-. **4. ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:-** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 08.04.2026 को 14.30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। **5. निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता :-** www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical.
17/1/518
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# अनैतिक काम करने वाला पकड़ाया

**उज्जैन।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के बाद अनैतिक काम करने वाले युवक को 45 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 साल की बालिका 31 जनवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की। 2 दिन बाद बालिका को दस्तयाब किया गया। इस दौरान सामने आया कि उसके साथ शिक्षक कालोनी में रहने वाले कान्हा पिता प्रकाश 20 वर्ष ने अनैतिक काम किया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बालिका के बयान दर्ज कर मामले में अनैतिक काम करने की धारा का इजाफा कर युवक की तलाश शुरू की गई, वह लगातार फरार चल रहा था। 45 दिन बाद



गुरूवार रात खबर मिली कि उक्त युवक अपने घर आया हुआ है। तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, आरक्षक हेमराज खरे, कैलाश गरवाल और महिला आरक्षक ज्योति हाडा की टीम को रवाना किया गया। टीम द्वारा शिक्षक कालोनी में घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकडा और थाने लेकर आये। जहां विधिवत उसकी गिरफ्तारी कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश होने पर उसे जेल भेजा गया है।

# अभिभाषक पर दंपति ने किया कातिलाना हमला

**उज्जैन।** दोस्त के साथ गुरूवार रात कॉफी क्लब पहुंचे अभिभाषक पर पुराने विवाद में दंपत्ति ने अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर कातिलाना हमला कर दिया। गंभीर घायल अभिभाषक का निजी अस्पताल के आईसीयू में उपचार चल रहा है।

नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ट्रेजर बाजार चौराहा के पास कॉफी क्लब बना हुआ है। रात में 11 बजे के लगभग विवाद होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। इस दौरान घायल हालत में यश पिता योगेश भार्गव 27 साल निवासी विश्वविद्यालय मार्ग को गंभीर हालत में उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया चुका था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि घायल अभिभाषक है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी प्राप्त की तो सामने आया कि यश भार्गव दोस्त के साथ कॉफी पीने क्लब पहुंचा था। जहां उस पर आशीष सारवान, उसकी पत्नी और 8-10 साथियों ने लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से मारने की नियत से हमला किया है। आशीष से जनवरी में लंगर पेट्रोल पंप के पीछे कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। उसकी की रंजीश चली आ रही थी। रात में आशीष और उसकी पत्नी भी ट्रेजर बाजार आये थे, जहां यश को देख अपने साथियों को बुलाया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में हमला करने वाले आशीष और उसकी पत्नी सहित अन्यों के खिलाफ धारा 109 (1), 191 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती आशा ओमप्रकाश लाला पति श्री ओमप्रकाश श्यामसुंदर लाला हाल निवासी उज्जैन ने शीतल तेजनकर पिता पी.एन. तेजनकर निवासी उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक -ए 22 ए- /14, श्रेणी- एल.आई.जी., वसंत विहार योजना, उज्जैन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 142.20 वर्ग मीटर को विधिवत विक्रय पत्र पंजीयन क्र- एमपी 171 जीआर 18842026 ए 100295540 दिनांक- 14.03.2026 द्वारा क्रय कर लिया है किन्तु क्रय करने उपरांत पूर्व संपत्ति स्वामी से जब मेरे पक्षकार ने समस्त चेन दस्तावेजों की मूल प्रतियां प्रदत्त करने हेतु निवेदन किया तो पूर्व स्वामी शीतल तेजनकर के पास चेन दस्तावेजों में से पूर्व चेन दस्तावेज क्र- 3917 दिनांक 29.03.2014 एवं दस्तावेज क्रं. एमपी 432022016 ए1531471 दिनांक 14.09.2016 की मूल प्रति उपलब्ध नहीं थी जिनके द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों दस्तावेजों की मूल प्रतियां उनसे कहीं गुम हो गई है तथा मिल नहीं रही है तथा इस संबंध में शीतल तेजनकर के द्वारा पुलिस थानों माधवनगर में भी दस्तावेज गुम होने की सूचना देना बताया है। अत: यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकी उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इंति दिनांक 20.03.2026

**सुदर्शन पी. लढा, एडव्होकेट**
**ए-14, भरतपुरी कांप्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 9826279028**

### जाहिर सूचना / आपत्ति सूचना (विधिक प्रावधान सहित)

सर्वसाधारण एवं समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मैं कल्पना लूनिया पति हुकुम चंद लूनिया, निवासी 78 कंचन बाग जी.पी., इंदौर, द्वारा यह आपति सूचना प्रकाशित कराई जाती है कि- पटवारी हल्का नम्बर 14 ग्राम पानबिहार, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 83 रकबा 0.74 हेक्टर, सर्वे नम्बर 84 रकबा 0.43 हेक्टर, सर्वे नम्बर 85/2 रकबा 0.22 हेक्टर सर्वे नम्बर 815 रकबा 1.85 हेक्टर मे से रकबा 0.77 हेक्टर, कुल किता 04 कुल रकबा 2.16 हेक्टर, के संबंध में मेरा विधिवत विक्रय अनुबंध दिनांक 05-02-2026 को 1- केशर बाई पति मागीलाल 2 कन्हैयालाल पिता मांगीलाल 3- जगदीश मालवीय पिता मांगीलाल 4- दिलीप मालवीय पिता मांगीलाल समस्त जाति बलाई निवासीगण बलाई मोहल्ला ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के साथ संपन्न हुआ है। अत: उक्त भूमि पर मेरा वैधानिक अधिकार एवं दावा लंबित है, जिस पर मैं विधिवत आपत्ति दर्ज करती हूँ। यह भी सूचित किया जाता है कि- 1. उक्त अनुबंध भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अंतर्गत वैध एवं बाध्यकारी है। 2. प्रार्थी को उक्त अनुबंध के पालन हेतु विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अंतर्गत न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने का अधिकार सुरक्षित है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का क्रय-विक्रय, अनुबंध, रजिस्ट्री या लेन-देन न करें। यदि कोई व्यक्ति इस सूचना के बावजूद लेन-देन करता है, तो वह स्वयं के जोखिम पर एवं पूर्णत: उत्तरदायी होगा, तथा उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। यह सूचना भविष्य में किसी भी न्यायालयीन कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपयोग की जाएगी।

दिनांक 20/03/2026 स्थान- उज्जैन

**कल्पना लूनिया पति हुकुम चंद लूनिया**
**निवासी 78 कंचन बाग जी.पी., इंदौर मो. न. 98260 26550**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड/भवन क्रमांक 30 संयुक्त मानचित्र अनुसार व नगर निगम द्वारा दी गई विकास अनुमति के साथ संलग्न मानचित्र में भूखण्ड/भवन क्रमांक 31 महालक्ष्मी नगर शक्करवासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 74.36 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड़ पर वर्तमान में दो भागों में दो मंजिला भवन निर्मित हैं, उपरोक्त वर्णित दोनों भवन भागों को मेरे पक्षकारों ने भवनस्वामी श्रीमती मंजुला पटेल पति श्री राकेश कुमार पटेल, निवासी-29/1, महालक्ष्मी नगर, उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर भवनस्वामी को बयाना राशि अदा कर दी हैं, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना हैं। उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 5 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 20 /03 /2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**कार्यालय -शॉप नंबर ए 17 भारतपुरी परिसर**
**उज्जैन मप्र.मोबाइल 9827 299159**


### जाहिर सूचना

भवन क्रमांक बी-46/12 एम.आई.जी. त्रिवेणी विहार आवासीय योजना उज्जैन के सबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी/विक्रेता श्री रामगोपाल पाटीदार पिता श्री रामकरण पाटीदार, श्रीमती दमयंती पाटीदार पति श्री रामगोपाल पाटीदार निवासी एच. 14/12 सीनियर एम.आई.जी. ऋषिनगर उज्जैन से उनके स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का उक्त भवन जिसका क्षेत्रफल 135 वर्गमीटर होकर इस भवन की चतुर्सीमा इस प्रकार है उत्तर/पुर्व में भवन क्रमांक बी-46/11, दक्षिण/पश्चिम में भवन क्रमांक बी-46/13, पश्चिम/उत्तर में सडक, पूर्व / दक्षिण में भवन क्रमांक बी-46/5 व बी-46/6 स्थित होकर उक्त भवन को क्रय करने का लिखित अनुबंध पत्र संपादित किया गया है व बयाना राशि अदा कर दी गई है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का संपादन होना शेष है। कतिपय लोगो के द्वारा उक्त भवन का फुटरचित अनुबंधपत्र भाग्यश्री शर्मा पति विभव द्विवेदी निवासी मोर्वाल कालोनी के सामने डायवर्जन रोड बडनगर के पक्ष में संपादित करा दिया था इस अनुबंधपत्र से विक्रेता/भवनस्वामी का कोई सबंध सरोकार नही है। यदि उक्त भवन पर किसी व्यक्ति संस्था, बैंक का कोई ऋण भार बोझ आदि बकाया हो या अन्यथा भारीत हो या किसी दीगर व्यक्ति को उक्त भवन के विक्रय पर कोई विधिक आपत्ति हो या अन्यथा कोई हित. अधिकार या सुखाधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 3 दिन की अवधि में मेरे कार्यालय में लेखी में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त भवन का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अपने हित में निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा एवं नियत अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं रहेगी सूचित हो । इति दिनांक 21.03.2026

**गणेश कुमावत, अश्विन कुमावत**
**अधिवक्तागण कार्यालय - भार्गव काम्पलेक्स तीन बत्ती चौराहा फीगंज उज्जैन**
**मो. 9827381808, 9200092666**

# अहंकार को नष्ट करो



परमेश्वर के साथ एकात्मता ही अहंकार के नाश का दूसरा नाम है। क्या अहंकार कभी स्वयं को नष्ट करने के लिए तैयार हो सकता है? यह प्रश्न अहंकार को नष्ट करने के बजाय उसका सम्मान करने का निश्चित तरीका है। यदि आप अहंकार को खोजेंगे, तो पाएंगे कि उसका अस्तित्व नहीं है। यही उसे नष्ट करने का तरीका है। अपने भीतर झांको, तो दिखावटी अहंकार और अज्ञान अपने आप दूर हो जाएंगे। यह मैं कहां से उत्पन्न होता है? इसे अपने भीतर खोजो; तब यह विलीन हो जाता है। यही ज्ञान की खोज है। यदि प्रथम पुरुष, मैं विद्यमान है, तो द्वितीय और तृतीय पुरुष, तुम और वह भी विद्यमान होंगे। मैं के स्वरूप की खोज करने से मैं का नाश हो जाता है। इसके साथ ही, तुम और वह का भी नाश हो जाता है। परिणामस्वरूप जो अवस्था परम सत्ता के रूप में प्रकाशमान होती है, वही हमारी स्वाभाविक अवस्था, आत्मा है। अहम वृत्ति (मैं का विचार) टूट जाता है, जबकि अहम स्फुरण (मैं का प्रकाश) अटूट और निरंतर बना रहता है। विचारों के शांत होने के बाद प्रकाश चमकता है। मैं के स्वरूप वाली व्यक्तिगत आत्मा ही अहंकार है। बुद्धि (चित्त) के स्वरूप वाले आत्म में मैं का बोध नहीं होता। न ही अचेतन शरीर में मैं का बोध होता है। बुद्धिमान और अचेतन के बीच प्रकट होने वाला भ्रामक अहंकार ही इन सभी समस्याओं का मूल कारण है। किसी भी प्रकार से इसका नाश होने पर, जो वास्तव में विद्यमान है, वह अपने वास्तविक स्वरूप में प्रकट होगा। इसे ही मोक्ष कहते हैं। जैसे कूड़ा फेंकने वाले को उसका विश्लेषण करने या यह देखने की आवश्यकता नहीं होती कि वह क्या है, वैसे ही आत्मा को जानने वाले को श्रेणियों की संख्या गिनने या उनके गुणों की जांच करने की आवश्यकता नहीं होती; उसे केवल उन श्रेणियों को पूरी तरह से त्याग देना होता है, जो आत्मा को छिपाती हैं। संसार को एक सपने के समान समझना चाहिए। प्रथम कारक (जो कर्ता कारक है) प्रकट हो या न हो, जिन वाक्यों में अन्य कारक प्रकट होते हैं, उनका आधार प्रथम कारक ही होता है; इसी प्रकार, हृदय में उत्पन्न होने वाले सभी विचार, प्रथम मानसिक गुण मैं (अहंकार) और मैं शरीर हूं (मैं शरीर हूं) के बोध पर आधारित होते हैं; अतः अहंकार का उदय अन्य विचारों के उदय का कारण व स्रोत है; इसलिए यदि संसार (जन्म के बंधन) के मायावी वृक्ष की जड़, अहंकार रूप के आत्म-अभिमान का नाश हो जाए, तो अन्य सभी विचार उखड़े हुए वृक्ष की तरह पूर्णतः नष्ट हो जाएंगे। हमें केवल उस शाश्वत सत्य की खोज करनी चाहिए, जो बाधाओं के कारण अज्ञात है। अज्ञान ही बाधा है। इसे दूर करो, सब कुछ ठीक हो जाएगा।



सम्पादकीय

## आर्थिक ईमानदारी

पश्चिम एशिया में युद्ध का तनाव बढ़ता जा रहा है और तमाम देशों में असर दिखने लगा है। भारत में भी कई आर्थिक मोर्चों पर बहुत दबाव दिख रहा है। शेयर बाजार का हाल इतना बुरा है और वहां जैसी गिरावट देखी जा रही है, वैसी कोविड-लॉकडाउन के समय देखी गई थी। विदेशी निवेशकों द्वारा मार्च के पहले पखवाड़े में 17 महीनों में सबसे तेज गति से शेयर बेचने के बाद, यह भारत के शेयर बाजार सूचकांक का सबसे खराब पखवाड़ा बनने की ओर अग्रसर है। गुरुवार, 19 मार्च, 2026 को बीएसई में 2000 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखी गई। गौर करने की बात है, विदेशी निवेशकों ने पिछले दो सप्ताह में भारतीय बाजार से 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं। दुनिया में युद्ध का तनाव बढ़ा है, तो पैसा अपने सुरक्षित ठिकानों की ओर भाग रहा है। दिसंबर में समाप्त हुई तिमाही में सुधार के संकेत साफ दिखे थे, लेकिन युद्ध ने इस चालू तिमाही में सुधार की उम्मीदों को धूल में मिला दिया है।

पहली बात तो यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत हद तक विदेशी तेल पर निर्भर है। कच्चे तेल का आयात प्रभावित हुआ है, तो जाहिर है, भारतीय उद्योगों में चिंता फैल गई है। ज्यादा दिन नहीं बीते, अमेरिकी टैरिफ संकट के बावजूद हमारा बाजार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था और उसमें ऐसी कोई गिरावट नहीं दिखी थी। इसकी एक वजह यह भी है कि टैरिफ संकट के समय भारत को कच्चे तेल की आसान आपूर्ति हो रही थी। अब जब आपूर्ति प्रभावित हुई है, तो हमारे विकास की रफ्तार पर असर होता दिख रहा है। वैसे, शेयर बाजार में गिरावट का अर्थव्यवस्था पर तत्काल असर नहीं पड़ता है, लेकिन यह एक पूर्व संकेत होता है। अभी भी अगर युद्ध थम जाए, तो शेयर बाजार भी संभल जाएगा और हमारी आर्थिक वृद्धि भी पटरी पर दौड़ती रहेगी। वैसे यह अच्छी सूचना है कि रूस और ऑस्ट्रेलिया से गैस मंगाकर आपूर्ति का इंतजाम किया जा रहा है। घबराहट में जमाखोरी न करने के लिए कहा गया है। वाकई, अगर जितनी जरूरत है, उतने ईंधन का इंतजाम हम करते हुए चलें, तो तात्कालिक अभाव को संकट में बदलने से रोक पाएंगे। हालांकि, एक संकेत है कि लोग रुपया अपने पास रखने लगे हैं। तभी गुरुवार को चांदी के भाव में भी गिरावट आई और सोना भी गिरा। हालांकि, इसके लिए अमेरिकी केंद्रीय बैंक को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। चूंकि खुद अमेरिका भी युद्ध से तनाव में है, तो वहां बैंक ने ब्याज दरों के साथ किसी भी छेड़छाड़ से परहेज किया है।

000000

# युद्ध का नया हथियार डिजिटल गड़बड़ी



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

संचार क्रांति से हमें वैश्विक वार्तालाप एवं समुद्र तथा आसमान में मार्गदर्शक सुविधाएं प्राप्त हैं। किंतु अब यही सुविधाएं होर्मुज जलडमरूमध्य के संकीर्ण मार्ग में जहाजों के भटकाव का आधार बन रही हैं। जिस जीपीएस प्रणाली से चालक दल अपना समुद्री मार्ग निर्धारित करते हैं, उसमें अब इलेक्ट्रोनिक गड़बड़ी पैदा करके जहाजों को भटकाया जा रहा है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे घमासान में समुद्र और आसमान के बीच नेविगेशन अर्थात सही मार्ग से भटकाव का संकट पैदा कर दिया है। युद्ध में सेनाएं और तकनीकी विशेशज्ञ जीपीएस-जैमिंग (रेडियो सिग्नल) और स्पूफिंग (छद्म पहचान) का सहारा लेती हैं। इसका सबसे ज्यादा असर होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा के सामने ये मार्गदर्शक तकनीक बधाएं खड़ी कर रही हैं। इसके चलते सागर में गतिमान व्यापारिक जहाज अपनी वास्तविक स्थिति से एक तो अलग-थलग दिखाई दे रहे हैं, दूसरे तय मार्ग से भटक भी रहे हैं। युद्ध क्षेत्र में यह जोखिम इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि गलत दिशा में गया जहाज सीधे टकराव, उथले पानी या हमले की जद में आ जाता है।

जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की साइबर सुरक्षा शोधकर्ता अन्ना रेमेकर के अनुसार आधुनिक जहाजरानी उपग्रह आधारित जीपीएस पर अत्याधिक निर्भर है। यह प्रणाली पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों से आने वाले संकेतों के आधार पर मानचित्र में जहाज की स्थिति निष्चित जगह बताती है। रिसीवर इन रेडियो संकेतो के पहुंचने में लगने वाले समय की गणना करके स्थल निर्धारित करता है। चूंकि समुद्र की सतह या धरती पर पहुंचते-पहुंचते ये संकेत अत्यंत कमजोर हो जाते हैं, इसलिए इनमें हस्तक्षेप करना सरल होता है। जीपीएस संबंधी बधाएं दो तरीकों से डाली जाती हैं, एक जैमिंग और दूसरी स्पूफिंग। जैमिंग में हमलावर विद्युत-चुबंकीय शोर पैदा करके असली उपग्रह संकेतो को भ्रामक बना देते हैं। इस कारण रिसीवर या चालक संकेत समझ नहीं पाने के कारण भटक जाते है। ऐसी स्थिति में नेविगेशन स्क्रीन स्थिर हो सकती है या अचानक गलत दिशा दिखाने लगती है। जीपीएस जैमिंग में व्यवधान पैदा करने की दृश्टि से सेनाएं उसी फ्रीक्वेंसी पर हाई-इंटेसिटी रेडियो सिग्नल भेजती हैं, जिसका उपयोग जीपीएस सिस्टम करता है।

स्पूफिंग एक ऐसी जटिल तकनीक है, जो असली पहचान छिपाकर छल-कपट करने में दक्ष होती है। इसमें उपग्रह से भेजे जाने वाले नकली संकेत इस प्रकार भेजे जाते है कि जहाज का रिसीवर उन्हें अस्ली समझ लेता है। यह संकेत 20000 किमी की दूरी तय करके सतह पर आते है। परिणामस्वरूप जहाज की लोकेशन गलत दिखाई देने लगती है। यदि जहाज उत्तर दिशा में जा रहा हो तो जीपीएस प्रणाली उसे दक्षिण दिशा में जाना दिखाने लगती है। खुले एवं सपाट समुद्र में इस गड़बड़ी की असली पहचान बेहद कठिन हो जाती है। ऐसी स्थिति में जलडमरूमध्य जैसे संकीर्ण मार्गों में यह स्थिति खतरनाक बन जाती है, क्योंकि तब गलियारा सकरा होने के कारण शत्रु द्वारा किसी जहाज को निशाना बनाना आसान हो जाता है। होर्मुज जैसे संकरे समुद्री मार्ग में संकट इसलिए अधिक हो जाता है, क्योंकि यहां जल की गहराई तीव्रता से बदलती रहती है और जहाजों के पास दिशा सुधारने के लिए बहुत कम समय होता है। तेल और गैस जैसे बड़े मालवाहक जहाज अत्यंत धीमी गति से मुड़ते हैं, इसलिए मामूली गलती भी टकराव या हमले का कारण बन जाती है। होर्मुज क्षेत्र को वैष्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार का सबसे अधिक संवेदनशील केंद्र माना जाता है। दुनिया का 20 प्रतिशत ऊर्जा व्यापार इसी मार्ग से होता है। कतर जैसे देशों से होने वाली तरल प्राकृतिक गैस की अधिकतम आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। ऊर्जा के प्रमुख निर्यातक देश ईरान, सऊदी अरब, ईराक, कुवैत और यूएई के लिए यह एक मात्र प्रमुख समुद्री व्यापारिक रास्ता है। यह रास्ता ओमान और ईरान के बीच स्थित फारस की खाड़ी में है। इस मार्ग का सबसे सकरा हिस्सा मात्र 21 मील चौड़ा है, जिससे यहां परिवहन कठिन होता है। यहां तेल टैंकरों पर सबसे ज्यादा हमले होते है। बावजूद वैश्विक ऊर्जा की सप्लाई की यह जीवन रेखा है।

जहाजों की सुरक्षा चुनौती केवल जीपीएस में गड़बड़ी तक सीमित नहीं है। जहाजरानी कंपनियां रैंसवेयर सप्लाई चैन हमलों और जहाजों के इंजन प्रोपल्शन एवं नेविगेशन नियंत्रण प्रणालियों पर भी डिजिटल हमलों के खतरे बढ़ गए हैं। उपग्रह इंटरनेट और रिमोट निगरानी के उपयोग से ज्यादा जुड़े हुए हैं। इस कारण मार्गों पर साइबर हमलों की संख्या बढ़ गई है। इन इलेक्ट्रोनिक हमलों को प्रशिक्षित चालक दल इसलिए ठीक-ठीक नहीं समझ पाता है, क्योंकि उन्हें केवल ई-मेल फिशिंग और यूएसबी सुरक्षा का प्रशिक्षण देने तक सीमित रखा जाता है। जबकि वास्तविक समुद्री संकट तब पैदा होता है, जब नौका चालन प्रणाली को जैमिंग और स्पूफिंग तकनीक के जरिए भटकाने के प्रयास कर दिए जाते है। ऐसे में चालक दल को यह समझना कठिन होता है कि यह तकनीकि खराबी है अथवा साइबर हमला। ऐसी स्थिति इसलिए पैदा हो जाती है, क्योंकि सबकुछ डिजिटल कर दिया गया है। जबकि पारंपरिक नौवहन कौशल से जुड़ी शिक्षा लगातार कम हो रही है। इस कारण अनेक व्यापारिक जहाजों पर अब मानचित्र और कागजी संकेत रहते ही नहीं हैं। खगोलीय-नौवहन का अभ्यास भी बहुत कम रह गया है। ऐसे में यदि इलेक्ट्रोनिक प्रणालियां बाहरी प्रभाव से गड़बड़ा दी जाती हैं तो चालक दल के पास वास्तविक स्थिति को जानने का कोई आधार नहीं रह जाता है।

भारत ने समुद्री मार्ग को पहचानने के लिए अपने उपग्रहों की संख्या विकसित कर ली है। इस श्रृंखला में उपग्रह आईआरएनएसएस-1-ए, आईआरएनएसएस 1-बी, आईआरएनएसएस 1-सी, 1-डी, एवं 1-ई, जनवरी 2016 में और छठा आईआरएनएसएस 1-एफ मार्च 2016 में अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिए गए हैं। हालांकि नौवहन सेवाएं चार उपग्रहों से भी संचालित की जा सकती रही हैं, लेकिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने निगरानी प्रणाली को दोशमुक्त व सटीक बनाए रखने के लिए पूरे जीपीएस को 9 उपग्रहों से जोड़ दिया है। इन उपग्रहों में परस्पर अंतर्सबंधों के चलते नाविक नामक यह प्रणाली भूमि आकाश व समुद्री सतहों पर दिशा व दूरी की सूचनाएं जहाजों के चालक दल को देती है।

## आदर्श श्मशान

टिकैतगंज गांव में जब 'घपलेराम' ने प्रधानी का चुनाव जीतने के लिए मृत्यु को ही अपना चुनावी मुद्दा बनाया, तो यमराज भी स्वर्ग में बैठकर अपनी भैंसे की लगाम ढीली कर हंसने लगे होंगे। घपलेराम का तर्क था कि जन्म लेना तो एक निजी दुर्घटना है, लेकिन मरना एक 'सामुदायिक उत्सव' होना चाहिए। उन्होंने गांव के जर्जर श्मशान को 'मुक्तिधाम लग्जरी रिजॉर्ट' बनाने का वादा किया, जहाँ चिता की राख से सीधे आर्गेनिक खाद बनेगी और स्वर्ग जाने वालों के लिए 'वीआईपी गेट' लगवाया जाएगा। उनके चुनावी कार्यालय में विकास की फाइलें इतनी धूल खा रही थीं कि अगर उन्हें झाड़ा जाता, तो पूरे गांव को दमे की बीमारी मुफ्त में मिल जाती। घपलेराम कहते थे कि जनता को रोटी, कपड़ा और मकान से ज्यादा 'गरिमामय विदाई' की जरूरत है, क्योंकि जिंदा आदमी तो शिकायत करता है, लेकिन मुर्दा हमेशा मौन समर्थन देता है।

चुनाव से ठीक एक रात पहले घपलेराम ने गांव के बीचों-बीच एक विशाल सोने जैसा दिखने वाला संदूक रखा और घोषणा की कि इसमें 'अमरता का अमृत' रखा है। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी उन्हें वोट देगा, उसे एक विशेष 'अमरता कोड' मिलेगा, जिसे यमराज के दूत भी नहीं काट पाएंगे। पूरे गांव में होड़ मच गई; लोग अपनी आधी-अधूरी जिंदगी छोड़कर उस संदूक के दर्शन के लिए कतार में लग गए। घपलेराम ने संदूक पर लेजर लाइटें लगवा दीं और वहां एक छोटा सा फॉर्म भरवाना शुरू किया–'अमरता प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र'। विपक्षी उम्मीदवार 'ढपोरशंख' इस नई तकनीक के सामने चारों खाने चित थे, क्योंकि वे केवल जीवितों के लिए वादे कर रहे थे, जबकि घपलेराम ने परलोक में भी अपनी ब्रांच खोल दी थी। जनता को लगा कि बस, अब न बुढ़ापा आएगा और न ही सरकारी अस्पताल के धक्के खाने पड़ेंगे। जिस सुबह घपलेराम भारी बहुमत से विजयी घोषित हुए, पूरा गांव ढोल-नगाड़ों के साथ उस संदूक का ताला खुलवाने पहुँचा। घपलेराम ने बड़े शान से ताला खोला, तो संदूक के अंदर से केवल एक फटा हुआ आईना और एक प्लास्टिक का खिलौना-सा सांप निकला। जनता के बीच सन्नाटा छा गया, तभी घपलेराम दहाड़ कर बोले– भाइयों और बहनों! अमृत तो आप सबके भीतर की 'उम्मीद' थी जिसे मैंने पी लिया और अब मैं अगले पांच साल के लिए अजेय हो गया हूँ।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 मार्च 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:33 सूर्यास्त 18:35
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - चतुर्थी 21:16 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - भरणी 22:42 उपरांत कृतिका
योग - वैधृति 15:41 उपरांत विष्कुंभ
करण - वणिज
चन्द्रमा - मेष में है। 28:13 पर वृषभ में प्रवेश करेगा।

**मेष-** कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।

**वृषभ-** बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन-** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या-** मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**धनु-** किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**मकर-** यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें।

**कुंभ-** थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

व्यंग्य

## आदमी की कुत्ता फजीहत



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

हर आदमी में एक ठो कुत्ता होता है और हर कुत्ते में एक ठो आदमी। जब कभी आदमी के अंदर कुत्ता जाग जाता है तो वो जनसंख्या वृद्धि का राष्ट्रीय समारोह सड़कों पे ही परफॉर्म करने लगता है। सड़क पे उसकी ये क्यूपीड वाली कलाबाजियां देख कर तो सकल कुत्ता समाज भौचक्का रह जाता है। कुत्ते बापड़े समझ ही नहीं पाते कहां जाए ? क्या करे ?यही तो एक ऐसा इलाका था जिसमें कुत्तों को आदमी से किसी चैलेंज की कोई उम्मीद नहीं थी मगर अब तो वहां भी धाकड़ मानव लंगोट कस के मुकाबले के लिए उतर आए हैं। पी आर के इस अमृत काल में आदमी के पास तो वात्सायन जैसा लव गुरु भी है। बापड़ा कुत्ता पता नहीं क्या करेगा ......!

दुम हिलाने की दुर्लभ कलां आदमी ने कुत्तों से सीखी है या कुत्तों ने आदमी से ये बड़ी जटिल गुत्थी है जो अभी सुलझाई जाना बाकी है। खैर जो भी हो कभी कभी क्या अक्सर ही आदमी बिना दुम का कुत्ता होता है तो कुत्ता दुम दार आदमी।जब बिना दुम का ये कुत्ता ताकतवर हो जाता है तो सबसे पहले अपने मार्गदर्शक को ही मार्गदर्शक मंडल में भेज देता हैजबकि दुम दार आदमी ताकतवर हो या न हो अपने मार्गदर्शक के मार्ग को बाधित करने वाली मौत को अपनी मौत बना लेने में भी चूकता नहीं है। चूकता तो बिना दुम का कुत्ता भी नहीं बस मौका मिलते ही सारे संबंधों को बिना डकार लिए निगल जाता है। आदमी कही का। आदमी ही रहेगा कुछ भी कर लो।

कुत्तों में सूंघने की अद्भुत खूबी होती है। बिना सूंघे उसका काम ही नहीं चलता वो चाहे अपनी मेहरारू कुतिया को चिनना हो या चोर को पकड़ना हो। बिना सूंघे तो वो किसी भी काम का नहीं रह जाता। ऐसा भी नहीं कि आदमी सूंघता ही नहीं। सूंघता है वो भी... मगर वो बात नहीं जो इन कमबख्त कुत्तों में होती है। औरते हो तो शराब सिगरेट सूंघ लेगी नेता होगा तो जोरू जमीन और दौलत तीनों सूंघ लेगा कॉरपोरेट होगा तो सरकार की गोपनीय व्यापारिक नीतियों को सूंघ लेगा कवि होगा तो लतीफों को सूंघ लेगा लेकिन ये सूंघना भी कोई सूंघना है लल्लू।सूंघते तो कुत्ते महाराज है। आदमी के कुत्ते बनने की क्रिया सापेक्षिक होती है । कुत्ता एक ही समय में क के लिए कुत्ता तो ब के लिए बिल्ली भी हो सकता है। और यदि बात चाचा चौधरीकी हो तो उसको चूहा होने में भी गर्व होता है। हो भी क्यों न आखिर चूहा छोटी छोटी आंखों वाले गणेश जी की सवारी जो ठहरा। उसका तो जीवन सफल हो गया न।लेकिन कुत्तों को ये सुविधा नहीं मिलती उनके यहां तो एक बार कुत्ता तो सदा कुत्ता। भले ही कुत्ते कई रंगों में पाए जाते हो पर बनाने वाले ने रंग बदलने की कलां उसको नहीं दी है जो ससुरे आदमियों को दी है। रंग बदलने में आदमियों की महारत को देख कर तो रंग बदलुओ के उस्ताद गिरगिट जी की छाती पे भी सांप लौटने लगता है।

कुत्तों की फैमिली प्लानिंग के प्रयास यूं तो जगह जगह के नरक निगम और भांड पंचायतें करती ही रहती है नए नए ढंग से ठीक वैसे ही जैसे निर्वाचनों के पहले निर्वाचन आयोग बढ़ते हुए मतदाताओं का नए नए ढंग से बंध्याकरण करता है।मगर कुत्ते है कि मानते ही नहीं चोरी चोरी आवारा अपनी अपनी बॉबी को हड़काए धरम करम का काम छोड़ छाड़ कर भुतही अंदाज में संगम के लिए आह भरते भरते कल, आज और कल की बिना परवाह किए जोकर कहलाने का खतरा उठाते हुए दूल्हा दुल्हन बने लठियांए जाते है अनाड़ी की तरह। आग हो या बरसात हो या वकील बाबू या गोपी चंद जासूस हो ,भला उन स्वानों को इस से क्या लेना देना। यूं भी इन दिनों तो सारे कुत्ते रोमांटिक होने के बजाय हॉरर पैदा करने में ससुरे फैमिली सहित जी जान से जुटे हुए है। किसी वेरी इडियट पर्सन की क्या मजाल कि बिना सुरक्षा के गांव शहरों की गलियों में निकल जाए। यदि एकबार ये बिना दुम वाले कुत्ते गलती से भी गली कुँचों में निकल गए तो ये दुमदार कुत्ते बिना दुम वाले कुत्तों का खून न पी जाए तो कहना। वैसे भी गरीब शरिब फलाने व लाने का स्प्रेटा खून पी पी कर अघा चुके है बेचारे कुत्ते। वीवीआईपी खून की एक फीस्ट तो बनती है ना उनकी।

# ककड़ी है गर्मियों में बहुत फायदेमंद, जरूर करें रोज के भोजन में शामिल

आम, तरबूज और लीची जैसे फलों की ही तरह एक सब्जी भी है जो सिर्फ गर्मी के मौसम में ही मिलती है और वह है ककड़ी हरे रंग की पतली-पतली ककड़ी गर्मियों के लिहाज से बड़े काम की सब्जी है क्योंकि यह स्वादिष्ट होने के साथ ही आपको कई बीमारियों से भी बचाती है। ककड़ी में पानी की मात्रा काफी अधिक होती है जिस वजह से गर्मी में यह डिहाइड्रेशन होने से बचाती है। साथ ही ककड़ी आसानी से पच भी जाती है जिस वजह से यह डाइजेशन के लिहाज से भी फायदेमंद है।

मोटापा कम करती है ककड़ी- ककड़ी में पानी के साथ ही फाइबर भी अधिक मात्रा में पाया जाता है और कैलोरीज बिल्कुल ना के बराबर होती है। इसलिए गर्मियों में आप खूब सारी ककड़ी खा सकते हैं। इससे आपका पेट भी भर जाएगा, जल्दी भूख भी नहीं लगेगी और वजन भी नहीं बढ़ेगा।

डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद- ककड़ी खाने के बाद शरीर में इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है और भोजन के ग्लूकोज को तोड़ने में भी मदद करती है ककड़ी जिस वजह से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। लिहाजा डायबिटीज के मरीज भी बिना किसी टेंशन के ककड़ी खा सकते हैं।



पाचन की समस्या दूर करती है- गर्मियों में अक्सर कई लोगों को फूड पॉयजनिंग, एसिडिटी, हार्टबर्न और पाचन से जुड़ी अन्य बीमारियां हो जाती हैं। इसलिए इस मौसम में शरीर को अंदर से ठंडा रखना जरूरी है। इसके लिए आप ककड़ी खाएं जिसकी तासीर ठंडी होती है।

ब्लड प्रेशर रहता है कंट्रोल में- ककड़ी में पोटैशियम भी होता है जो हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करता है और सोडियम के हानिकारक प्रभाव को कंट्रोल करता है। इसलिए बीपी के मरीज भी ककड़ी खाकर अपनी सेहत बना सकते हैं।

### सुबह खाली पेट चबाएं नीम की पत्तियां, शरीर रहेगा तंदुरुस्त

नीम के पत्तों में बहुत सारे औषधीय गुण होते हैं जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसका स्वाद कड़वा जरूर होता है लेकिन ये शरीर को कई सारी बीमारियों से बचाते हैं। अगर आप रोजाना सुबह के समय नीम के पत्तों को चबाते हैं तो आपको कई फायदे देखने को मिलते हैं। आज आपको इसके फायदे के बारे में बताते हैं।

रोजाना सुबह के समय आपको नीम के पत्तों का सेवन करना चाहिए। इसका रस पीने से शरीर की सभी बीमारियां चुटकियों में दूर हो जाती है। अगर आप खाते हैं तो डायबिटीज के मरीजों को इससे काफी आराम होता है।

ब्लड शुगर को कंट्रोल करके रखने में ये आपकी काफी मदद करता है। शरीर के खून को भी साफ करता है, आपको रोजाना इसकी पत्तियों का जूस जरूर पीना चाहिए। एसिडिटी और पेट दर्द को कम करने में ये काफी लाभकारी माना जाता है। अगर आपका पेट साफ नहीं होता है तो आपको इसकी पत्तियों का रस जरूर पीना चाहिए।

ईद उल फितर पर विशेष


# मोहब्बत और खुशी के पैगाम का दिन



सज्जाद अहमद कुरेशी
(दैनिक अवन्तिका)

इस्लामी मामलों के जानकार शववाल महीने की पहली तारीख को ईद उल फितर पूरी दुनिया में मनाया जाता है ईद का चांद आसमां में नजर आते ही माहौल में खुलासा छा जाता है चारों तरफ खुशी और मोहब्बत ही मोहब्बत नजर आती है ईद मुबारक जो आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है इसी आपसी भाईचारे से इंसान की तरह की होती है मुल्क में खुशहाली और अमन को बढ़ावा मिलता है ईद के दिन गरीबों का भी इसी खुशी में हिस्सा हो जाए इसलिए लोग इस दिन सदका ए फितर देते हैं इस्लाम के मानने वालों की नजर में ईद उल फितर उनका सबसे बड़ा त्यौहार है ईद का मतलब है खुशी शववाल महीने की पहली तारीख को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है खुदा के बंदे रमजान के महीने में रोजा रखकर इबादत करके शुकराना अदा करते हैं अल्लाह की तरफ से इनाम पाकर खुशी मनाते हैं जब से इस्लाम है तब से रोजे रखे जाने का प्रचलन है तभी से ईद मनाई जाती है पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने पहले इस्लामी ईद की नमाज जंग-ए-बद के बाद दो हिजरी में मदीना मुनव्वरा में अदा करवाई।

ईद का दिन इंसान के इम्तिहान का पहला दिन होता है रमजान में बहुत सारी पाबंदी थी लेकिन ईद के दिन




पूरी आजादी खुशी के इस हंगामे में इंसान अपने आप को कैसे संभाले यही पहला इम्तिहान है जिस तरह रोजा सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम नहीं है उसी तरह ईद भी खेल तमाशे का दिन नहीं है ईद के दिन मुस्लिम समाज जन ईदगाह जाकर ईद उल फितर की 2 रकात नमाज नमाज वाजीबात पढ़कर अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं फिर आपस में गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं घर आए मेहमान को ईद की मुबारकबाद देकर शीर खुरमा खिलाकर मुंह मीठा कराया जाने की तहजीब है इस्लामी शरीयत के अनुसार आपसे रूप से सक्षम हर मुसलमान अपनी सालाना आमदनी का ढाई प्रतिशत गरीबों रिश्तेदा रिश्तेदारों यतीमो बेसहारा जरूरतमंद को दान में देना होता है इसे जकात कहते हैं इस्लाम का चौथा स्तंभ फर्ज है जकात हर मुसलमान पर फर्ज है इस्लामी व्यवस्था के पीछे इस्लाम की यह सोच है कि हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे ईद की नमाज के पहले हर एक आदमी पर सदका ए फितर देना होता है यह उन मुसलमानों पर वजीफ है जिनके पास इस्लामी शरीयत के मुताबिक आर्थिक संसाधन हो सही मायने में फितरा की रकम पर गरीबों का ही हक है हदीस में इस बात का जिक्र है कि फिटरा रोजेदारों की ढाल है अगर एक महीने तक रोजे रखने के दौरान कुछ कमी हो गई हो तो फितरा रोजेदारों के लिए रोजे की हिफाजत का काम करता है इस्लाम में अमीर धनी गरीब छोटे बड़े ऊंची जाति नीची जाति कोई भेदभाव नहीं है सभी लोग आपस में मिलकर यह त्यौहार मनाते हैं सभी एक समान है। ईद बुनियादी तौर पर आपस में भाईचारे को बढ़ावा देने वाला भी त्योहार है अल्लाह का शुक्र एहसान है इस दिन खुशी का इजहार करना सुन्नत है एक तरफ अल्लाह एक बंदे अल्लाह की दी हुई रहमतों और बक्शीश पर खुशियां मना रहे होते हैं फिजूल खर्च को अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मना किया है और कुरान में इससे दूर रहने बचे रहने की नसीहत दी गई है ईद का त्यौहार हमें इस बात का संदेश देता है कि हम सहनशील और चरित्रवान रहकर मानवता के लिए कार्य करें।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,000, रवा- 1,50,000 चांदी- टंच- 2,37,700 पाट- 2,36,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## जिला बदर आरोपी गिरफ्तार बस स्टैंड के पास घूमते दबोचा

**शुजालपुर।** जिले में अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे अभियान के बीच शुजालपुर सिटी पुलिस ने जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफ लता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को आदेश का उल्लंघन करते हुए बस स्टैंड क्षेत्र में घूमते हुए पकड़ा। पुलिस के अनुसार रायकनपुरा निवासी राजेश उर्फ मुन्ना पिता नानूराम आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी द्वारा 15 दिसंबर 2025 को उसे एक वर्ष के लिए जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद आरोपी के क्षेत्र में आने की सूचना पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ने बस स्टैंड के आसपास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 व 15 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उज्जैन दरवाजा की 54 दुकानें हटाने के हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा

खाचरौद। नगर पालिका द्वारा उज्जैन दरवाजा क्षेत्र में निर्मित 54 दुकानों के हाई कोर्ट के तोडने के फैसले के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट द्वारा आज 19 मार्च को ऐतिहासिक फैसला पारित करते हुए नगर पालिका के हित में फैसला सुनाया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि एक जनहित याचिका द्वारा नगर पालिका के विरुद्ध उक्त 54 दुकानों को तोड़ने हेतु केस दायर किया गया था। उक्त मामले में माननीय उच्च न्यायालय इंदौर द्वारा नगर पालिका के खिलाफ फैसला सुनाते हुए 54 दुकानों को तोड़ने का आदेश पारित कर दिया था। उक्त फैसले के विरुद्ध नगर पालिका परिषद एवं दुकानदारों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अपील प्रस्तुत की थी। जिस पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने आज 19 मार्च को नगर पालिका एवं दुकानदारों के हित मे फैसला सुनाते हुए आदेश पारित किया कि दुकानें यथावत स्थिति में रहेगी तथा नगर पालिका की समस्त कार्यवाही को भी सुप्रीम कोर्ट ने विधि सम्मत माना है। भरावा ने बताया सुप्रीम कोर्ट में वर्ष 2011 से यह मामला विचाराधीन था। वर्ष 2022 में कांग्रेस की परिषद बनने के उपरांत तत्कालीन विधायक दिलीपसिंह गुर्जर द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा को उक्त मामले को गम्भीरता से लेकर जल्द से जल्द निराकरण कराने हेतु कहा गया था और लगातार प्रयासो के परिणाम स्वरूप आज लगभग 15 वर्ष बाद नगर पालिका व व्यापारियों के हित में फैसला आया हैं।

## हिन्दू नववर्ष का परम्परागत तरीके से किया स्वागत

**आगर मालवा।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आगर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 2023 के अवसर पर प्रतिवषार्नुसार इसवर्ष भी प्रातः विद्यालय परिवार ने सूर्य को अर्घ्य देकर, मुख्य द्वार पर गुड़ी बनाकर लगाई विद्यालय की प्रबंध समिति श्री बैजनाथ महादेव नारी एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रमोद मूले, प्राचार्य मुकेश पाटिल, प्रधानाचार्य पवन विश्वकर्मा व विद्यालय परिवार ने गुड़ी का पूजन कर नववर्ष का स्वागत किया व नगर के मुख्य चैराहों सरकारबाड़ा, अस्पताल चैराहा, कॉटन प्रेस छावनी, बड़ोद चैराहा आदि पर खड़े होकर नगरवासियों को तिलक लगाकर व नीम की कोंपलों व मिश्री का प्रसाद वितरित कर नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर नगर के एतिहासिक बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर व नगर सेठ हनुमान मंदिर परिसर में नशा मुक्ति व पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देती विशाल रंगोली भी बनाई गई जहाँ प्रबंध समिति के सचिव संदीप ननवाना व सहसचिव अनिल गवली भी उपस्थित हुए । उक्त जानकारी अरविन्द सक्सेना ने दी ।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने वीरेन्द्र सिंह आंजना पिता श्री मोतीराम जाति आंजना कृषक ग्राम चंदूखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 372/1 रकबा 1.580 हेक्टर, स्थित ग्राम चंदूखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक टोकन बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा बयाना राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंधानुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 20.03.2026

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने जितेन्द्र पिता श्री मोतीराम जाति आंजना कृषक ग्राम चंदूखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 372/2 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नंबर 391/1/2 रकबा 0.380 हेक्टर, सर्वे नंबर 391/2/2 रकबा 0.380 हेक्टर कुल कीता 3 रकबा 0.960 हेक्टर स्थित ग्राम चंदूखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक टोकन बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा बयाना राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंधानुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 20/03/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम पठान मोंहम्मदअफजल खान समदखान था, जो बदल कर मेरा नाम मोंहम्मद अफजल खान पिता समद खान हो गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मोहम्मद अफजल खान**
**सरस्वती सदन, गणेश कॉलोनी, नागदा रोड, खाचरोद**
**456224 -जिला उज्जैन (म.प्र.)**

### नव संवत्सर 2083 हुआ स्वागत तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं,जगमगाए देवालय,प्रभातफेरी निकली

# विक्रमादित्य नाट्य मंचन एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम के पश्चात हिंदू नववर्ष पर दी शुभकामनाएं





दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

नव संवत्सर 2083 का नगर में गुरूवार को भव्य रूप में स्वागत किया गया। हिन्दू नववर्ष के पहले दिन सूर्योदय के साथ ही सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने सूर्यदेव को नमन करते हुए अर्ध्य चढ़ाया। इस कार्यक्रम में सुबह लगभग 6 बजे उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार सहित बडी संख्या में महिलाएं व पुरूष दुर्गा दरबार के समीप एकत्रित हुए। जिन्होने संयुक्त रूप से सूर्यदेव को जल अर्पण करते हुए नववर्ष की बेला में सुख समृद्धि व शांति की कामना की। इसके उपरांत कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी प्रारंभ हुई। जो कि दुर्गा मंदिर से एमजी रोड,रोकडिया हनुमान मंदिर से श्रीराम मंदिर पहुंची। यहां पर भगवान के दर्शन उपरांत सभी ने एक दूसरे क ो नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी।

**शक्ति की भक्ति हुई प्रारंभ**

हिन्दु नव वर्ष के साथ ही चेत्र नवरात्रि का शुभारंभ भी हुआ। नवरात्रि पर्व के चलते नगर स्थित विभिन्न देवी मंदिरों व घरों में घट स्थापना की गई। इस पर्व में नागरिक ों द्वारा विशेष पूजा अर्चना व उपवास किए जाते है। नगर के देवालयों में आकर्षक रूप से साज सज्जा की गई। नगर स्थित दुर्गा दरबार, गायत्री मंदिर,कामेश्वरी मंदिर,केलादेवी मंदिर,मॉ काली मंदिर,अन्नपूर्णा मंदिर, जटाशंकर देवी मंदिर सहित अन्य देवालयों में नवरात्रि के प्रारंभ होते है धार्मिक अनुष्ठान भी प्रारंभ हो गए। यह आयोजन श्रीरामनवमी तक जारी रहेगें।

**तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं**

सरस्वती शिशु मंदिर शुजालपुर मण्डी के आचार्य परिवार द्वारा नवसंवत्सर गुड़ी पड़वा के अवसर पर प्रातः सूर्य को अर्घ्य देकर श्रीराम महामंत्र का जाप किया गया। तत्पश्चात आचार्य परिवार अलग अलग छह टोलियों में नगर के प्रमुख स्थान पुलिस चौकी चौराहा एवं विद्यालय के मुख्य द्वारा पर उपस्थित होकर सामान्य जन एवं प्रबुद्धजनों के ललाट पर तिलक लगाकर तथा नीम एवं मिश्री खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। इसी प्रकार विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने भी चौराहे पर तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

**गुड़ी पड़वा मनाई**

महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा गुड़ी पड़वा का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान महाराष्ट्रीयन समाज के लोगों द्वारा अपने घरों पर प्रतीक स्वरूप ध्वजा में नये कपड़े एवं लोटा बांधने की परम्परा का निर्वाहन किया। महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा परम्परागत तरीके से अपने घरों पर ध्वजा-पताका के रूप में साड़ी एवं लोटा टांग कर इसकी पूजा की गई। ऐसा माना जाता है कि इस दिन से नए साल का प्रारंभ होता है इसलिए इसका अधिक महत्व होता है। महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा पारंपरिक तरीके से इस नववर्ष की अगवानी करते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा की तथा सूर्योदय के साथ ही घर की छत पर प्रतिकात्मक रूप में गुड़ी को बांधा।

**आगर मालवा**

हिंदू नववर्ष के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सामुदायिक भवन, कंपनी गार्डन आगर में सम्राट विक्रमादित्य मंचन नाटिका एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नाट्य मंचन के माध्यम से कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया गया, वहीं सूर्य उपासना के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपरा का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव, सीईओ जिला पंचायत बी एस सोलंकी, अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश परमार, विधायक प्रतिनिधि अशोक प्रजापत, हरि नारायण यादव, रानुराज नरवाल, एसडीएम मिलिंद ढोके, एडिशनल एसपी रविंद्र कुमार बोयट, कृषि विभाग के विजय चैरसिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के राजीव गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधि दिनेश परमार ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में विक्रम महोत्सव एवं सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

**महिदपुर रोड**

नगर के महाराष्ट्रीयन मराठा समाज द्वारा गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया गया समाज के कार्यकर्ता भास्कर राव शिंदे ने जानकारी देते हुए बताया नगर में 5 महाराष्ट्रीयन मराठा समाज के परिवार निवास रहते हैं जिनके यहां गुरुवार को गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया गया जिस दौरान गुडी बनाई गई जिसमें बस की तथा तांबे के लोटे, नीम की पत्तियां युक्त टहनियां, मोतियों की माला महिलाओं के श्रृंगार किये जाने वाले वस्त्र आदि से गुडी का श्रंगार कर उसके पूजा अर्चना परि जनों कर पूरण पोली चने की दाल व मेवे से बनी मीठी रोटी का भोग लगा कर की गई महाराष्ट्रीयन मराठा समाज में गुड़ी पड़वा का बड़ा महत्व है प्रकृति भी पेड़ पौधों के साथ नव श्रृगांरित अवस्था धारण करती है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गुड़ी पड़वा पर्व पाले पर चामला नदी की पूजा अर्चना की

**नवीन प्याऊ का शुभारंभ किया**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर




जल गंगा संवर्धन 2026 अंतर्गत पूरे प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नगर पालिका परिषद बड़नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का शुभारंभ 19 मार्च गुरुवार गुड़ी पड़वा नववर्ष को विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या द्वारा चामला नदी की पूजा अर्चना कर पाला डैम पर किया गया। तत्पश्चात विधायक पंड्या द्वारा पुरानी टंकी परिसर के समीप नवीन प्याऊ का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़, जल सभापति अजय दोराया, पार्षद आनंद अनावड़िया, राजेश परमार, लोकेंद्र सिंह पंवार, अंकित त्रिवेदी, बंटी आचार्य, महेश हारोड़, प्रद्युम्न पंड्या, अभिजीत सिंह राणावत आदि गणमान्य नागरिकों सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेंद्र पाराशर, तहसीलदार रूपाली जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एम.आर.निंगवाल, उपयंत्री रवि पांचाल, संजय श्रीवास्तव, सुरेश कुशवाह, मनमोहन राठौड़, प्रशांत माथुर, वाहिद बेग उपस्थित थे। जानकारी नोडल अधिकारी विनोद पोरवाल द्वारा प्रदान की गई ।

## राजराजेश्वरी मंदिर में 15 दिवसीय मेला प्रारंभ

**शाजापुर।** शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्रि गुरूवार को घट स्थापना के साथ उल्लास और भक्ति-भाव से शुरू हुआ और इस दिन मां की आराधना और दर्शन के लिए अलसुबह से लेकर रात तक नगर के देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। इसी के साथ शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में लगने वाले 15 दिवसीय भव्य मेले का भी शुभारंभ हो गया है। नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री स्वरूप की पूजा कर मंगलकामनाएं कीं। प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर में सुबह 7.30 बजे विधि-विधान से घट स्थापना कर महाआरती की गई और मेले की शुरूआत हुई। वहीं, रात 9 बजे मंदिर में मां की महाआरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के आजाद चौक स्थित गणेश मंदिर में भी भक्ति का उल्लास देखने को मिला। यहां मां जगदंबे की ज्योत प्रज्वलित की गई और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में मां की विशेष महाआरती का आयोजन हुआ। जानकारी के अनुसार, पंकज शर्मा द्वारा मां जगदंबे की महाआरती संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए और माता का आशीर्वाद लिया।

नवरात्रि में प्रतिदिन उपवास रख कर दुर्गा सप्तशती और देवी का पाठ किया जाएगा। इन दिनों में किए गए पाठों का विशेष महत्व है। वहीं मां भवानी को मनाने और उनकी कृपा दृष्टि पाने के लिए कई भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ण कराने के लिए पूरे नौ दिनों तक नंगे पैर रहकर मां की आराधना की जाएगी।

## अनुसूचित जाति मैट्रिक बालिका छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर-मालवा डी.एस. चैहान के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास, आगर-मालवा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए समयबद्धता एवं अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की जानकारी होना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। इस दौरान छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी ने निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था, नालसा जागृति योजना 2025 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा नगर पालिका सीमा खाचरोद, के वार्ड क्रमांक 21. मोहल्ला पुराना नागदा खाचरौद बायपास रोड़ से अंदर की तरफ, कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था स्कीम नंबर तीन के पास. (अरिहंत कॉलोनी) पेट्रोल पंप के पीछे के क्षेत्र के भूमि सर्वे नम्बर 473 की भूमि में स्थित एक किता दो मंजिला आवासीय आरसीसी मकान जिसकी नगरपालिका नई संपत्ति आईडी क्रमांक 1002217104 है। जिसकी पैमाईस इस प्रकार है. लम्बाई पूर्व से पश्चिम बरूख उत्तर 36 फीट 6 इंच व बरूख दक्षिण 35 फीट व चौडाई उत्तर से दक्षिण 20 फीट होकर कुल क्षेत्रफल 66.49 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है- उत्तर में ::- त्रिवेदी जी का प्लाट दक्षिण में ::- रामचंद्र पंवार सा. का मकान पूर्व में ::- माहेश्वरी जी का प्लाट पश्चिम में ::- कॉलोनी का रास्ता है। जो भवनस्वामी (1) रेखाबाई पति आनन्दीलाल जाति चमार निवासी ग्राम अमला तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्य प्रदेश (2) हेमलता राठोड पति जगदीश राठोड़ जाति चमार निवासी इंद्रप्रस्थ कालोनी नागदा रोड़ खाचरौद तहसील खाचरोद जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति है। उक्त वर्णित मकान का विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार ने अपने हित में निष्पादित करवा लिया है. अब केवल विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) निष्पादन करवाना शेष है। यदि किसी व्यक्ति. संस्था, बैंक या अन्य किसी का भी उक्त संपत्ति पर कोई हित. स्वत्व, अधिकार, भार या शेष ऋण हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस यथा 26 मार्च 2026 तक अपने समस्त दस्तावेज प्रमाण के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय समय में आकर प्रस्तुत कर देवे उक्त अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी ।

इति दिनांक :- 20/03/2026

**अभिभाषक विजय कुमार सेठी**
**पता - विक्रम मार्ग खाचरौद तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म०प्र०**
**मोबाइल नम्बर- 94068-60181**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सुरेश चन्द्र पिता श्री शांतिलाल जी, पदमा पिता श्री शांतिलाल जी, कैलाशचंद्र पिता श्री शांतिलाल जी, पुखराज पिता श्री शांतिलाल जी, जाति जैन व राजेश पिता श्री रखबचन्द जी, विमल पिता श्री रखबचन्द जी. , पारस पिता श्री रखबचन्द जी, रमेश पिता श्री रखबचन्द जी.जाति महाजन निवासी व कृषक ग्राम मकला तहसील झारडा जिला उज्जैन (म.प्र.) ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1102/1/1 रकबा 2.15 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1102/1/2 रकबा 0.22 हेक्टर, भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 2.37 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम मकला तहसील झारडा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 18-03-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंरड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया**
**जिला उज्जैन मो.नं.8719997462, 9584898788**

## रुक्मा बाई को दी श्रद्धांजलि



**भौरासा।** नगर के शिवनारायण कुंभकार की धर्मपत्नी एवं सोम सूरज की माताजी श्रीमती रुक्मा बाई का पिछले दिनों निधन हो गया जिनकी आत्मशांति हेतु नगर के गणमान्यजनों ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की श्री मति कुंभकार समाजिक धार्मिक कार्यों में हमेशा बड चढ़कर अपनी उपस्थिति देती थी उनके निधन पर समाज एवं सार्वजनिक पर एक गहरा आघात हुआ परिवारजनों को उक्त आघात सहन करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करे इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल, राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, नरेंद्र माली,मनोज शुक्ला, अभय नागर,मनोज जोशी,प्रदीप मंत्री, जीवनसिंह ठाकुर, अजहर खान,साजिद खान, अंकित मालवीय, हिम्मतसिंह ठाकुर, किशोर वर्मा, कमल यादव मानसिंह ठाकुर,मदन प्रजापति आदि नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर पूजापांजलि कर अर्पित की।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**शाजापुर।** जल संरक्षण के उद्देश्य से शाजापुर जिले की ग्राम पंचायतों में गुरूवार को जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से जन जागरूकता, नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मतख नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ कर अभियान का शुभारंभ किया गया। शुभारम्भ अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया और जलसंरक्षण में अपना योगदान दिया।

## खेत में पेड़ से लटका मिला किसान का शव, इलाके में फैली सनसनी

**शाजापुर।** जिले के गुलाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना सामने आई। यहां एक किसान का शव उसके ही खेत में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। इस घटना की भनक लगते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में मातम छा गया। परिजनों ने आनन-फानन में किसान को फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। परिजनों ने जब किसान महेश पाटीदार (46 वर्ष) पिता जगदीश पाटीदार को खेत में पेड़ से लटका हुआ देखा, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत शव को नीचे उतारा और बिना कोई समय गंवाए उपचार की उम्मीद में तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## इंगोरिया थाने पर आयोजित विदाई समारोह में एस डी ओ पी शामिल हुए

**इंगोरिया।** पुलिस थाने पर पदस्थ हेड मुहर्रिर का ट्रांसफर खरगोन जिले में हुआ है। एस डी ओ पी महेंद्र सिंह परमार सहित क्षेत्र के तीन थाना प्रभारियों ने सरदारसिंग खरते के समारोह में शामिल होकर विदाई दी। टी आई दीपेश व्यास, बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान, जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया और बड़ी संख्या में पुलिस मित्रों ने आयोजित विदाई समारोह में खरते को पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर आर एस तोमर, सब इंस्पेक्टर एम एल रावत, नानकराम पटेल, दिनेश निनामा, कनीराम डिंडोर, मुकेश कुमार मीणा, अखिल शुक्ला सहित पुलिस स्टॉफ मौजूद था।

## बोहरा समाज ने मनाई ईद उल फितर

**आगर मालवा।** स्थानीय बोहरा समाज ने दिनांक 19 मार्च को पवित्र रमजान माह के बाद ईद का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया, सुबह 6:30 बजे नगर के बोहरा बाखल स्थित फखरी मस्जिद में सैयदना साहब की रजा से इंदौर से आए मुल्ला कैजार भाई द्वारा ईद की नमाज अदा करवाई गई। सभी समाजजनों ने देश में अमन चैन की दुआएं की।नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मुबारकबाद का यह दौर पूरे उत्साह के साथ दिनभर नगर में देखने को मिला।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता विष्णु पिता गोरधनलालजी माली निवासी बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कस्बा बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नं० 1233, 1418, 1419, 1420, 1421, 1422, 1423/1, 1424/1/1/1, 1424/1/1/2, 1426, 1427, 1430, 1431/1, 1433, 143/1/1 कुल रकबा 1.3780 है० मय मकान को क्रय करने का सोदा दिनांक 16/03/2026 को तय कर लिया है तथा बयाना राशी भी मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता विष्णु पिता गोरधनलालजी को अदा कर दी है। तथा अतिशीघ्र ही मेरा पक्षकार, विक्रेता से उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि मय मकान का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित एवं निष्पादित करवा रहा है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि व मकान के स्वत्व अथवा कब्जे के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती अथवा भार आदि हो तो उक्त व्यक्ति अथवा संस्था, विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें अन्यथा अवधी पश्चात की गई की गई आपत्ती अमान्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।

अतः एतद् जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि व मकान के सम्बंध में कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था विक्रेता से किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार न करे तथा यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा भार हो तो मय दस्तावेज वह विज्ञप्ति प्रकशन से 07 दिवस की अवध में मेरे कार्यालय आकर आपत्ती प्रस्तुति करें अवधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होकर मेरे पक्षकर पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।

दिनांक:-19/03/2026

**अम्बर स्वर्णकार एडवोकेट**
**जूना शहर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मोबा 9575214746**

## लिव-इन में रहने के बाद रेप का आरोप गलत

**जबलपुर।** दो वयस्क महिला-पुरुष यदि अपनी मर्जी से लिव-इन में रहते हैं। आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं, लेकिन बाद में विवाद होने पर यदि महिला रेप की शिकायत दर्ज कराती है तो यह उचित नहीं है। यह कहते हुए एमपी हाईकोर्ट ने रेप केस में फंसे कटनी के कपड़ा व्यापारी को राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ थाने में दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए उन्हें बरी कर दिया। कोर्ट ने यह फैसला 17 मार्च को सुनाया। मामला कटनी के कपड़ा व्यापारी मुकेश ठाकुरानी से जुड़ा है। इनके खिलाफ एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी और तलवार के बल पर रेप किया। कटनी के माधव नगर निवासी मुकेश ठाकुरानी (35) कपड़ा व्यवसायी हैं। वर्ष 2003 में उनका विवाह हुआ। उनके दो बच्चे हैं। 5 मई 2019 को किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया, जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई और पति के खिलाफ दहेज व भरण-पोषण का केस दर्ज कर दिया। इसी बीच 10 मई 2019 को कोर्ट के काम के दौरान मुकेश की मुलाकात कटनी में रहने वाली 24 वर्षीय युवती से हुई। वह भी अपने पति के खिलाफ चल रहे मुकदमे के सिलसिले में कोर्ट आती थी। कोर्ट में दोनों की अकसर बातचीत होने लगी। युवती ने बताया कि उसका पति उसे परेशान करता है, जिसके खिलाफ उसने शिकायत दर्ज कराई है। मुकेश के वैवाहिक विवाद की जानकारी मिलने पर वह उसके और करीब आ गई। दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई। युवती का कहना था कि अब सरकार भी लिव-इन रिलेशन को मान्यता देती है, इसलिए वे साथ रह सकते हैं। आगे चलकर दोनों अपने-अपने जीवन साथियों से तलाक लेकर शादी कर सकते हैं। इसके बाद दोनों गोवा, भेड़ाघाट और मैहर घूमने भी गए।


## शिमला पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सुरक्षा बढ़ाई

**शिमला।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे शिमला पहुंचे। वह शिमला से करीब 12 किलोमीटर दूर छराबड़ा स्थित अपनी बहन प्रियंका गांधी घर पर ठहरे हुए हैं। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी 2-3 दिन के निजी दौरे पर शिमला आए हैं। इस दौरान वह छराबड़ा में ही रुकेंगे। बता दें कि प्रियंका गांधी ने छाबड़ा में पहाड़ी शैली में अपना घर बना रखा है, जहां वह समय-समय पर आती रहती हैं। हाल ही में प्रियंका गांधी भी एक सप्ताह पहले यहां आई थीं और चार दिन रुकने के बाद दिल्ली लौट गई थीं। अब राहुल गांधी के आगमन से क्षेत्र में राजनीतिक हलचल भी बढ़ गई है। राहुल गांधी के शिमला पहुंचते ही छराबड़ा और कल्याणी हेलीपैड के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अतिरिक्त बल तैनात किया है।

## छत्तीसगढ़ में अब धर्मांतरण कराने पर उम्रकैद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज धर्म स्वातंर्त्य विधेयक, 2026 पास हो गया है। अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने के मामलों में दोषी पाए जाने पर 7 से 10 साल तक की जेल और कम से कम 5 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। यदि पीडि़त नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हो, तो सजा बढ़ाकर 10 से 20 साल तक की जेल और न्यूनतम 10 लाख जुर्माना देना होगा। वहीं, सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास होगी। कम से कम 25 लाख रुपए जुर्माना लगेगा। गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा पेश किया गया यह नया विधेयक वर्ष 1968 के पुराने कानून की जगह लेगा, जिसे सरकार ने वर्तमान तकनीक और सामाजिक परिस्थितियों के लिहाज से नाकाफी माना है। सरकार के अनुसार इस बिल का मकसद बल, प्रलोभन, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाना है। सदन में बिल के पास होते ही विधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाए।

## दिल्ली दंगा में आरोपी शरजील इमाम तिहाड़ से बाहर आया



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा (2020) मामले में आरोपी शरजील इमाम शुक्रवार दोपहर दिल्ली की तिहाड़ जेल से बाहर आए। 9 मार्च को दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने शरजील को बीमार मां से मिलने और भाई की शादी में शामिल होने के लिए 20 मार्च से 30 मार्च की अंतरिम जमानत मंजूर की थी। तिहाड़ से बहार निकलते ही शरजील खुश नजर आए। हालांकि उन्होंने मीडिया से बात नहीं की। वे मोबाइल पर बात करते हुए कार की तरफ बढ़े। उनके परिवार के लोग भी मीडिया को रोकते हुए नजर आए। इमाम ने अदालत से 6 हफ्ते की राहत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उसे सीमित अवधि के लिए ही जमानत दी। इमाम के भाई की शादी 25 मार्च की है।

## कांग्रेस बोली-परीक्षा नहीं, ट्रेनिंग कराओ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने से 1 लाख से ज्यादा शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखकर शिक्षकों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा- सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करे। पीसी शर्मा ने पत्र में लिखा- प्रदेश के बड़ी संख्या में शिक्षकों में डर और निराशा का माहौल बन गया है। जिन शिक्षकों की नियुक्ति पहले ही तय नियमों और योग्यताओं के आधार पर हो चुकी है, उन्हें अब दोबारा परीक्षा देने के लिए बाध्य करना उचित नहीं है। शर्मा ने लिखा- स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जुलाई-अगस्त 2026 में परीक्षा हो सकती है। शिक्षकों की भर्ती पहले ही तय नियमों के तहत की गई है। उनके पास डीएड, बीएड जैसे जरूरी प्रशिक्षण भी हैं। साथ ही उन्हें समय-समय पर ट्रेनिंग भी दी जाती रही है।

# मधुमक्खियों का तांडव, 4 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



रोजमर्रा की तरह जंगल में बकरियां चराने गया एक परिवार शुक्रवार को अचानक मधुमक्खियों के खौफनाक हमले का शिकार हो गया। जंगल में स्थित एक देव स्थान पर किसी श्रद्धालु द्वारा जलाई गई धुनी के धुएं से भड़कीं मधुमक्खियों ने परिवार पर इस कदर कहर बरपाया कि चीख-पुकार मच गई। इस जानलेवा हमले में एक ही परिवार के चार सदस्य बुरी तरह घायल हो गए हैं। ग्रामीणों की सतर्कता से उनकी जान बच सकी और फिलहाल सभी का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### अचानक हुआ हमला, संभलने का नहीं मिला मौका

घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोपीपुर लोहरवास की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव का एक परिवार शुक्रवार को अपनी बकरियां लेकर पास के जंगल में गया हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों ने बताया कि जंगल में स्थित एक बड़े पेड़ पर मधुमक्खियों का विशाल छत्ता लगा हुआ था। उसी पेड़ के नीचे स्थित देव स्थान पर किसी ने धुनी लगा दी थी जिसके धुएं और हवा के झोंके के कारण मधुमक्खियां अचानक उग्र हो गईं और उन्होंने पास ही मौजूद मदनलाल 70 वर्ष, उनकी पत्नी उमराव बाई 65 वर्ष, रोहित 17 और शिवानी 18 वर्ष पर हमला बोल दिया। यह हमला इतना भीषण था कि पीड़ितों को वहां से भागने या संभलने तक का मौका नहीं मिला। मधुमक्खियों के झुंड ने उन्हें चारों तरफ से घेरकर शरीर पर कई जगह डंक मारे।

### ग्रामीणों ने देसी जुगाड़ से बचाई जान

मधुमक्खियों के हमले से घबराए घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद अन्य ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने समझदारी दिखाई और तुरंत घास-फूस जलाकर धुआं किया। अन्य देसी तरीकों और धुएं की मदद से किसी तरह मधुमक्खियों को वहां से भगाया गया और घायलों को उनके चंगुल से छुड़ाया गया।

### इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है इलाज

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एक वाहन के जरिए शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बिना देरी किए इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर लिया है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि मधुमक्खियों के जहर (डंक) के कारण घायलों के शरीर पर काफी सूजन आ गई है और उन्हें तेज बुखार की शिकायत है। हालांकि, राहत की बात यह है कि फिलहाल सभी की हालत स्थिर बनी हुई है और वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की सघन निगरानी में हैं।

# हाइवे निर्माण में भारी लापरवाही , कांग्रेस ने जताया था विरोध

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



जिले में चल रहे हाइवे निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। निर्माण कंपनी की लापरवाही का आलम यह है कि विपक्ष के कड़े विरोध और चेतावनियों के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। इसी मनमानी का ताजा शिकार डायल-112 के एक पायलट हुए हैं, जो ड्यूटी पर जाते समय दुर्घटना की चपेट में आ गए।

### अंधेरे और बिना बैरिकेडिंग के कारण हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डायल-112 के पायलट अनिल परमार सुबह करीब 5.30 बजे अपनी ड्यूटी के लिए शाजापुर से मक्सी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान लालघाटी थाना क्षेत्र में वे हादसे का शिकार हो गए। दरअसल, मौके पर पुल निर्माण के लिए सड़क किनारे गहरी खुदाई की गई है, लेकिन निर्माण कंपनी द्वारा वहां न तो कोई चेतावनी (संकेत) बोर्ड लगाया गया है और न ही सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग की गई है। सुबह के अंधेरे में वाहन चालकों को इस गहरी खाई का अंदाजा नहीं लग पाता, जो इस दुर्घटना का मुख्य कारण बना।

### बीते दिनों पहले ही कांग्रेस ने किया था प्रदर्शन

गौरतलब है कि निर्माण कंपनी की इसी लापरवाही और लगातार हो रहे हादसों की आशंका को लेकर बीते दिनों कांग्रेस पार्टी द्वारा मौके पर विरोध प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन और कंपनी को चेताया गया था, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए। कंपनी की इसी अनदेखी का परिणाम इस नए हादसे के रूप में सामने आया है।

### डायल-112 की टीम ने दिखाई तत्परता, अस्पताल में भर्ती

घटना की सूचना मिलते ही लालघाटी थाने की डायल-112 टीम तुरंत मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य में आरक्षक लाखन सिंह और पायलट किरण मौर्य ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल अनिल परमार को फौरन जिला चिकित्सालय शाजापुर पहुंचाया। फिलहाल वहां उनका उपचार जारी है।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कंपनी पर लगाम कसी जाए और कार्यस्थल पर सुरक्षा के कड़े मानक तत्काल सुनिश्चित कराए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह के जानलेवा हादसों को टाला जा सके।

## गणगौर पर्व की अनुपम छठा, बाबा ओंकारेश्वर ने धरा गणगौर का रूप

**शाजापुर।** मालवा-निमाड़ के प्रमुख और लोक आस्था के पर्व गणगौर की छटा अब शिवालयों में भी गहराई से देखने को मिल रही है। आस्था, प्रेम और उल्लास के इस पावन पर्व पर शहर में एक अद्भुत और अलौकिक दृश्य देखने को मिला, जब देवाधिदेव महादेव स्वयं गणगौर के रूप में सजकर भक्तों को दर्शन देने के लिए विराजमान हुए।

शहर के प्रसिद्ध बाबा ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान शिव का अत्यंत मनमोहक और विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी ने अपनी कला और अगाध भक्ति का संगम करते हुए बाबा ओंकारेश्वर को गणगौर (ईसर-गौरा) के मनभावन रूप में सजाया। गणगौर का पर्व मूल रूप से भगवान शिव (ईसर) और माता पार्वती (गौरा) के अखंड प्रेम, श्रद्धा और सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इसी आध्यात्मिक भाव को जीवंत करते हुए पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा शुक्रवार को किए गए आकर्षक श्रृंगार ने हर किसी का मन मोह लिया। भगवान को भात, रंग-बिरंगे परिधानों, आभूषणों और पुष्पों से सुसज्जित कर गणगौर का स्वरूप दिया गया। इस अनोखे श्रृंगार में भगवान भोलेनाथ की छवि देखते ही बन रही थी। श्रृंगार पूर्ण होने के पश्चात जैसे ही दर्शनार्थ मंदिर के पट खुले, बाबा ओंकारेश्वर के इस नयनाभिराम और दुर्लभ रूप के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया।

## सुनेरा में ट्रैक्टर गड्ढे में गिरा, डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई

**शाजापुर।** जिले के ग्राम सुनेरा में एक ट्रैक्टर के गड्ढे में गिरने की घटना सामने आई है।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और आपातकालीन सेवा श्डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को तुरंत संभाल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सुनेरा निवासी महेश पिता जगन्नाथ धाकड का ट्रैक्टर अचानक असंतुलित होकर एक गड्ढे में जा गिरा। घटना के तुरंत बाद डायल 112 को इसकी सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही एफआरवी वाहन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। टीम में शामिल पुलिसकर्मी बैजनाथ सिंह 253 और वाहन के पायलट महेंद्र सिंह जादौन ने मौके पर पहुंचकर बिना समय गंवाए रेस्क्यू कार्य शुरू किया। उन्होंने अपनी सूझबूझ से सुरक्षित तरीके से ट्रैक्टर को गड्ढे से बाहर निकाला। इस घटना में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मंडल कार्यशाला आयोजित

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के म्याना मंडल द्वारा स्थानीय एक होटल में श्रद्धेय पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के चिंतन से प्रेरित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन चार सत्र लिये गये जिसमें विभिन्न लोगो ने अध्यक्षता की। प्रशिक्षण महाभियान के उद्देश्य एवं पार्टी के संकल्प सहित विषय आधारित सम्बोधन दिया। अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं द्वारा भागीदारी करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

प्रशिक्षण में अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओ ने भाग लेकर निर्धारित विषयों के निमित्त संगठन की विचारधारा से साझा किया गया। जिसमें निर्धारित विषयों के अलग-अलग वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम सिद्धांत और नीति रीति से अपने उद्देश्य उद्बोधन के साथ जागृत किया। इस मौके पर संगठन कार्य विस्तार विषय पर सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष हरि सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है प्रशिक्षण ही कार्यकर्ताओं को विचार की दिशा में ले जाने का कार्य करता है ,पार्टी की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो समय-समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर लगाकर उन्हें प्रशिक्षित करती है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ के लिए जरूरी है जिससे कार्यकर्ताओ को गढ़ने का कार्य किया जाता है। एक अनुशाषित कार्यकर्ता के लिए प्रशिक्षण वर्ग जरूरी है। भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार ने कहा कि यह महाअभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्रनिर्माण' के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण



कदम सिद्ध होगा। प्रशिक्षण में भाजपा कार्यप्रणाली विषय पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गजेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे ब?ी पार्टी है भाजपा के वर्तमान कार्यकर्ता ही वही असली चेहरे होते हैं जो विचारधारा के लिए काम करते हैं पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण ही हमारे लिए सर्वोपरि और प्रेरणादायक बनेगा ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं में एक दूसरे के प्रति और संगठन के प्रति भाग जागृत हो। चौथे सत्र को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने कहा कि संकल्प से सिद्धी, विकसित भारत 2047 सहित कई ऐसे मिशन है जिसे आगे ब?ाने में भाजपा की सरकार उत्कृष्ट योजनाओं का संचालन कर रही हैं। आने वाला समय विकसित भारत की परिकल्पना से पूर्ण होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पो को पूर्णता मिलेगी। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष शुभम् रघुवंशी ने व संचालन महामंत्री मुकेश कुशवाहा ने किया।

# खेत के रास्ते पर पत्थर डालने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष



**शाजापुर।** जिले के शुजालपुर सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरोला में खेत के रास्ते का विवाद अखाड़े में तब्दील हो गया। रास्ते पर पत्थर डालने की मामूली बात ने इतना तूल पकड़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लट्ठबाजी हुई। सरेआम चले लाठी-डंडों के इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के लोगों को चोंट आई है। इनमें से एक युवक की हालत नाजुक होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। इस पूरी घटना का लाठियां भांजते हुए एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कहासुनी से शुरू हुआ विवाद, फिर चलने लगीं लाठियां

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नरोला निवासी 54 वर्षीय प्रेमनारायण मालवीय अपने बेटे राजकुमार और भतीजे इमरत सिंह के साथ खेत जाने वाले रास्ते पर पत्थर डलवा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही रईस बेग, अनस बेग, लाला बेग और आमीन बेग मौके पर पहुंच गए और वहां पत्थर डालने का विरोध करने लगे। शुरुआत में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई, लेकिन देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और नौबत मारपीट तक आ गई। दोनों तरफ से लाठी-डंडे निकल आए। इस हिंसक झड़प में इमरतसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### वीडियो वायरल, पांच पर एफआईआर

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच खुलेआम लाठी-डंडे चलते हुए देखे जा सकते हैं। पुलिस इस वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है। शुजालपुर सिटी थाना पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए फरियादी पक्ष की शिकायत पर रईस बेग, अनस बेग, लाला बेग, आमीन बेग और नामदार बेग के खिलाफ मारपीट और जातिसूचक गालियां देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अज्ञात पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, इलाज कराने जा रहे तीन लोग घायल

**शाजापुर।** जिले के कबूलपुर जोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां इलाज के लिए शाजापुर आ रहे बाइक सवार तीन लोगों को एक अज्ञात पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को समय पर जिला अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राजगढ़ जिले के थाना लीमा चौहान क्षेत्र के ग्राम भ्याना निवासी देवकरण 30 वर्ष पिता रामप्रसाद अहिरवार, शांति बाई 50 वर्ष पति रामप्रसाद अहिरवार निवासी भ्याना और श्यामू बाई 35 वर्ष पति ओमप्रकाश अहिरवार निवासी टूटाहेड़ी बाइक पर सवार होकर शाजापुर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि तीनों लोग शांति बाई का इलाज कराने के लिए भ्याना से शाजापुर की ओर निकले थे। इसी दौरान रास्ते में कबूलपुर जोड़ के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात आरक्षक 95 अभिषेक और वाहन पायलट महेंद्र सिंह जादौन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए तीनों घायलों को डायल 112 वाहन की मदद से शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है। पुलिस अब अज्ञात पिकअप वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

## शाजापुर की मीना जाटव ने रचा इतिहास मुख्यमंत्री ने स्वर्ण पदक से नवाजा

**शाजापुर।** संघर्ष और समर्पण जब अटूट संकल्प से मिलते हैं, तो सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित होते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है शाजापुर की होनहार छात्रा मीना जाटव पति जसवंत जाटव ने। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय (विक्रम विश्वविद्यालय), उज्जैन द्वारा आयोजित वर्ष 2026 के भव्य दीक्षांत समारोह में मीना जाटव को एम.ए. हिंदी साहित्य में संपूर्ण विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक और उपाधि से सम्मानित किया गया। उज्जैन के कालिदास अकादमी संकुल में आयोजित इस समारोह में प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति और शिक्षा जगत की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में मीना जाटव को मंच पर आमंत्रित किया गया। राज्यपाल ने उन्हें स्वर्ण पदक पहनाया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं मुख्यमंत्री ने उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बताया। मीना जाटव, जो कि शाजापुर निवासी जसवंत जाटव की धर्मपत्नी हैं, स्थानीय बालकृष्ण शर्मा नवीन (बी.के.एस.एन.) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शाजापुर की नियमित छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर हिंदी साहित्य की जटिलताओं को न केवल समझा, बल्कि एम.ए. की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से कॉलेज प्रबंधन और सहपाठियों में हर्ष की लहर है। एक विवाहित महिला के रूप में घरेलू जिम्मेदारियों को निभाते हुए उच्च शिक्षा में स्वर्ण पदक प्राप्त करना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है।

## विलुप्त होती गौरैया को सहेजने की मुहिम, पक्षियों के लिए लगाए 101 सकोरे

**शाजापुर।** कभी हमारे घरों के आंगन में फुदकने वाली और अपनी चहचहाहट से सुबह का मीठा अहसास कराने वाली नन्ही गौरैया आज कंक्रीट के जंगलों में अपना आशियाना तलाश रही है। बढ़ते शहरीकरण और फ्लैट कल्चर ने इस नन्ही जान से उसका आंगन छीन लिया है। विकास की अंधी दौड़ में कटते पेड़ों और हरियाली की कमी ने पक्षियों को उदास और बेघर कर दिया है। इसी निराश गौरैया को वापस बुलाने और भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए विश्व गौरैया दिवस पर शाजापुर में एक सराहनीय पहल की गई। शुक्रवार को विश्व गौरैया दिवस के मौके पर समन्वित ई-गौरैया टीम द्वारा एबी रोड स्थित शहीद पार्क में पक्षी संरक्षण का अनूठा उदाहरण पेश किया गया। टीम के सदस्यों ने पर्यावरण और पक्षी संरक्षकों को 101 मिट्टी के सकोरे वितरित किए और उन्हें पार्क के विभिन्न पेड़ों पर व्यवस्थित रूप से लगाया गया, ताकि गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों को दाना-पानी मिल सके।

## न्यूज-कॉलम

## कृषि सिंचाई योजनांतर्गत सिंचाई सेट स्वीकृत

**मंदसौर।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले के किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीक से जोड़ने के लिए प्रशासन ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पर ड्रॉप मोर क्रॉपज योजना के तहत वर्ष 2026 के बजट में 450 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंदसौर जिले में कुल कृषि रकबे का 90 प्रतिशत हिस्सा सिंचित है, जिसे अब सूक्ष्म सिंचाई (माइक्रो इरिगेशन) के माध्यम से और सुदृढ़ किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जिले को प्राप्त 1104 स्प्रिंकलर व ड्रिप सेट के लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। इसके तहत दो हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानों को 45 प्रतिशत और एक से दो हेक्टेयर वाले किसानों को 55 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है।

## पांच दिवसीय हनुमंत जन्मोत्सव 29 मार्च से

**मंदसौर।** श्री हनुमंत जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री तीन छत्री बालाजी धाम परिसर में पांच दिवसीय भव्य हनुमान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में महंत श्रीरामकिशोर दास जी महाराज ने बताया कि यह तीर्थ अत्यंत चमत्कारिक है और यहाँ मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। आयोजन की श्रृंखला 29 मार्च को प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। 30 मार्च को भजन संध्या, 31 मार्च को सुंदरकाण्ड पाठ और 1 अप्रैल को विशेष यज्ञ अनुष्ठान होंगे। मुख्य आयोजन 2 अप्रैल को हनुमान जयंती पर होगा, जिसमें प्रातः 8 बजे बड़े बालाजी बस स्टैंड से ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी और सायं 5 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा। यज्ञाचार्य श्री विष्णु शर्मा ने बताया कि इस बार नवकुण्डात्मक महायज्ञ में प्रतिदिन 27 जोड़े आहुति देंगे। समिति सदस्य राघव गौड़ ने स्पष्ट किया कि यज्ञ में बैठने हेतु शुल्क स्वैच्छिक रखा गया है ताकि कोई भी श्रद्धालु आर्थिक कारण से वंचित न रहे।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह

**मोहनलाल शर्मा पुनः अध्यक्ष मनोनीत**

**मंदसौर।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जगदीश मंदिर पंचायत जनकूपुरा एवं न्यास के तत्वाधान में आयोजित त्रिदिवसीय होली मिलन समारोह विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान सामूहिक भोज, महिला मंडल के सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज की आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में सवार्नुमति से आगामी कार्यकाल के लिए पुनः मोहन लाल शर्मा को अध्यक्ष, सुरेंद्र त्रिवेदी को सचिव और जगदीश शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। समाज के आराध्य महर्षि गौतम की जयंती पर जगदीश मंदिर जीवागंज में पूजन-अभिषेक व हवन के बाद भव्य चल समारोह निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः मंदिर पहुँचा। विसर्जन के समय महाआरती हुई और जगदीश विलास में आयोजित समारोह में समाज की प्रतिभाओं व प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित किया गया। न्यास सचिव गोपाल भट्ट ने समाज के प्रस्तावित मास्टर प्लान की जानकारी साझा की।

## चलित जल मंदिर का हुआ शुभारम्भ

**रतलाम।** श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट रतलाम के द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन चलित जल मंदिर का शुभारम्भ नूतन वर्ष प्रारम्भ के अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी, ओमप्रकाश सोनी (पेटलावद वाले), दिनेश अग्रवाल के करकमलों से किया गया। चलित जल मंदिर में प्रतिदिन नगर में भ्रमण कर अलग-अलग क्षैत्रों में शीतल पेयजल सेवा प्रदाय की जाती है। इस अवसर पर पं. राजेश मोतीलाल दवे द्वारा त्रिवेणी तट पर वॉटर कूलर लगाने की घोषणा की गई । इस अवसर पर श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट डॉ. राजेन्द्र शर्मा, सचिव नवनीत सोनी, सत्यनारायण पालीवाल, कैलाश झालानी, चेतन शर्मा, मनीष सोनी, विनोत राठौड़, राहुल पंडित, घनश्याम सेन सहित क्षैत्रीय नागरिक गण उपस्थित थे।

**चेटीचण्ड महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया**

**रतलाम।** श्री कालिका माता मंदिर परिसर में स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर चेटीचण्ड (जन्मोत्सव ) महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777
7771090777

## सिंधी समाज के आराध्य देव

# भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड हर्षोल्लास से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, वरुण देव मंदिर समिति एवं श्री प्रेमप्रकाश आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल का 1076वां पावन जन्मोत्सव चेटीचंड पर्व अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। शुक्रवार, 20 मार्च को आयोजित इस महापर्व के दौरान पूरा नगर आयोलाल झूलेलाल और च्सतनाम साक्षीज् के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला की शुरूआत पिछले पांच दिनों से जारी प्रभात फेरियों के समापन के साथ हुई, जो प्रतिदिन हेमू कालाणी चौराहे से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में अलख जगा रही थीं। समापन दिवस पर यह प्रभात फेरी वरुणदेव मंदिर पहुंची, जिसमें मातृशक्ति, युवाओं और वरिष्ठ जनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

महोत्सव के मुख्य दिन शुक्रवार को प्रातः काल युवा संगठन अध्यक्ष नितेश सतीदासानी (चिपू) के नेतृत्व में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। केसरिया और श्वेत ध्वजों के साथ निकली इस रैली का नगर के प्रमुख मार्गों पर पुष्प वर्षा और स्वल्पाहार से आत्मीय स्वागत हुआ, जो आपसी भाईचारे की मिसाल बना। उत्सव के दौरान श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में विशेष धार्मिक सभा आयोजित की गई, जहाँ पुरुषोत्तम शिवानी ने भगवान झूलेलाल के अवतरण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह दसवीं शताब्दी में सिंध के अत्याचारी शासक मिरख के दमन से रक्षा करने हेतु जल देवता वरुण देव ने च्उडेरोलालज् के रूप में अवतार लिया था।

सायंकाल वरुणदेव मंदिर से महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य चल समारोह निकाला गया। इस जुलूस में भगवान झूलेलाल की मनमोहक झांकियां, पंजाब के विशेष नगाड़े, अहमदाबाद की सुप्रसिद्ध शहनाइयां और आधुनिक बैंड-बाजों की धुन पर समाजजन थिरकते नजर आए। चल समारोह में बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे थे, वहीं महिलाएं एक समान ड्रेस कोड में शामिल होकर एकजुटता का संदेश दे रही थीं। मार्ग में अन्य समाज के प्रतिनिधियों ने भी चल समारोह का जोरदार स्वागत किया। धार्मिक कार्यक्रमों की कड़ी में इष्टदेव की 51 दीपों से महाआरती की गई और नन्हे बच्चों ने केक काटकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं।

आयोजन को सफल बनाने में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, महासचिव राजेश चाहूंजा, संयोजक नंदू आडवानी और वरुण देव मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद ककनानी सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। श्री प्रेमप्रकाश सेवा मंडली की बहनों ने पुष्पा पमनानी के सानिध्य में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया और अंत में विश्व शांति हेतु 'पल्लव' (विशेष अरदास) की गई।

# अवैध वसूली को लेकर सराफा व्यापारीं को धमका कर डेढ़ करोड़ रुपये मांगे

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

एक सराफा व्यापारी को धमकाने का मामला सामने आया है। धमकाने वाले रतलाम व इंदौर के निवासी है जिन्होंने दुकान चलाने के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपए देने को कहा है। नहीं देने पर दुकान से उठवाने पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी है।

सराफा व्यापारी की रिपोर्ट पर माणकचौक थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर के चांदनीचौक में सोने-चांदी की दुकान संचालित करने वाले विमल मांडोत (45) पिता श्रेणिकलाल मांडोत निवासी नीमचौक रतलाम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिपोर्ट में बताया कि उनकी चांदनी चौक रतलाम में सोने चांदी की दुकान है। 13 मार्च दोपहर करीब 3 बजे वह दुकान पर थे। तभी बंटी गुगलिया निवासी रतलाम व चयन सोनी निवासी इंदौर दोनों दुकान पर आए।

दोनों ने आकर गालियां दी। उन्होंने कहा कि तुझे दुकान चलाना है तो डेढ़ करोड रुपए देने होंगे। रुपए नहीं देने पर हम तुझे दुकान से उठवा लेंगे। तुझे व तेरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। दुकान में बेटा दक्ष मांडोत, स्टाफ के श्रीकांत शर्मा व यश कुमार कुशवाह दुकान पर थे।

### लगातार दे रहे धमकियां

व्यापारी ने रिपोर्ट में बताया कि इन लोगो द्वारा अवैध वसूली को लेकर लगातार धमकियां दी जा रही है। पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। इन लोगों की धमकियों के डर के कारण १३ मार्च को रिपोर्ट नहीं लिखाई। व्यापारी गुरुवार दोपहर थाने पहुंचा। पुलिस ने देर शाम व्यापारी के आवेदन पर रिपोर्ट दर्ज की। माणकचौक थाना प्रभारी पातीराम डावरे ने बताया चयन सोनी निवासी सुदामा नगर इंदौर व बंटी गुगालिया पिता पारसमल गुगलिया निवासी थावरिया बाजार के खिलाफ बीएनएस की धारा 119(1), 296, 351(3), 3(5) के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## नवरात्रि एवं रामनवमी को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने की बलवा ड्रील

**नीमच।** जिला पुलिस ने वर्तमान सप्ताह अंतर्गत ईद-उल-फितर, नवरात्रि एवं रामनवमी के दौरान कानून व्यवस्था डयूटी को दृष्टिगत रखते हुए 20 मार्च को बलवा ड्रील का अभ्यास किया गया द्य पुलिस ने मैदान मे बलवाईयों को रोकने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बलवा ड्रील के दौरान किया लाठीचार्ज की,टीयर गैस एवं गोलियॉ भी चलाके अभ्यास किया द्य। इस पुलिस बलवा ड्रील के दौरान 5 बलवाई घायल हूए.द्य इस ड्रील में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा श्रीमति निकीता सिंह, सहित जिले के अधिकाशतः थाना प्रभारी, समस्त चौकी प्रभारी, सुबेदार पु.ला. नीमच भी शामिल रहे द्य इस बलवा ड्रील के दौरान लगभग 156 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा द्वारा भाग लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा ईद-उल-फितर, नवरात्रि एवं रामनवमी के दौरान कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिलें के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डयूटी पर मुस्तैद रहने एवं किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए बलवा ड्रील का अभ्यास किया।




## जांगड़ा पोरवाल समाज ने राजा टोडरमल जयंती पर किया प्रतिभाओं का सम्मान

**मन्दसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज मंदसौर द्वारा अपने आराध्य राजा टोडरमल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज जन ने विशेष आरती का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगदीशचंद्र सेठिया, लक्ष्मीनारायण कोठारी, रामगोपाल सेठिया, ओमप्रकाश रत्नावत, मुकेश काला, प्रवीण गुप्ता, रमेशचंद्र सेठिया और रामगोपाल महाजन उपस्थित थे, जिन्होंने राजा टोडरमल की तस्वीर पर पूजन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिव जगदीश काला ने राजा टोडरमल के प्रेरक जीवन पर प्रकाश डाला, वहीं अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया ने सामाजिक आयोजनों को आपसी मेल-जोल बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया। इस दौरान समाज की होनहार बेटी सुश्री झील गुप्ता को गुजरात राज्य की सिविल जज परीक्षा में 11वीं रैंक प्राप्त करने पर अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसका वाचन अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने किया। महिला मंडल द्वारा होली गोठ की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप सेठिया ने किया और अंत में निधि गुप्ता व सुनीता सेठिया द्वारा प्रस्तुत आरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

## अ.भा. साहित्य परिषद ने किया नूतन वर्ष अभिनंदन काव्य गोष्ठी का आयोजन




**मंदसौर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर इकाई द्वारा हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में दशपुर रंगमंच पर एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभय मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता अजय डांगी, राजेन्द्र तिवारी, नंदकिशोर राठौर सहित वरिष्ठ साहित्यकारों ने की। इस अवसर पर नंदकिशोर राठौर ने कहा कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा पर प्रकृति अपना श्रृंगार करती है और कवियों के मनोभाव कविता का रूप लेते हैं। गोष्ठी में उर्मिला तोमर, नरेन्द्र भावसार, मनी शामगढ़ वाला, चंदा डांगी और विजय अग्निहोत्री सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कविताओं के माध्यम से जहाँ नववर्ष का स्वागत किया गया, वहीं वर्तमान विश्व युद्ध की विभीषिका और सामाजिक विसंगतियों पर भी व्यंग्य कसे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ और संचालन नंदकिशोर राठौर ने किया।

## ठा. अर्जुन सिंह राठौड़ की जयंती पर आज होगा जल मंदिर का शुभारंभ

**मंदसौर।** श्री खाटूश्याम मंदिर के संस्थापक वैकुंठवासी ठाकुर अर्जुनसिंह राठौड़ की 84वीं जन्म जयंती 21 मार्च को सेवा और भक्ति के संगम के रूप में मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर जनसेवा के विभिन्न प्रकल्प शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त डीएसपी ठाकुर अनिल सिंह राठौड़ व शैलेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि आज शनिवार प्रातः 11.30 बजे किला रोड स्थित काश्तकार होटल के सामने विधायक विपिन जैन के मुख्य आतिथ्य में शीतल जल सेवा (प्याऊ) का शुभारंभ होगा। भीषण गर्मी को देखते हुए जीव-जंतुओं के लिए पानी के कुंड व पक्षियों के लिए सकोरे भी वितरित किए जाएंगे। रात्रि 8 बजे श्याम मंदिर परिसर में राष्ट्रीय संत डॉ. पं. मिथलेश नागर के मुखारविंद से दिव्य संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन होगा।



# निनोरा में चैत्र प्रतिपदा नववर्ष भव्य रूप में मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलिया मंडी



समीप गांव निनोरा में चैत्र प्रतिपदा नववर्ष भव्य रूप में मनाया गया। आर्यसमाज की 151वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में वृद्धजन सम्मान, सेवानिवृत्त सैनिकों, शिक्षकों का सम्मान के साथ गाँव की शासकीय सेवा में कार्यरत समस्त महिला कर्मचारियों का शिल्ड, सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक प्रदान कर सत्कार किया गया शिक्षाविद वयोवृद्ध श्री शिवनारायण पाटीदार और गांव से वरिष्ठ पत्रकार श्री बाबूलाल नागर का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिवर्षानुसार क्षेत्रीय आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने आर्य समाज की गतिविधियों, कार्यक्रमों, और अगले वर्ष की योजनाओं की जानकारी दी ओर स्वामी दयानंद के कार्यों को पूरी निष्ठा से करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम के केंद्रबिंदु 125 वर्ष से अधिक अवस्था के संन्यासी स्वामी सवार्नंद जी रहे। उन्होंने सबको आशीर्वाद प्रदान करते हुए नारी शक्ति को शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ राजेश पाटीदार ने बताया कि आर्य समाज का कार्य केवल देश को राजनीतिक आजादी दिलाने तक नहीं था इसकी प्रासंगिकता आज भी बढ़ गई है। अंधविश्वास, पाखंड को आर्य समाज ही दूर सकता है।उन्होंने आर्य समाजों की संपत्तियों पर अन्य संगठनों द्वारा किए जा रहे कब्जों को लेकर आगाह किया। बूंदी से एडवोकेट श्री अभयदेव जी शर्मा भी शिथिल होती आर्य समाजों को सक्रिय होने ओर युवाओ को जोड़ने का अहवान किया। उन्होंने कुछ आर्य समाज द्वारा केवल औपचारिकताएं पूरी करने, व संपत्ति पर पद अधिकार जमाने की प्रवृति पर रोष प्रकट किया। युवा विद्वान प्रणव शास्त्री मुंबई ने आर्यसमाज के युवाओं से आग्रह किया कि वो नई तकनीक के द्वारा आर्य समाज की गतिविधियों को प्रसारित करे।

इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक श्री मिथलेश जी नागर ने स्वामी दयानंद के कार्यों को प्रशंसा की गई।उन्होंने स्वामी सवार्नंद जी को उनका रूप बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सोमदेव शास्त्री मुंबई ने की। मंच पर विशेष अतिथि के रूप में गाँव के ठाकुर साहब श्री भारत सिंह शक्तावत, पटेल श्री बाबूलाल पाटीदार, सरपंच श्री मति पूजा कुंवर शक्तावत पूर्व सरपंच श्री मति शान्तिबाई पाटीदार उपस्थित रहे।

## भगवान झूलेलाल की जयंती मनाई



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय पूज्यसिंधी पंचायत के तत्वाधान में आयोजित भगवान झूलेलाल की जयंती हर्षोल्लाह से मनाई गई। भगवान झूलेलाल मंदिर समिति के अध्यक्ष जयराम हरजानी ने एक जानकारी देते हुए बताया कि भगवान झूलेलाल की जयंती के उपलक्ष में पिछले दोनों प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई।एक दिन पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा भगवान झूलेलाल जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया।जिसमें सभी सामाजिक बंधुओ, महिलाओं, बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। आज जयंती के उपलक्ष में समाज के अध्यक्ष रूपचंद होतवानी के मार्गदर्शन में रात 9 बजे पंडित विजय शर्मा के आचार्यत्व में मंदिर में हवन किया गया। इसी अवसर पर मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। भगवान झूलेलाल की आरती के पश्चात नगर में युवाओं द्वारा विशाल वाहनरैली निकाली गई। सायं गोधूलि बेला में भगवान झूलेलाल का विशालकाय जुलूस निकाला गया। तत्पश्चात सायं काल भगवान झूलेलाल जी आरती पश्यात सभी सामाजिक बंधुओं ने एक दूसरे को नववर्ष चेटीचंड की शुभकामनाओं के साथ सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## गुड़ी पड़वा पर राजपूत समाज का सामूहिक भोज व चुनाव संपन्न

**रतलाम।** अमृत सागर तालाब स्थित श्री चारभुजा जी मंदिर से जुड़े राजपूत समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर डोंगरे धाम स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर समाज के द्विवार्षिक चुनाव भी शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुए। ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष पद पर ठाकुर विजय सिंह हारौड़, नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर ठाकुर अजीत सिंह सांखला तथा महिला मंडल अध्यक्ष पद पर श्रीमती रेखा कुंवर सिसोदिया को सवार्नुमति से नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उक्त आयोजन में समाज के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की जानकारी ट्रस्ट मंडल के ठाकुर भारत सिंह सिसोदिया ने दी।

## स्वर्णकार समाज महिला मंडल का गठन, कुसुम डाबर बनीं अध्यक्ष



**मंदसौर।** मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज शहर पंचायत मंदसौर के महिला मंडल के चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ संपन्न हुए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। चुनाव में कुसुम कृष्णकुमार डाबर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर स्नेहलता सतीश कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष पद पर सुनीता अशोक सोनी (पतंजलि) एवं सचिव पद के लिए श्यामा जितेंद्र कुमार सोनी का चयन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का औपचारिक स्वागत स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह के दौरान किया गया। समाजजनों ने नई टीम को बधाई देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुम डाबर ने कहा कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार कर समाज हित में रचनात्मक कार्यों की विस्तृत रणनीति बनाई जाएगी।

# क्षेत्र के विकास में जे. के. सीमेंट ने हमेशा योगदान दिया- विधायक

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



समीप राजस्थान निंबाहेड़ा के जे. के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा द्वारा अपने प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपथ सिंघानिया एवं सह प्रबंध निदेशक माधवकृष्ण सिंघानिया के ड्रीम प्रोजेक्ट आदर्श ग्राम परियोजना का भारत केयर एनजीओ के माध्यम से सीएसआर फंड से सुभारम्भ किया गया और इस परियोजना के तहत कारुण्डा विद्यालय में निर्मित सोलर आर. ओ प्लांट का शुभारंभ पूर्व यू.डी.एच मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्री चंद कृपलानी ने फीता काटकर किया।

उदघाटन के पश्चात आयोजित कार्यक्रम के मुख्या अतिथि के रूप में पूर्व यू.डी. एच मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्री चंद कृपलानी, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जे. के. सीमेंट समूह की सी.एस.आर हेड (कॉरपोरेट) सुश्री शिल्पा जायसवाल, पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव, पूर्व प्रधान अशोक जाट, राजेंद्र सिंह शक्तावत ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में अतिथियो को बुके देकर जे. के. सीमेंट के टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एच. आर. हेड प्रभाकर मिश्रा, माइंस ऑपरेशन हेड राकेश शर्मा, आई. आर हेड भुवनेश सिंह, सी. एस. आर हेड राहुल कुमार सिंह आदि ने स्वागत अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व यू.डी. एच मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि क्षेत्र के विकास में जे.के. सीमेंट हमेशा अपनी भागीदारी निभाता आया है और उसके मालिक हमेशा क्षेत्र के विकास में पूरा योगदान देने की भावना रखते हैं। समारोह को संबोधित करते हुए जे. के. सीमेंट समूह की सी. एस. आर हेड (कॉरपोरेट) सुश्री शिल्पा जायसवाल ने कहा कि जैसा इस योजना का नाम है आदर्श ग्राम वह अपने आप में बताता है कि जे.के. सीमेंट समूह का उद्देश्य भी ऐसे ही गांव की स्थापना करना है जो अपने आप में एक आदर्श हो।

आदर्श ग्राम प्रोजेक्ट के तहत आने वाले ३ सालों में गांव के संपूर्ण विकास के तहत आदर्श गांव का निर्माण करने के विजन के तहत संपूर्ण गांव में साफ सफाई, स्वच्छता, नाली निर्माण, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना, वृक्षारोपण, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, तालाब का सौंदरीकरण, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूलों में स्मार्ट क्लास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का रिनिर्वेशन, पी.एच. सी एवं सी. एच.सी का निर्माण होगा।

## चेटीचंड महोत्सव पर सिंधी समाज द्वारा निकाली गई रैली का किया स्वागत

**मल्हारगढ़।** चेटीचंड महोत्सव पर सिंधी समाज द्वारा निकाली गई भव्य वाहन रैली का प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं कांग्रेस के प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,पार्षद बाबुभाई मंसूरी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,पूर्व अध्यक्ष विष्णु फरक्या,मंडलम अध्यक्ष किशोर उणियारा,भेरुपप्पू गुर्जर,अनिल मुलासिया, सेक्टर अध्यक्ष पंकज बोराना आदि ने वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। सिसौदिया ने भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर खुशहाली, अमन,चेन,शांति की प्रार्थना कर सिंधी समाजनो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




## मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु-हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**महिद्पुर रोड।** नव संवत्सर चैती नवरात्रि के पहले दिन गोगापुर सरोवर किनारे स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव व दास हनुमान मंदिर में 9 दिवसीय अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। आचार्य पं. ओमप्रकाश शर्मा ने पूजा-अर्चना संपन्न करवाई । यजमान के रूप में करणसिंह आंजना, जगदीश पंजा बी, श्याम गुलाटी, संजय परमार, विजय आंजना, महेश आंज ना एवं आयुष बैरागी आदि श्रद्धालुओं ने सामू हिक रुद्रा भिषेक कर रामायण पाठ का आरंभ किया। जानकारी मंदिर पुजारी लखन बैरागी गोगापुर ने दी।

**भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की ब्लाक कार्यकारणी का गठन**

## सुरावत कालेज अध्यक्ष और कुरैशी शहर अध्यक्ष नियुक्त



**सारंगपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन(एनएसयूआई) सारंगपुर ब्लाक अध्यक्ष पवन राज मऊ ने अपने ब्लाक कार्यकारणीय का गठन कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे है। जिसमें कालेज अध्यक्ष के रुप में गौतम सुरावत को जिम्मेदारी दी गई है तो वही उपाध्यक्ष सारे अली खान और अरबाज मेव का बनाया गया है। शहर अध्यक्ष अलराजा कुरैशी, एमीया अध्यक्ष सोहेल खान, सचिव रामपाल हाडा, प्रभारी आशुतोष भिलाला, सोशल मीडिया प्रभारी अजय सुरावत, एमीया अध्यक्ष आनंद राजपूत, शाहरूख मसूरी, ग्रामीण अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, शहर उपाध्यक्ष अलफेज मेव, ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक कछावा, रवि खाती, लक्ष्मण राजपूत, विशाल राजपूत, अरूण वर्मा, राजपाल, बिंदास मालवीय, विजेंद्र राजपूत तथा अयज सिंह सोलंकी को बनाया गया है।

## आबिद हुसैन लोदी सारंगपुर, अमित बंसल पचोर के पुन: शहर कांग्रेस अध्यक्ष बने




**सारंगपुर।** प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस जीतू पटवारी के निर्देश एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन की अनुशंसा पर संगठन प्रभारी महामंत्री डा. संजय कामले ने शहर कांग्रेस कमेटी की सूची जारी की है। इसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता आबिद हुसैन लोदी को सारंगपुर एवं अमित बंसल को पचोर शहर का पुनः शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने उनके पूर्व कार्यकाल के अनुभव, संगठन क्षमता और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी दोबारा सौंपी है। सारंगपुर कांग्रेस अध्यक्ष लोदी ने पहले भी अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूती देने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और विभिन्न जनहित मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान भी किया। इसके अलावा जिले के अन्य शहर कांग्रेस अध्यक्षो में सुठालिया अध्यक्ष मिथुन सिलावट, ब्यावरा कपिल शिवहरे, तलेन रईस मंसूरी, नरसिंहगढ़ संतोष सोनी, कुरावर प्रकाश दला, खुजनेर गोपाल यादव, राजगढ़ नयन विजयवर्गीय, खिलचीपुर पवन सेन उर्फ पीरु, माचलपुर धर्मेंद्र गोयल, छापीहेड़ा अमरसिंह पाटीदार तथा बोडा शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार यादव को बनाया है।

## विश्व धरोहर से कराया छात्रों का परिचय

**सारंगपुर।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भ्याना के छात्रों ने विश्व धरोहर सांची स्तूप और उदयगिरी गुफाएं का शैक्षणिक भ्रमण किया। सांची स्तूप स्थित भगवान बुद्ध के अवशेषों को सुरक्षित रखने के लिए पत्थरों से निर्मित बौद्ध वास्तुकला, चित्रकला तथा सम्राट अशोक से जुडी ऐतिहासिक धरोहरों से छात्र रूबरू हुए। वहीं उदयगिरी में भगवान विष्णु के वराह अवतार की भव्य प्रतिमा सहित लगभग 20 गुफाओं में गुप्तकालीन वास्तुकला, मूर्तिकला एवं चित्रकला को छात्रों ने बारीकी से समझा। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अनिल पालीवाल ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के कुल 53 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक सम्मिलित हुए। ऐसे भ्रमणों से विद्यार्थियों को पढाई के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध धरोहरों को देखने का अवसर मिलता है, जिससे उनमें मूर्तिकला, वास्तुकला एवं चित्रकला जैसी कलाओं के प्रति रुचि और समझ का विकास होता है। भ्रमण के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय चौहान, सत्यनारायण शर्मा, बालकृष्ण चौहान, मोहम्मद हुसैन, बाहर अली पठान, कन्हैयालाल मालवीय, राजेश बैरागी, मनोहरलाल भिलाला सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## धूल भरी हवा व पानी के साथ आले भी गिरे, किसानो के मंसूबे पर फेरा पानी

**खरसौदकलां ।** क्षेत्र में गुरुवार दोपहर बाद अचानक खराब मौसम के साथ काले घने बादल छाए। शाम होते होते 6 बजे के दरमियान धूल भरी आंधी के साथ में पानी में ओले भी गिरे। क्षेत्र में अचानक मौसम में बदलाव आया । साथ में बादलों में घरघराहट के बीच घंटों तक तेज पानी गिरा। पानी में मक्का के आकार की 5 मिनट तक ओलावृष्टि भी हुई। मौसम के अचानक करवट से फसलों में भारी नुकसान हुआ है । सबसे अधिक खेतों में खड़े गेहूं की फसल में विपरीत असर के साथ बेरंग होने से किसानों को खुशहाली में सपनो की उम्मीद टूटी है। वही परिपक्व फसल में महिनो की मेहनत में लाखों के नुकसान से मायूसता आई है। किसान चंपालाल राठौर ने बताया कि गेहूं के साथ लहसुन एवं मेथी में भी नुकसान का अंदेशा है प्राप्त जानकारी के मुताबिक खरसोदकला के अलावा बालोदालक्खा, बालोदाकोरन ,सलवा, चिरोलाकलां, अजडावदा, कमानपुर, रावदिया में भी तेज बारिश से फसलों में भारी नुकसान की खबर है।

विहिप ने आरोग्य की कामना के साथ नीम मिश्री का किया वितरण

# घटस्थापना के साथ जागी आस्था की दिव्य ज्योति





दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय पीपल चौराहे पर स्टॉल लगाकर सामाजिक सद्भाव और आरोग्य की कामना के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। परंपरानुसार पीपल चैराहे पर स्टॉल लगाया गया, जहां मंदिर दर्शन के लिए पहुंच रहे। श्रद्धालुओं तथा कामकाज के लिए निकलने वाले नागरिकों को नीम और मिश्री का वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों को मंगल तिलक लगाकर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

परंपरानुसार पीपल चौराहा वर्षो से इस आयोजन का केन्द्र रहा है, जहां समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल होकर शुभारंभ का आशीर्वाद ग्रहण करते है। इस अवसर पर जिले के सारंगपुर, तलेन, सुठालिया सहित अन्य प्रखंडो के मुख्य चौराहों पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। गुड़ी पड़वा पर आयोजित यह सेवा और सांस्कतिक कार्यक्रम लोगों में उत्साह, सौहार्द और नववर्ष के प्रति सकारात्मक उर्जा का संदेश देता रहा है। इस अवसर पर विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग सेवा प्रमुख अशोक अग्रवाल, जिला मंत्री हर्ष तोमर, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मनोज पाठक, जिला सहसंयोजक शैलेन्द्रसिंह नरुका, जिला मिलन प्रमुख बंटी कुशवाह, प्रखंड अध्यक्ष देवराज दांगी, प्रखंड मंत्री नरेन्द्र लववंशी, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय शिवहरे, प्रखंड सहमंत्री शैलू प्रजापति, प्रखंड संयोजक प्रशांत गवली, सोनू धनोलिया, इशिका अहिरवार, हर्षित अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सारंगपुर।

वसंत की मादक बयार, और नवजीवन की उमंगों से भरी प्रकृति के मध्य आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन प्रभात में वासंतिक नवरात्रि का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और विधि-विधान के साथ हुआ। प्रथम दिवस पर घटस्थापना के साथ ही देवी उपासना की दिव्य साधना का शुभारंभ हुआ, जिसने क्षेत्र सहित नगर के घर-घर में भक्तिभाव की अलौकिक छटा बिखेर दी। प्रातःकालीन बेला में ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों में घंटा-घडियाल की गूंज, शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा का आह्वान किया। विधिपूर्वक कलश स्थापना, जौ बोना (बीजारोपण), और अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ श्रद्धा का यह महापर्व प्रारंभ हुआ। ऐसा प्रतीत हुआ मानो सम्पूर्ण वातावरण माँ भगवती के आगमन की अगवानी में सुसज्जित हो उठा हो। क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी बिजासन माता, नगर की अधिष्ठात्री देवी अंबिका माता सहित नगर के प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट की गई, जहाँ माँ दुर्गा के विभिन्ना रूपों की मनोहारी झांकी सजाई गई। पुष्पों, रंगोली और दीपों की अलंकारिक साज-सज्जा ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद में सराबोर कर दिया। भक्तगण भक्ति-रस में डूबकर जय माता दी के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान करते रहे। घरों में भी महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से घटस्थापना कर माँ शैलपुत्री की आराधना की।

राजगढ़

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा (विक्रम संवत 2083) के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय राजगढ़ स्थित परायण चौक में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा नव संवत्सर के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रस्तुति दल द्वारा ब्रह्म ध्वज का वंदन किया गया तथा अतिथियों द्वारा ब्रह्म ध्वज वंदन एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा विक्रम संवत की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाराजा विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित आकर्षक नाट्य प्रस्तुति म.प्र. नाट्य विद्यालय, भोपाल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।

# जेल की दीवार फांदकर भागा विचाराधीन कैदी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

### तीन ट्रेनें बदलकर पहुंचा था ससुराल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



फिल्मी स्टाइल में दीवार फांदकर फरार हुए विचाराधीन कैदी जयराम उर्फ जीवन (35) को पुलिस ने धर दबोचा है। कड़ी मशक्कत के बाद उसे छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को भारी सुरक्षा के बीच पुलिस उसे वापस शाजापुर ले आई है। कैदी के दिनदहाड़े भागने की घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेल अधीक्षक दुष्यंत परागे ने बताया कि आरोपी जेल की कैंटीन में काम करता था। मौका पाकर उसने पाइप और तार की मदद ली और जेल की ऊंची दीवार लांघकर फरार हो गया। पुलिस और जेल प्रशासन की टीमों ने मोबाइल लोकेशन और परिजनों से की गई पूछताछ के आधार पर उसे ट्रैक किया और आखिरकार छत्तीसगढ़ स्थित उसके ससुराल से उसे दबोच लिया।

**लोगों से पैसे मांगकर जुटाया किराया**

जेल से भागने के बाद जयराम पैदल ही बेरछा पहुंचा। वहां एक रात गुजारने के बाद उसने लोगों से पैसे मांगकर ट्रेन का किराया इकट्ठा किया। पुलिस के मुताबिक, पुलिस से बचने के लिए उसने लंबी दूरी तय करने के दौरान तीन ट्रेनें बदलीं। वह पहले इंटरसिटी एक्सप्रेस से भोपाल पहुंचा, फिर अमरकंटक एक्सप्रेस पकड़ी और अंत में तीसरी ट्रेन बदलकर दल्लीराजहरा (छत्तीसगढ़) पहुंचा। ऊंची दीवार से कूदने के कारण भागते समय उसके पैर में गंभीर चोट भी आई है।

पूछताछ के दौरान आरोपी जयराम ने बताया कि मक्सी पुलिस ने उसे झूठे केस में फंसाया था। पिछले पांच महीने से जमानत न मिलने के कारण वह भारी मानसिक तनाव में था। उसने बताया कि उसके जेल जाने के बाद उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे भारी आर्थिक तंगी झेल रहे थे। परिवार की दुर्दशा से दुखी होकर ही उसने भागने का कदम उठाया।

फरार बंदी जयराम के खिलाफ अक्टूबर 2025 को मक्सी थाने में मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश के चलते जयराम और उसके साथियों ने उनके और उनके पति के साथ डंडे और थप्पड़-मुक्कों से गंभीर मारपीट की थी।

**सुरक्षा में भारी चूक, विभागीय जांच के निर्देश**

दिनदहाड़े एक कैदी का जेल की दीवार फांदकर भाग जाना जेल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी सेंध है। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल प्रशासन अब ड्यूटी पर तैनात प्रहरियों की भूमिका और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की विस्तृत जांच कर रहा है। माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वाले प्रहरियों पर जल्द ही गाज गिर सकती है। इससे पहले एक प्रहरी पूर्व में निलंबित किया जा चुका है।




## वैश्विक अशांति के बीच खाचरोद में गूंजा शांति का स्वर

### सामूहिक सामायिक से दिया अहिंसा का संदेश

**खाचरोद।** वर्तमान समय में जहां विश्व के अनेक देशों के बीच तनाव और संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, एक-दूसरे पर मिसाइलें दागी जा रही हैं और मानवता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है, वहीं आम नागरिकों का जीवन भी खतरे में है। चारों ओर भय और अशांति का वातावरण व्याप्त है तथा देश अपनी सुरक्षा के लिए हथियारों की दौड़ में लगे हुए हैं। ऐसे विषम समय में भारत देश सदैव विश्व शांति, अहिंसा और सद्भावना का संदेश देता आया है। विशेष रूप से जैन समाज जप, तप, सामायिक और प्रार्थना के माध्यम से समस्त विश्व के कल्याण की भावना को सुदृढ़ करता है। इसी परिप्रेक्ष्य में जैन सोशल ग्रुप मैत्री, खाचरोद द्वारा विश्व शांति एवं मानव कल्याण की मंगल भावना के साथ सामूहिक सामायिक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य भगवंत पूज्य गुरुदेव श्री उमेशमुनि जी म.सा. अणु के सुशिष्य एवं प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेंद्र मुनि जी म.सा. के आज्ञानुवर्ती संतगण– अणु शिष्यरत्न एवं प्रखर वक्ता पूज्य श्री संदीपमुनि जी म.सा., तपस्वी पूज्य श्री अभयमुनि जी म.सा., आचार्य श्री आनंदऋषि जी म.सा. की सुशिष्या पूज्या मालवकीर्ति जी म.सा., पूज्या कीर्तिसुधा जी म.सा., श्री अनुपमशिला जी म.सा. सहित साधु-साध्वी भगवंतों ने पावन उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

# घाट की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत




दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के जल स्त्रोतों के रखरखाव, साफ-सफाई, सौंदर्यकरण एवं संरक्षण के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में 19 मार्च को चैत्र नवरात्रि और नववर्ष के अवसर पर नगर परिषद जीरापुर द्वारा छापी बांध घाट की साफ-सफाई कर अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने घाट की सफाई कर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण और उनके महत्व को लेकर भी जानकारी दी गई।

अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा आने वाले समय में क्षेत्र की वाटर बॉडी का गहरीकरण, सौंदर्यकरण, जीर्णोद्धार, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था तथा पेयजल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और उनके संरक्षण जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

इस अवसर पर उदय सिंह चौहान विभाग संघ चालक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, कमल जावा, श्यामसुंदर टेलर, दिनेश नागर सहित परिषद सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय, स्वच्छता पर्यवेक्षक आजाद झावा तथा नगर परिषद के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

महिदपुर

ग्राम पंचायत चितावद में 19 मार्च को जल गंगा संवर्धन अभियान का खण्ड स्तरीय शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गुरूचरण सिंह चौहान एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि गिरधारी चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिप्रा नदी के घाट की साफ-सफाई के साथ अभियान की शुरूआत हुई। यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित होगा, जिसके तहत जल संरक्षण, पुरानी जल संरचनाओं की सफाई-नवीनीकरण, जल गुणवत्ता सुधार एवं पौधारोपण की तैयारी जैसे कार्य किए जाएंगे। महिदपुर जनपद की 120 ग्राम पंचायतों में इसका संचालन किया जा रहा है।



## कायस्थ समाज मे शाकाहार लेने वाले परिवार हो रहे सम्मानित

**राजगढ़-ब्यावरा।** कायस्थ समाज माँसाहार मुक्त बने इसके लिए पिछले पांच साल से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित अन्य नगरो मे कायस्थ बंधु समिती घर-घर जाकर श्रीचित्रगुप्त घर-घर सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रही है। सम्मान कार्यक्रम की नीतियो से प्रभावित होकर कायस्थ समाज के लोग बढ़ चढ़कर माँसाहार खान-पान मुक्त महाअभियान मे शामिल हो रहे है। इसी उद्देश्य को लेकर हर साल की तरह चैत्र नवरात्रि पर कायस्थ समाज मे सम्मान सहित लोगो को शाकाहार जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को वार्ड क्र. एक विद्या नगर मे समर्थक श्रीमति पदमा- सुरेश सक्सेना के घर पर जाकर सम्मान कार्यक्रम रखा गया है।कार्यक्रम मे स्थानीय कायस्थ परिवार विशेष रूप से शामिल हुए है। कायस्थ बंधु समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने दोनो परिवार के सदस्यो को शाकाहार रहने के उपलक्ष्य मे चित्रगुप्त सम्मान दिया है। यह सम्मान उन्हे कायस्थ बंधु के माँसाहार मुक्त महाअभियान मे शामिल होने के लिए दिया गया है। इस शुभ अवसर पर सम्मानित सदस्यो ने भविष्य मे अंडे माँस न लेने का संकल्प लिया। कायस्थ समाज से माँसाहार खान-पान की प्रवर्ति खत्म हो। इसके लिए कायस्थ बंधु समिति संपूर्ण जिले मे माँसाहार मुक्त अभियान चला रही है। यह सम्मान मुख्य रूप पदमा सक्सेना, मधु सक्सेना, सुरेश सक्सेना, भूपेंद्र सक्सेना सहित को दिया गया है।

## श्री मती यशोदा बाई मेहता का आकस्मिक निधन



**कायथा।** पत्रकारिता जगत और सामाजिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्ती, वरिष्ठ पत्रकार अशोक मेहता की धर्मपत्नी तथा डॉ. दिलीप मेहता (कमलेश) की पूज्य माताजी एवं नितीन मेहता जतिन मेहता की दादी श्रीमती यशोदा बाई मेहता का 18-19 मार्च 2026 की दरम्यानी रात को 65 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन की खबर फैलते ही नगर सहित आसपास के धार्मिक और सामाजिक गलियारों में शोक की लहर छा गई। श्रीमती यशोदा बाई मेहता की शवयात्रा निज निवास 'आदर्श नगर, से प्रारंभ हुवी अंतिम संस्कार आदर्श मुक्ति धाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया मुखाग्नि उनके पुत्र डा.दिलीप मेहता ने दी। इस दुखद घड़ी में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध जनों, तराना प्रेस क्लब और मित्रों ने शोकसभा आयोजित करते हुए मेहता परिवार के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

## पिता के मार्गदर्शन ओर स्वयं की मेहनत रंग लाई



**भौरासा।** नगर से लगे ग्राम पोलाय जागीर की रहने वाली बेटी प्रियंका यादव का सहायक प्रधानाध्यापक के पद पर चयन हुआ। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के राजेंद्र सिंह यादव जो कि नगर के माध्यमिक स्कूल के अध्यापक पद पर कार्यरत हे पिछले दिनों मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 2022 के परिणाम घोषित किए गए थे जिसमें अध्यापक यादव के बेटी प्रियंका यादव द्वारा परीक्षा में भाग लिया था घोषित हुए परिणाम के चलते प्रियंका ने अच्छे अंक प्राप्त किए जिससे उनका सहायक प्रधानाध्यापक पद पर चयनित हुआ इस सफलता का श्रेय उन्होंने अध्यापक अपने पिता राजेंद्रसिंह यादव को दिया और कहा कि पिता का मार्गदर्शन ओर परिवार का पूर्ण सहयोग मिला साथ ही कड़ी मेहनत और आपकी अपनी मंजिल न मिले तब तक उस रास्ते को न छोड़े कई प्रकार के अड़चनें आएगी पर अपनी मंजिल को पाने के लिए दृढ़ निश्चित कर सतत मेहनत करते रहना चाहिए जिससे आपकी मेहनत एक दिन सफलता का रंग दिलवाएगी ओर फिर आपकी मंजिल आपके सामने दिखेगी। क्षेत्र और ग्राम में खुशी का माहौल बना रहा

## बोहरा समाज ने मनाई ईद ईदगाह पर की गई साफ-सफाई



**शुजालपुर।** नगर सहित अंचलों में पवित्र रमजान माह के चलते इबादत का दौर जारी है। मुस्लिम समाज ने जहां गुरूवार को 29वा रोजा रखा वहीं दाउदी बोहरा समाज शुजालपुर ने ईद मनाई। गुरूवार की सुबह बोहरा समाजजनों ने सिटी स्थित मस्जिद में ईद की नमाज अता की। समाजजनों ने एक दुसरे को ईद की बधाई दी और देश में अमन चेन की दुआ की गई। इस अवसर पर बडी संख्या में बोहरा समाजजन मौजूद रहे। उधर मुस्लिम समाज द्वारा भी ईद की तैयारियां जोरों पर की जा रही है, बाजारों में गुरूवार की ईद की खरीदारी की रौनक नजर आई तो सिटी स्थित ईदगाह जहां पर मुस्लिम समाज द्वारा ईद की मुख्य नमाज अता की जाएगी वहां पर साफ-सफाई की गई और साज सज्जा भी की।



# सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- 58. विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप कौन सा है?
उत्तरः ऑस्ट्रेलिया
- एक सहस्राब्दी में कितने वर्ष होते हैं?
उत्तरः 1000
- कंगारू का घर कौन सा देश है?
उत्तरः ऑस्ट्रेलिया
- मोनालिसा का चित्र किसने बनाया?
उत्तरः लियोनार्डो दा विंची
- टेलीफोन का आविष्कार किसने किया?
उत्तरः अलेक्जेंडर ग्राहम बेल
- इंटरनेट उपसर्ग हहह का क्या अर्थ है?
उत्तरः वर्ल्ड वाइड वेब
- पृथ्वी की सतह का कितना भाग महासागर से ढका है?
उत्तरः 71%
- 1928 में पेनिसिलिन की खोज किसने की?
उत्तरः अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
- अमेरिकी ध्वज में कितने तारे हैं?
उत्तरः 50
- उस आकृति को क्या कहते हैं जिसमें पाँच भुजाएँ होती हैं?
उत्तरः पेंटागन
- कौन सी दिशा वामावर्त है, बायीं या दायीं?
उत्तरः बाएं
- समद्विबाहु त्रिभुज में कितनी बराबर भुजाएँ होती हैं?
उत्तरः 2
- पृथ्वी का सबसे ठंडा स्थान कौन सा है?
उत्तरः पूर्वी अंटार्कटिका
- बिजली की खोज किसने की?
उत्तरः बेंजामिन फ्रैंकलिन

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा आत्मनिर्भर बने और छोटी उम्र से ही अपने काम खुद करना सीखे. यह न केवल उनकी जिम्मेदारी समझने की आदत डालता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है. अगर आप भी अपने बच्चे को खुद के काम करने की आदत डालना चाहते हैं, तो इन आसान टिप्स को अपनाएं.

# अपने काम खुद करना सीखे, यह आत्मविश्वास बढ़ाता है...

हर पेरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा आत्मनिर्भर बने, लेकिन कई बार जरूरत से ज्यादा मदद करने से बच्चे में निर्भरता बढ़ जाती है. अगर 3 साल का बच्चा खुद से जूते पहनने की कोशिश करता है और माता-पिता तुरंत उसकी मदद कर देते हैं, तो वह बार-बार उनकी सहायता लेने लगेगा. जबकि, अगर उसे प्रोत्साहित किया जाए और धैर्य रखा जाए, तो वह खुद यह कौशल सीख सकता है. सही तरीके से गाइडेंस मिलने पर बच्चे छोटी उम्र से ही अपने काम खुद करना सीख सकते हैं. यहां हम कुछ आसान और असरदार टिप्स साझा कर रहे हैं, जो बच्चों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे.

## छोटे-छोटे कामों से करें शुरूआत

बच्चे को शुरूआत में छोटे-छोटे काम दें, जैसे अपने खिलौने समेटना, किताबें सही जगह रखना या खाने के बाद प्लेट सिंक में रखना. इससे वे जिम्मेदारी निभाने के लिए मोटिवेट होंगे.

## रोजमर्रा के कामों में शामिल करें

बच्चे को अपने रोजमर्रा के कामों में शामिल करें, जैसे कपड़े तह करने में मदद लेना, पौधों को पानी देना या अपनी पानी की बोतल खुद भरना. इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी.

## प्रशंसा करें और प्रेरित करें

जब बच्चा कोई काम खुद करता है, तो उसकी तारीफ करें. यह उनकी हिम्मत बढ़ाएगा और वे और अधिक काम करने के लिए प्रेरित होंगे.

## खेल-खेल में सिखाएं

अगर बच्चा किसी काम में रुचि नहीं ले रहा है, तो उसे मजेदार तरीके से सिखाएं. जैसे खिलौनों को सही जगह रखने को एक खेल बना सकते हैं या खुद से तैयार होने पर इनाम दे सकते हैं.

## धैर्य रखें और समय दें

हर बच्चा अलग होता है, इसलिए उसे आत्मनिर्भर बनने के लिए समय और प्रोत्साहन की जरूरत होती है. धैर्य रखें और धीरे-धीरे उन्हें खुद के काम करने के लिए प्रेरित करें.




## उनकी मदद करने की बजाय उन्हें खुद करने दें

अक्सर माता-पिता बच्चों के छोटे-छोटे काम भी खुद कर देते हैं, जिससे वे उस पर निर्भर हो जाते हैं . कोशिश करें कि बच्चा अपने जूते पहनना, बैग तैयार करना या खुद से कपड़े पहनना सीखें.

## गलती करने दें, लेकिन सीखने का मौका दें

अगर बच्चा कोई काम करते समय गलती करता है तो तुरंत टोकने या सुधारने के बजाय उसे खुद समझने और सुधारने का मौका दें. इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा.

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने से पहले केकेआर को झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। हर्षित को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलें चल रही थी, लेकिन शुक्रवार को यह आधिकारिक हो गया कि वह 28 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

# आईपीएल से पहले ही कोलकाता नाइट राइडर्स को लगा झटका, तेज गेंदबाज हर्षित राणा पूरे सीजन से हुए बाहर

**कोलकाता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल 2026 सीजन से पहले ही बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर हो गए हैं। हर्षित को टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप मैच के दौरान हर्षित को घुटने में चोट लगी थी जिस कारण उन्हें फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। इससे उनके रिहैब प्रक्रिया में समय लग रहा है।

**पथिराना की फिटनेस ने भी बढ़ाई चिंताः** श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की चोट ने भी केकेआर की रणनीति लड़खड़ाई है। श्रीलंका क्रिकेट ने पथिराना को लेकर कहा था, मथीशा पथिराना ने आईपीएल 2026 में भाग लेने के लिए एनओसी का आवेदन किया है। वह अभी तक फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट नहीं करा पाए हैं, क्योंकि वे चोट से उबरने के लिए रिहैब से गुजर रहे हैं। वे रिकवरी और पुनर्वास कार्यक्रम पूरा होने के बाद ही ये परीक्षण कराएंगे।



## नायर ने बताया बड़ा झटका

केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा, हमारे लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित पिछले कुछ वर्षों से टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। पिछले वर्ष से वह एक क्रिकेटर के तौर पर काफी विकसित हुए हैं। हम हर्षित को मिस करेंगे क्योंकि उनकी जगह भरना मुश्किल है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने कुछ गेंदबाजों का मूल्यांकन किया है कि कौन इस भूमिका के लिए उपयुक्त है और कौन अपनी पूरी क्षमता से यह भूमिका निभा सकता है। उम्मीद है हम कुछ दिनों में इस पर फैसला ले लेंगे।कुछ फैंस का मानन-

नवदीप सैनी, आकाश मधवाल, सिमरजीत सिंह, संदीप वारियर और केएम आसिफ कुछ ऐसे तेज गेंदबाज हैं जिन्हें इस सप्ताह ईडन गार्डन्स में अभ्यास करते हुए देखा गया। आईपीएल 28 मार्च से शुरू हो रहा है और केकेआर अपना पहला मैच 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद वह दो अप्रैल को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा।

**रहाणे ने किया वरुण का बचावः** केकेआर के मुख्य स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं लेकिन टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे का मानना है कि टी20 विश्व कप के बाद मिला ब्रेक इस स्पिनर के लिए मददगार साबित होगा। चक्रवर्ती ने विश्व कप में 14 विकेट लिए लेकिन उन्होंने प्रति ओवर 9.25 रन दिए थे। रहाणे ने कहा, मुझे वरुण की गेंदबाजी में कोई कमी नजर नहीं आती। टी20 विश्व कप में विपक्षी बल्लेबाजों ने वरुण चक्रवर्ती का बहुत अच्छी तरह से सामना किया। मुझे लगता है कि यह 10 दिन का ब्रेक उनके लिए काफी मददगार साबित होगा।

# दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाएगी भारतीय महिला टीम, तीन वनडे; एक टेस्ट मैच की होगी सीरीज

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने बताया है कि इस साल के अंत में भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और एक टेस्ट मैच की सीरीज होगी।

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम इस साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाएगी। भारतीय महिला इस दौरान एक टेस्ट मैच और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी। सीएसए ने कहा कि 20 से 23 तक गकेबरहा में एक टेस्ट मैच होगा, जबकि नौ से 15 दिसंबर तक तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। वनडे के मुकाबले पोचेफस्ट्रूम, ब्लेएमफोंटिएन और केप टाउन में खेले जाएंगे।



सीएसए ने बयान में कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ से 15 दिसंबर तक आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तहत भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इस दौरे पर 20 से 23 दिसंबर तक गकेबरहा में एकमात्र टेस्ट मैच भी खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच यह चौथी बार होगा जब टीमें टेस्ट मैच खेलेंगी।'

**ऑस्ट्रेलिया भी करेगा द.अफ्रीका का दौराः** ऑस्ट्रेलिया भी तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। ये दौरा 18 मार्च से 11 अप्रैल 2027 तक होगा। टी20 मैचों की सीरीज 18 से 23 मार्च तक खेली जाएगी। इसके बाद 27 मार्च, 31 मार्च और तीन अप्रैल को तीन मैचों की वनजे सीरीज खेली जाएगी। इस दौरे का अंत आठ से 11 अप्रैल तक एक टेस्ट मैच से होगा।

# संभावित खिलाड़ियों की तलाश आईपीएल से होगी?

**नई दिल्ली।** वनडे विश्व कप को होने में अभी एक साल से अधिक का समय शेष है, लेकिन भारत ने इसके लिए अभी से कमर कस ली है। भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयनकर्ता समिति में एसएस दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा शामिल हैं।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कर्ज से परेशान वाहन मालिक ने फांसी लगाई, पत्नी भजन में गई थी

**इंदौर।** इंदौर के रामानंद नगर इलाके में कर्ज के दबाव से परेशान एक वाहन मालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर बच्चे मौजूद थे, जबकि पत्नी भजन में गई हुई थी। लौटने पर पत्नी को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। चंदन नगर थाना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान दुलीचंद (43) पिता कालूराम राठौर के रूप में हुई है। दुलीचंद ने वाहन खरीदने के लिए लोन लिया था, लेकिन पिछले कई महीनों से वह उसकी किश्त नहीं भर पा रहे थे। बैंक की ओर से लगातार तकादा किए जाने के कारण वह तनाव में थे। घटना शाम की है। दुलीचंद घर के पीछे बने कमरे में थे। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर उनकी बेटी उन्हें देखने पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो बेटी ने दरवाजे के छेद से झांककर देखा। अंदर पिता फंदे पर लटके हुए थे। यह देख उसने तुरंत मां को फोन कर जानकारी दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजकर पोस्टमॉर्टम कराया है। मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस अब वाहन के दस्तावेजों के आधार पर फाइनेंस कंपनी और एजेंटों से पूछताछ करेगी।

### टेलीकॉलर कंपनी में काम करने वाली युवती से शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म

**इंदौर।** इंदौर में हीरानगर पुलिस ने एक टेलीकॉलर युवती की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में मुकर गया। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक 21 वर्षीय युवती की शिकायत पर अमन टिकलिया निवासी कंडिलपुरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। युवती ने बताया कि उसकी मुलाकात करीब चार साल पहले एक पारिवारिक शादी समारोह में अमन से हुई थी। इसके बाद दोनों की इंस्टाग्राम पर बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। युवती के अनुसार, अगस्त 2024 में आरोपी उसे हीरानगर क्षेत्र के एक होटल में ले गया, जहां पहली बार संबंध बनाए। इसके बाद वह अलग-अलग होटलों में कई बार उसे लेकर गया। इस दौरान दोनों ने शादी का निर्णय भी लिया और परिवारों को इसकी जानकारी दी। चूंकि दोनों एक ही समाज से हैं, इसलिए रिश्ते को लेकर बातचीत भी शुरू हो गई थी। युवती का आरोप है कि दिसंबर 2025 में आरोपी ने अचानक शादी से इंकार कर दिया। उसने कहा कि परिवार को युवती पसंद नहीं है और मकान नहीं होने की बात कहकर दूरी बना ली। इसके बाद उसने बात करना भी बंद कर दिया। युवती ने जब संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी ने फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इससे उसकी सामाजिक छवि भी प्रभावित हुई। गुरुवार को पीड़िता ने इंदौर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोबोट के हाथ तोड़े, डिस्प्ले फोड़ी ट्रैफिक मित्र पर हमला

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। ब्रिलियंट औरा चौराहे पर लगाए गए ट्रैफिक मित्र रोबोट के साथ अज्ञात बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दी, जिससे उसका संचालन बंद हो गया है। पुलिस के मुताबिक एक्रोपालिस कॉलेज के प्रोफेसर और स्टूडेंट्स द्वारा तैयार रोबोट को 10 मार्च 2026 को नगर निगम इंदौर ने ब्रिलयंट ओरा चौराहे पर स्थापित किया था। इसका जल्द ही उद्घाटन होना था, लेकिन 13 मार्च को जानकारी मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रोबोट को नुकसान पहुंचाया है। कॉलेज के प्रोफेसर इमरान बैग ने बताया कि मौके पर पहुंचकर नगर निगम जोन नंबर 7 के उपयंत्री राकेश शर्मा को जानकारी दी। वहां जाकर देखा मौके पर पाया गया कि रोबोट के हाथ और उसमें लगी डिस्प्ले को तोड़ दिया गया है। बाद में उसे चेक किया तो अंदर से डिवाईस भी गायब मिली। जिसमें पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। फिलहाल मामला जांच में है।

### 8 हजार करोड़ से ज्यादा दबाकर बैठे मध्यप्रदेश के महाडिफॉल्टर

**इंदौर।** देश भर में 'इरादतन ऋण ना चुकाने वालों' की टॉप- 10 लिस्ट में मध्य प्रदेश की कंपनियां न केवल शामिल हैं, बल्कि वे अरबों रुपए का बकाया दबाकर बैठी हैं। संसद में 2014 से लेकर 2025 तक के ऐसे लोन न चुकाने वालों की जानकारी मांगी गई थी। 27 फरवरी 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, अकेले एमपी से जुड़ी टॉप-2 कंपनियों पर ही 8,34,919 लाख (करीब 8,349 करोड़ रुपए) का कर्ज बकाया है। संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, 31 मार्च 2025 की स्थिति में देश के शीर्ष 10 डिफॉल्टरों में एमपी से जुड़ी कंपनियां इस लिस्ट में शामिल हैं। इसका रजिस्टर्ड ऑफिस इंदौर (सपना संगीता रोड) में है और मुख्य फैक्ट्री खरगोन जिले के बड़वाह में स्थित थी। कंपनी ने कई बैंकों से वर्किंग कैपिटल और टर्म लोन लिया, लेकिन उसे व्यवसाय में लगाने के बजाय अन्यत्र डाइवर्ट करने का आरोप है। इसे 2014 से ही विलफुल डिफॉल्टर की श्रेणी में रखा गया है। बैंक ने इसे 'इरादतन चूककर्ता' घोषित कर इसकी संपत्तियों को कुर्क किया है । वर्तमान में यह कंपनी परिसमापन की प्रक्रिया में है। प्रमोटरों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुगलिया परिवार के करीब 8 लोगों की दर्दनाक मौत के मामले में

# ईवी ब्लास्ट : एक दर्जन से अधिक के बयान दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के ब्रजेश्वरी एनएक्स स्थित अर्हम विला में हुए भीषण अग्निकांड में पुगलिया परिवार के करीब 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने बुधवार और गुरुवार को एक दर्जन से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं। वहीं, मनोज पुगलिया की पत्नी सुनीता, बेटे सौरभ और सबसे छोटे भाई के बयान शुक्रवार को लिए जा सकते हैं।

शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि मामले की गहन जांच के लिए विशेष दल भी सक्रिय हो सकता है।



एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के अनुसार मनोज पुगलिया, उनकी बहू सिमरन सहित कुल 8 लोगों की मौत के इस मामले में शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है।

#### आसपास के लोगों के बयान

तिलक नगर थाना पुलिस अब तक आसपास के एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है, जिनमें फायर ब्रिगेड को सूचना देने वाले लोग भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली के तारों से लगातार चिंगारियां गिर रही थीं और पटाखों जैसी आवाजें आ रही थीं। इस हादसे में पड़ोसी महेंद्र जैन ने मनोज की पत्नी और बेटों को बचाया, जिनसे पुलिस ने पूछताछ की है। इसके अलावा पड़ोसी मनोज जैन, बचाव करने वाले विजय जुनेजा और अन्य स्थानीय लोगों से भी घटना को लेकर जानकारी ली गई। अधिकांश लोगों ने बिजली के पोल से चिंगारी गिरने और आग के वाहनों तक फैलने की बात कही।

## 48वां हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन कल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आर्य समाज संचार नगर इंदौर एवं गुरु विरजानन्द वैदिक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी रविवार, 22 मार्च 2026 को 48वें हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन संतोष सभागृह, रानी सती गेट, इंदौर में आयोजित होगा। आयोजन का उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं उनके परिवारों को एक साझा और सुव्यवस्थित मंच उपलब्ध कराना है। आर्य समाज मंदिर संचार नगर के प्रधान आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार ने बताया कि सम्मेलन के लिए अब तक लगभग 500 प्रत्याशियों के बायोडाटा एवं फोटो प्राप्त हो चुके हैं। सम्मेलन की विशेषता इसकी सर्वसमावेशी प्रकृति है, जिसमें अविवाहित युवक-युवतियों के साथ-साथ विधवा, विधुर, तलाकशुदा एवं प्रौढ़ प्रत्याशियों को भी जीवनसाथी चयन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## रास्ता रोककर गर्भवती महिलाओं को किया परेशान

### ड्रम और गाड़ियों से रोका रास्ता, चार महीने तक पुलिस खामोश, इंदौर हाईकोर्ट ने दिए कार्रवाई के आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चार माह तक शिकायतों पर कोई कार्रवाई न होने से परेशान एक गर्भवती महिला ने हाईकोर्ट की शरण ली। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने थाना मल्हारगंज पुलिस को शिकायत पर विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मामला पंचकुइया रोड, रामनगर क्षेत्र का है। यहां रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाले उमेश जरवाल, दिनेश जुनवाल, महेश जुनवाल और गायत्री जुनवाल पिछले कई महीनों से उसके परिवार को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

महिला के एडवोकेट शुभम शर्मा और विकास जायसवाल के मुताबिक, याचिकाकर्ता और उसकी देवरानी दोनों गर्भवती हैं और डॉक्टरों ने उन्हें बेड रेस्ट की सलाह दी है। इसके बावजूद जब भी उन्हें डॉक्टर के पास जाना होता है, आरोपी घर के सामने पानी के ड्रम और गाड़ियां खड़ी कर रास्ता बंद कर देते हैं। इस वजह से दोनों महिलाओं को करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर ऑटो तक पहुंचना पड़ता है, जिससे गर्भपात का खतरा बना रहता है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना मल्हारगंज, डीसीपी जोन-1, पुलिस कमिश्नर और कलेक्टर को लिखित शिकायतें दी थीं, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली। इसके बाद मजबूर होकर महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को तत्काल उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एडवोकेट के अनुसार, इससे पहले भी आरोपियों ने परिवार का सामान सड़क पर रखकर रास्ता रोका था।

## युवती ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भंवरकुआ क्षेत्र में फैक्ट्री में काम करने वाली 27 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सतपाल चौहान निवासी पालदा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी पिछले कई दिनों से उसका पीछा कर रहा था। करीब एक माह पहले उसने रास्ता रोककर पसंद करने की बात कही थी, जिसे युवती ने नजरअंदाज कर दिया। गुरुवार को 24 कैरेट फैक्ट्री के पास आरोपी ने उसे फिर रोका, हाथ पकड़कर जबरन बात करने की कोशिश की और धमकी दी।

## डेढ़ लाख की नौकरी छोड़ बना चोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के एमआईजी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी और महिला से झूमाझटकी का मामला सामने आया है। आरोपी चोरी की नीयत से घर में घुसा था, लेकिन महिला के विरोध करने पर मामला खुल गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक नेहरू नगर निवासी जितेंद्र जैन ने शिकायत दर्ज कराई है। घटना 19 मार्च की दोपहर करीब 3:30 बजे की है, जब आरोपी दीपक मंडलोई उनके घर के बाहर बनी सीढ़ियों से चढ़कर अंदर घुसा। उसने गेट की कुंडी खोली और बीच वाले फ्लोर पर रखी लोहे की अलमारी से चांदी की



पायल, चार बिछिया, एक सोने की अंगूठी और एक आर्टिफिशियल रानी हार चोरी कर लिया।

इसके बाद आरोपी ऊपर की मंजिल पर पहुंचा, जहां जितेंद्र की पत्नी मौजूद थी। यहां उसने महिला के साथ झूमाझटकी शुरू कर दी। महिला के शोर मचाने पर जितेंद्र जैन मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी हाथापाई की। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपी को पकड़ लिया। पीड़ित की निशानदेही पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें चोरी किया गया पूरा सामान बरामद हो गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी दीपक मंडलोई मूल रूप से धार जिले के मनावर का रहने वाला है और इंदौर में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है। वह पास के ही एक मकान में किराए से रह रहा था। पुलिस के अनुसार दीपक एक टेलीकॉम कंपनी में करीब डेढ़ लाख रुपए महीने की नौकरी करता था। लेकिन नशे की लत के बाद वह जुएं का आदी हो गया। कर्ज बढ़ने और गलत हरकतों के चलते उसकी नौकरी चली गई। इसके बाद वह आर्थिक तंगी में आ गया और चोरी का सामान बेचकर कर्ज चुकाने की योजना बना रहा था।

## भागीरथपुरा त्रासदी: कांग्रेसियों ने आयोग को दर्ज कराए बयान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में जांच कर रहे न्यायिक आयोग के समक्ष अब कांग्रेस नेताओं ने भी अपने बयान दर्ज कराए हैं। उन्होंने इस दौरान घटना के लिए प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। मामले में सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ द्वारा गठित न्यायिक आयोग के सामने कांग्रेस नेताओं सहित सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। यह एक सदस्यीय आयोग पूर्व जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जांच कर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने अपने बयानों में पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता, निगरानी व्यवस्था और समय रहते कार्रवाई नहीं होने को लेकर प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
एं.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

786
ईद मुबारकबाद



युसूफ
इमरान
इमरान इन्टर-नेशनल टूर एण्ड ट्रेवल्स
फव्वारा चौक, उज्जैन
मोबा. 98270-45376, 98275-78671
मोबा. 94250-30616, 94250-94096
जी मार्ट फव्वारा चौक उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 95222-02232
मो. सलीम भाई (अण्डे वाले)
लाल मस्जिद चौराहा, उज्जैन,
मोबा. 99265-24305, 88783-34471

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिसोलिया
हड्डी जोड़ फ्रेक्चर, हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़



कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com